
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-55 ❑ गुरुवार, 26 मार्च 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह भाजपा का स्थापना से ही संकल्प रहा है। देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले, यह हमारी प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है। **अमित शाह**

आंध्र प्रदेश में आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 12 संदिग्ध गिरफ्तार 11

'शीश महल' जनता के साथ विश्वासघात 12

# यूपीडा ने चार कंपनियों का भूमि आवंटन किया रद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ निवेश से जुड़े नियमों का पालन न करने पर की गई कार्रवाई

लखनऊ। उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने नियमों के उल्लंघन पर चार कंपनियों को उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कारिडोर के अलग-अलग नोड्स में दिए गए औद्योगिक भूखंडों का आवंटन बुधवार को रद कर दिया है। यूपीडा ने निर्धारित समय सीमा में निवेश और रोजगार सृजन से जुड़ी कार्यवाही पूरी न किए जाने पर यह कदम उठाया है। पहले चरण में मेसर्स कुंगार्मर प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स पी-टू लाजिटेक प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ट्रैक्ट्रिक्स आप्टो डायनेमिक्स एलएलपी तथा मेसर्स मिलकोर डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के आवंटन निरस्त कर दिए गए हैं। यूपीडा के अनुसार, मेसर्स कुंगार्मर प्राइवेट लिमिटेड को वर्ष 2021 में कानपुर नोड में रक्षा वस्त्र निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई थी।

कंपनी ने कई किस्तों तथा वार्षिक लीज किराये का भुगतान नहीं किया तथा लीज निष्पादन के लगभग पांच वर्ष बाद भी भवन मानचित्र प्राधिकरण को नहीं सौंपा। इसके अलावा मेसर्स पी-टू लाजिटेक प्राइवेट लिमिटेड को वर्ष 2021 में अलीगढ़ नोड में आप्टिकल साइट्स के निर्माण के लिए भूखंड दिया गया था। कंपनी ने किस्तों के भुगतान में लापरवाही बरती और प्रस्तावित परियोजना के क्रियान्वयन में विफल रही। मेसर्स ट्रैक्ट्रिक्स आप्टो डायनेमिक्स एलएलपी को वर्ष 2021 में अलीगढ़ नोड में प्रिसिजन एवं आप्टिकल उपकरणों के निर्माण के लिए भूमि दी गई थी। चौथी कंपनी मेसर्स मिलकोर डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड को वर्ष 2021 में अलीगढ़ नोड में ग्रेनेड लान्चर निर्माण के लिए भूखंड दिया गया था। यूपीडा ने चारों कंपनियों को कई बार नोटिस जारी किए और व्यक्तिगत सुनवाई के अवसर भी दिए। आरोप है कि बकाया भुगतान न करने, भवन मानचित्र प्रस्तुत न करने, निर्माण कार्य शुरू न होने के मामलों को लेकर कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कारिडोर के तहत लखनऊ, कानपुर, झांसी, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में उन्नत रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित किया जा रहा है। यहां ● शेष पेज 11 पर

# जल जीवन मिशन में लापरवाही पर 26 इंजीनियरों पर गाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सख्ती**

❑ 26 में 12 निलंबित, चार के खिलाफ विभागीय जांच, अल्स को कारण बताओ नोटिस

लखनऊ। ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने काम में लापरवाही बरतने वाले इंजीनियरों-कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जल जीवन मिशन परियोजना के कार्यों में लेटलतीफी, लापरवाही करने वाले 26 इंजीनियरों पर निलंबन, विभागीय कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस जैसी कार्रवाइयां की गई हैं। निलंबित होने वालों में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और जूनियर इंजीनियर रैंक के 12 अभियंता शामिल हैं। वहीं चार अधिशासी अभियंताओं के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा परियोजना के कार्यों में धीमी प्रगति को लेकर तीन अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

साथ ही विभिन्न योजनाओं से शिकायत मिलने के बाद सात इंजीनियरों का तबादला कर दिया गया है। हाल के दिनों में लेटलतीफी के मामले में जल निगम कर्मियों के खिलाफ यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर जल निगम ग्रामीण के एमडी राजशेखर ने अभियंताओं के निलंबन आदेश जारी किए हैं। इन इंजीनियरों-कर्मचारियों के खिलाफ हुई निलंबन की कार्रवाईजल निगम ग्रामीण विभाग ने जिन कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है, उसमें लखीमपुर खीरी के अधिशासी अभियंता अविनाश गुप्ता, जौनपुर के अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव, गाजीपुर के अधिशासी अभियंता मो. कासिम हाशमी, चंदौली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता अमित राजपूत, चंदौली के सहायक अभियंता सीताराम यादव, बिजनौर के सहायक अभियंता अकबर हसन, औरैया के जूनियर इंजीनियर अनुराग गोयल, हाथरस के कुलदीप कुमार सिंह, आजमगढ़ के राजेन्द्र कुमार यादव, बरेली के रूप चन्द्र, बाराबंकी के जूनियर इंजीनियर अवनीश प्रताप सिंह और कुशीनगर के कार्यवाहक खंडीय लेखाकार धर्मप्रकाश महेश्वरी शामिल हैं। चार इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेशविभाग ने चार इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसमें औरैया के अधिशासी अभियंता अमन यादव, मैनपुरी के अधिशासी अभियंता अंकित यादव, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी, शामली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव शामिल हैं। इसके अलावा गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता भारत भूषण, आगरा में तैनात अमित कुमार और मीरजापुर में तैनात राजेश कुमार बरेली के रूप चन्द्र, बाराबंकी के जूनियर इंजीनियर अवनीश प्रताप सिंह और कुशीनगर के कार्यवाहक खंडीय लेखाकार धर्मप्रकाश महेश्वरी शामिल हैं। चार इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेशविभाग ने चार इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसमें औरैया के अधिशासी अभियंता अमन यादव, मैनपुरी के अधिशासी अभियंता अंकित यादव, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी, शामली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव शामिल हैं। इसके अलावा गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता भारत भूषण, आगरा में तैनात अमित कुमार और मीरजापुर में तैनात राजेश कुमार गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। शिकायत के आधार पर सात इंजीनियरों का तबादलासहायक अभियंता विपिन कुमार वर्मा को प्रतापगढ़ से चंदौली स्थानांतरित कर दिया गया है। रामपुर में तैनात मो. असजद को चंदौली, प्रदीप कुमार मिश्रा को बाराबंकी से बिजनौर, उदयराज गुप्ता को चंदौली से ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### उत्तर प्रदेश में दो दिन रहेगी राम नवमी की छुट्टी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राम नवमी पर दो दिन छुट्टी रहेगी। राज्य सरकार ने मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह फैसला किया है। राज्य सरकार के बयान के मुताबिक सरकार ने 'जनभावना के सम्मान में' 26 मार्च के साथ-साथ 27 मार्च को भी अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया है कि सरकार आस्था और परंपराओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन को भी निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। लगातार दो दिन की छुट्टी से श्रद्धालुओं को न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, बल्कि यात्रा और दर्शन भी अधिक सहज हो सकेंगे।

### यूपी में लक्ष्य के सापेक्ष 15 करोड़ लोगों की बनी आभा आईडी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. रितु माहेश्वरी ने कहा है कि प्रदेश में 24 करोड़ आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट) आईडी बनाने का लक्ष्य है, जिसमें से लगभग 15 करोड़ आईडी बनाई जा चुकी हैं। उन्होंने अधिकारियों को आभा आईडी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, इसे हेल्थ रिकॉर्ड से जोड़ने और ओपीडी, फार्मेसी व लैब सेवाओं में इसके व्यापक उपयोग पर बल दिया है। उत्तर प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बुधवार को लखनऊ, देवीपाटन और अयोध्या मंडल के लिए आयोजित सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को तेज करने की रणनीति पर चर्चा हुई। महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने कहा कि एबीडीएम का उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण और पेपरलेस स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनसंख्या के अनुरूप आभा आईडी बनवाने और उन्हें हेल्थ रिकॉर्ड से जोड़ने का कार्य सुनिश्चित करें।

### आतंकवादी संगठन के सदस्यों की सजा पर पाकिस्तान को टिप्पणी करने का अधिकार नहीं: भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने न्यायालय की ओर से दोषी साबित किए गए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सदस्यों के बारे में पाकिस्तान के बयान को सिरे से खारिज करते हुए जोर देकर कहा है कि भारतीय न्यायिक प्रक्रियाओं पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। पाकिस्तान ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के सदस्यों को भारतीय न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने की निंदा करते हुए इस पर सवाल उठाया था। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में बुधवार को कहा, '' हम पाकिस्तान द्वारा एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन और उसके सदस्यों के समर्थन में जारी किए गए बयान को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।

# पीछे हटने को तैयार नहीं ईरान

एजेंसी



❑ अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर दागीं मिसाइलें

❑ ईरान ने अमेरिका से किसी भी बातचीत को खारिज किया

तेहरान। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला भले ही कुछ दिनों के लिए रोक दिया हो, लेकिन तेहरान पीछे हटने को तैयार नहीं है। मिडिल ईस्ट में तनाव फिर से बढ़ गया है। ईरान ने दावा किया है कि बुधवार को उसने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर कूज मिसाइलें दागी हैं। ईरानी सेना ने सरकारी टीवी पर जारी एक बयान में अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जब इस स्ट्राइक ग्रुप के जहाज उनकी रेंज में आएंगे तो और भी मिसाइलें दागी जाएंगी।

ईरान की सेना ने बयान में कहा गया, ''ईरानी नौसेना की कादर कूज मिसाइलों (जमीन से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइलें) ने अमेरिका के अब्राहम लिंकन कैरियर को निशाना बनाया और उसे अपनी जगह बदलने पर मजबूर कर दिया।'' बयान में नौसेना प्रमुख एडमिरल शहरम ईरानी का भी जिक्र किया गया, जिन्होंने कहा कि इस कैरियर ग्रुप की हरकतों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जैसे ही यह दुश्मन बेड़ा हमारी मिसाइल प्रणालियों की रेंज में आएगा, ईरानी नौसेना उस पर जोरदार हमले करेगी। इससे पहले, ईरानी नौसेना ने अमेरिका को सीधी चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि उसके युद्धपोत अमेरिकी अब्राहम लिंकन पर कड़ी नजर रखी जा रही है, और यदि वह ईरानी क्षेत्र के करीब आता है, तो उस पर हमला किया जा सकता है। सरकारी प्रसारक 'प्रेस टीवी' की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शहरम ईरानी ने चेतावनी दी कि अमेरिकी अब्राहम लिंकन लगातार निगरानी में है, और यदि वह ईरान की मिसाइल प्रणालियों की सीमा में प्रवेश करता है, तो नौसेना द्वारा उसे निशाना बनाया जाएगा।

यह नौसैनिक चेतावनी तेहरान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अमेरिकी प्रभाव को व्यापक रूप से खारिज किए जाने के बाद आई है। इन अधिकारियों ने वॉशिंगटन के हालिया कूटनीतिक प्रयासों को केवल एक दिखावा करार दिया है। प्रेस टीवी ने बताया कि 'खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफागरी ने बुधवार को कहा कि अमेरिका द्वारा पहले जिस रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन किया जाता था, वह अब एक रणनीतिक हार में बदल गई है। ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तनाव कम करने के लिए उठाए गए एक महत्वपूर्ण कदम के बाद आई हैं। ट्रंप ने हाल ही में ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमला करने के लिए दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम से कदम पीछे खींच लिए थे। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच ईरानी सेना ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा तंज कसा है। ईरानी सेना के 'खातम अल-अंबिया सेंट्रल मुख्यालय' के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम ज़ुल्फिकारी ने कहा कि हमारे ● शेष पेज 11 पर

### ट्रम्प-नेतन्याहू कर रहे बातचीत का समन्वय: इजरायल

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में तीव्र होते संघर्ष में बुधवार को कोई कमी आने के संकेत नहीं दिखे तथा ईरान और इजराय के बीच मिसाइलों का ताजा हमला हुआ जबकि इजरायल ने संकेत दिया कि अमेरिका एवं उसका नेतृत्व ईरान के साथ किसी भी संभावित टकराव का संयुक्त रूप से समन्वय कर रहे हैं। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने कहा कि उनका मानना है कि डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू आपस में घनिष्ठ समन्वय कर रहे हैं, हालांकि इस बात को लेकर अस्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि ईरान के साथ बातचीत वास्तव में चल रही है या नहीं।
श्री बरकत ने इजरायली प्रसारक कान न्यूज से कहा, ''ट्रम्प एक ओर तो उनसे बातचीत कर रहे हैं लेकिन दूसरी ओर खाड़ी देशों में सेना भी भेज रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में ईरान के पास कोई अवशिष्ट क्षमता नहीं रहनी चाहिए और संतुलन पूरी तरह से अमेरिका और इजरायल के पक्ष में होना चाहिए। इजराइली सेना के रेडियो ने बताया कि ईरान ने 40 मिनट के भीतर इज़रायल पर चार मिसाइलें दागीं, जिनकी आवाज़ें तेल अवीव क्षेत्र में सुनाई दीं। इससे पहले, ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल हदेरा के पास गिरी, जहां एक बड़ा बिजली संयंत्र है। हालांकि, इज़रायल इलेक्ट्रिक कॉर्पोरेशन ने कहा कि उसकी अवसंरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। अल जज़ीरा ने स्थानीय रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि ईरान में अल्बोरज़ प्रांत के कमालशहर में एक मिसाइल हमले में कम से कम 18 लोग घायल हो गए, जिससे चार मंजिला इमारत नष्ट हो गई और पास के गोदामों को भी नुकसान पहुंचा।

**बहराइच में 136 परिवारों को आवास एवं भूमि पट्टा, योगी बोले—**

# बिना भेदभाव सबका पुनर्वास सरकार की प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के मिहिरपुरवा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास हेतु भूमि के पट्टों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए धनराशि डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बहराइच की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए इसे सुहेलदेव के शौर्य की धरती बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव का पराक्रम आज भी समाज को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा उपेक्षित रहे करीब 500 परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार सेवा और संवेदना के आधार पर बिना किसी भेदभाव के 25 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए कार्य कर रही है। श्री योगी ने कहा कि सरकार जाति, पंथ या संप्रदाय के आधार पर नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद को परिवार का हिस्सा ● शेष पेज 11 पर

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जमानत मंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जमानत मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट दाखिल होने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं होगी। यह फैसला उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने दोपहर को सुनाया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत देते हुए कई शर्तें भी लगाई है। सबसे अहम शर्त यह है कि दोनों पक्ष (शंकराचार्य और आशुतोष) मीडिया में बयानबाजी नहीं करेंगे और इंटरव्यू नहीं देंगे। अगर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो दूसरा पक्ष जमानत कैंसिलेशन ● शेष पेज 11 पर

# संशोधित 'उड़ान' योजना के लिए 28,840 करोड़ मंजूर

एजेंसी



❑ 100 नए एयरपोर्ट और 200 हेलीपैड के लिए सरकार ने खोला खजाना, 10 साल में बनेंगे 100 नये हवाई अड्डे

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को 28,840 करोड़ रुपये की लागत से 10 साल की 'संशोधित उड़ान' योजना को मंजूरी प्रदान की जिसके तहत देश में 100 नये हवाई अड्डों और 200 आधुनिक हेलीपोर्ट का निर्माण किया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी।

उल्लेखनीय है कि छोटे तथा मझौले शहरों को देश के हवाई नेटवर्क में शामिल करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) 'उड़ान' की शुरुआत साल 2016 में की गयी थी और पहली फ्लाईट दिल्ली से शिमला के बीच अप्रैल 2017 में शुरू हुई थी। इसके तहत 95 नये हवाई अड्डों की शुरुआत की गयी है जिनमें ज्यादातर पुरानी हवाई पट्टियों और उपेक्षित हवाई अड्डों को विकसित करके बनाये गये हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि उड़ान योजना में 1.62 करोड़ लोगों ने रियायती दरों पर यात्रा की है। वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 के लिए मंजूरी नयी योजना में चार करोड़ यात्रियों का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि आठ साल में 100 नये हवाई अड्डों का विकास चैलेंज मोड में किया जायेगा। राज्य बतायेंगे कि किन शहरों को शामिल करना चाहते हैं। उसके लिए जमीन, वन एवं पर्यावरण संबंधी मंजूरी आदि मुहैया कराने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होगी। केंद्र सरकार हवाई अड्डों के विकास के लिए कुल 12,159 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता देगी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि सभी 100 हवाई अड्डे पुरानी हवाई पट्टियों को विकसित करके ही बनाये जायेंगे। इससे 120 नये शहर 'उड़ान' में शामिल होंगे। 'उड़ान' हवाई अड्डों के संचालन एवं रखरखाव के लिए केंद्र सरकार पहले तीन साल अधिकतम 3.06 करोड़ रुपये सालाना प्रति हवाई अड्डा मदद देगी। प्रत्येक हेलीपोर्ट या वाटरड्रम के लिए सालाना 90 लाख रुपये की मदद तीन साल तक मिलेगी। अगले आठ साल में इस मद में 2,577 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। आठ साल में कुल 200 नये हेलीपोर्ट के निर्माण की भी योजना है। हर हेलीपोर्ट के लिए 15 करोड़ रुपये की मदद दी जायेगी। इस पर 3,661 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। उड़ान में अधिकतम किराया सीमित होने से विमान सेवा कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए 10 साल में 10,043 करोड़ रुपये का आवंटन किया जायेगा। पहले दो साल रूट आवंटन के समय तय वीजीएफ का शत प्रतिशत दिया जायेगा। बाद में तीसरे चौथे और पांचवें साल में वीजीएफ कम किया जायेगा और इसके बाद इसे समाप्त कर दिया जायेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए एचएएल से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पवन हंस के लिए दो ध्रुव हेलीकॉप्टर और सरकारी विमान सेवा कंपनी अलायंस एयर के लिए दो डॉर्नियर विमान खरीदे जायेंगे। इसके लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### सरकार ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान योजना की अवधि पांच वर्ष तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** सरकार ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान (आईवीएफआरटी) ● शेष पेज 11 पर

**सर्वदलीय बैठक में सरकार ने दिलाया भरोसा**

# भारत के पास पर्याप्त ऊर्ज़ा भंडार

एजेंसी



नई दिल्ली। संसद के मौजूदा बजट सत्र के बीच केंद्र सरकार ने बुधवार (25 मार्च) को एक सर्वदलीय बैठक की, जिसमें पश्चिम एशिया के हालात और उसके भारत पर प्रभाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सरकार ने भरोसा दिलाया कि भारत के पास पर्याप्त ऊर्ज़ा भंडार हैं और कई जहाज अभी रास्ते में हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और विदेश सचिव विक्रम मिस्री मौजूद थे। इनके अलावा वामिज्य मंत्री पीयूष गोयल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इस बैठक में मौजूद थे।

अन्य पार्टियों के नेताओं में कंग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर एवं मुकुल वासनिक तथा कई अन्य नेता शामिल हुए। इनके अलावा उख्कके सस्मित पात्रा, ललन सिंह, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और जॉन ब्रिटास भी इस बैठक में मौजूद थे। कंग्रेस पार्टी और जनसेना पार्टी के नेता भी सर्वदलीय बैठक में शामिल थे। खास बात यह है कि तृणमूल कंग्रेस का कोई भी प्रतिनिधि बैठक में मौजूद नहीं था। ट्डब्ए सांसद सौगत रॉय ने बताया कि पार्टी बैठक में शामिल नहीं हो सकी, क्योंकि पार्टी का कोई भी नेता दिल्ली में उपलब्ध नहीं था।

बता दें कि विपक्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य के बाद इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक की मांग उठाई थी। कंग्रेस और कई अन्य विपक्षी दल पश्चिम एशिया युद्ध और इसके भारत पर प्रभाव को लेकर सरकार से लगातार सवाल कर रहे हैं। राज्यसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए अधिकार संपन्न ● शेष पेज 11 पर

### भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं :सरकार

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है। एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की ● शेष पेज 11 पर

# सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है: ए. के. शर्मा

❐ नगर विकास मंत्री गुरुवार को मऊ जनपद के नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में आयोजित जिला सहकारी बैंक के चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभाग किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ जनपद के नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में आयोजित जिला सहकारी बैंक के चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने सहकारिता आंदोलन की महत्ता पर जोर देते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया।

अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने आनंद (गुजरात) की बनास अमूल डेयरी का उदाहरण देते हुए कहा कि सहकारिता की ताकत से किस प्रकार एक क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त बन सकता है।उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आनंद के जिलाधिकारी के रूप में उन्होंने सहकारिता की शक्ति को बहुत करीब से देखा है। यदि पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग की भावना के साथ कार्य किया जाए तो सहकारिता कभी असफल नहीं हो सकती।मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि बनारस की तर्ज पर पूर्वांचल में भी बनास डेयरी स्थापित करने की दिशा में प्रयास जारी हैं और शीघ्र ही इस क्षेत्र में एक नई डेयरी स्थापित की जाएगी, जिससे किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी।घोसी चीनी मिल का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि घ्घोसी चीनी मिल का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता।ङ्क उन्होंने बताया कि हाल ही में कैबिनेट बैठक में उन्होंने मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से इसके लिए फंड की मांग की थी, जिसके लिए उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया है।घ्फंड मिलते ही चीनी मिल का आधुनिकीकरण किया जाएगा।मंत्री श्री शर्मा ने कुछ लोगों द्वारा विकास कार्यों में बाधा डालने की कोशिशों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि घ्कुछ लोग शांत पानी में पत्थर मारकर लहर पैदा करने की राजनीति करते हैं।ङ्क उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसी नकारात्मक राजनीति का समर्थन न करें और विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ें।उन्होंने यह भी बताया कि मऊ अब विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसे कोई रोक नहीं सकता। टी-सीरीज द्वारा मऊ महादेव पर शूटिंग के लिए किया गया अनुरोध क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।मंत्री श्री शर्मा ने आश्वासन दिया कि मऊ की सहकारी समितियों के सभी ब्रांच को सुदृढ़ किया जाएगा और उनके विकास के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय लोग एकजुट होकर विचार-विमर्श करें तो बनारस की तर्ज पर मऊ में भी अमूल-बनास डेयरी की स्थापना जल्द संभव है।कार्यक्रम में सहकारी बैंक के जिलाध्यक्ष श्री अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि सरकार के प्रयासों से प्रदेश के 50 जनपदों में संचालित सहकारी बैंकों में से 49 लाभ में हैं। मऊ का जिला सहकारी बैंक, जो पहले घाटे में था, अब सभी के सामूहिक प्रयास से लाभ में आ गया है और इस वित्तीय वर्ष में लगभग 50 लाख रुपये के लाभ की संभावना है।

# एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी जारी, पुलिस सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर, जमाखोरी से बढ़ी किल्लत

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



कोरांव, प्रयागराज। जरूरतमंद लोगों को एलपीजी गैस सिलेंडर प्राप्त करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कुछ कनेक्शन धारक अतिरिक्त सिलेंडर भरकर घरों में जमा कर रहे हैं, जिससे बाजार में किल्लत बढ़ रही है। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है।

भविष्य में संभावित कमी के डर से कई उपभोक्ता एडवांस में गैस सिलेंडर डंप कर रहे हैं। इसके अलावा, कुछ लोग लाइन में लगकर गैस सिलेंडर प्राप्त करते हैं और फिर उसे 1500 से 2000 रुपये में होटल, रेस्टोरेंट या अन्य व्यक्तियों को बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। दलाल भी सक्रिय हैं, जो कनेक्शन धारकों की पासबुक का उपयोग कर सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहे हैं।वास्तविकता यह है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी आवश्यकतानुसार ही गैस सिलेंडर ले, तो हर जरूरतमंद को आसानी से गैस मिल सकती है और लंबी कतारों से भी छुटकारा मिल सकता है।अफवाहों के कारण जनता में अनावश्यक परेशानी बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गैस की अधिक आवश्यकता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोग अभी भी लकड़ी या अन्य पारंपरिक ईंधनों का उपयोग कर खाना बनाते हैं, जिससे वहां गैस की आवश्यकता अपेक्षाकृत कम है।इसी तरह, शुरुआत में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहें फैलने से काफी लोगों ने इसे खरीदकर ड्रमों में भरकर रखना शुरू कर दिया था, जिसके कारण पेट्रोल पंपों पर कमी देखने की मिला था

## अवैध कब्जेदारो ने पाट दिया नाला ,नायब तहसीलदार ने कराई पैमाइश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत गंगागंज में प्राकृतिक रूप से बह रहे नाले को पाट दिया गया है। यह काम 25 मार्च को साहू रियल एस्टेट एवं भामिनी रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा किया गया। अब इस स्थान पर प्लाटिंग कर दिया किया जा रहा है। यही बात स्थानीय लोगो के लिए चिंता का विषय बन गई है। लोगो का मानना है कि अब दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहेंगी। राजस्व गांव सलेमपुर की गाटा संख्या 1368 में पूर्व में आवंटन कर दिया गया जा चुका है। यहां नाले हेतु तीन दीघा बंजर भूमि सुरक्षित थी । उसी भूमि को दोनों कंपनियों ने पाट कर प्लाटिंग की है। उधर जो भी आवंटी है वे निर्माण करेंगे। लेकिन उन्हें बरसात में घर के बह जाने की चिंता सताती रहेगी लोगो के अनुसार अभी तक क्षेत्र के रसूलपुर आशिक अली और ,शहजादेपुर सहित लगभग 50 गांवो का पानी इसी नाले में आता रहा है नाला पाटने के मामले को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, ब्लॉक महामंत्री राम मिलन द्वारा की ओर से उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज को दिए एक शिकायती पत्र के 26 मार्च को नायब तहसीलदार गोसाईगंज सभ्या ने लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षक के साथ मौके पर पहुंची । उन्होंने नाले की भूमि की नाप करवाने ?के बाद उसे निशान भी लगवा दिया। उन्होंने कब्जेदारो को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कब्जेदारो ने दो दिनों में चिन्हित भूमि में नाले की खुदाई नहीं की तो यह काम प्रशासन खुद करवाएगा। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की बात भी कही।इसी मौके पर रा0कि0म0 संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह ने नायब तहसीलदार से पट्टा निरस्त किए जाने की बात कही। नायब तहसीलदार की ओर इस बात का आश्वासन दिया गया ।

## नवारंभ कार्यक्रम में कक्षा एक के बच्चों का नामांकन, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

मलिहाबाद, लखनऊ,, **कैनविज टाइम्स संवाददाता** । प्राथमिक विद्यालय सरावा फरीदीपुर में बुधवार को नवारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंचार्ज अध्यापिका समीना रिज़वी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य मौजूद रहे। इस दौरान कक्षा एक में नवप्रवेशित बच्चों का नामांकन कराया गया तथा उनका स्वागत करते हुए उन्हें पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी एवं बाल वाटिका के बच्चों के अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर बच्चों ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा कविता और कहानी प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को अल्पाहार कराया गया। उत्साहपूर्ण माहौल के बीच कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने 9 बर्षीय नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।पुलिस ने मुताविक बुधवार को पीड़ित द्वारा अंशू रावत उर्फ हरिओम के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए दर्ज कराए गए मुकदमे के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताविक आरोपित पर पीड़ित द्वारा आरोप लगाया गया कि अभियुक्त द्वारा वादी के नाबालिग पुत्र के साथ अश्लील हरकत/शारीरिक दुर्व्यवहार किया गया तथा किसी को बताने पर जान-माल की धमकी दी गई। आरोपित ग्राम हरिहरपुर, थाना सुशांत गोल्फ सिटी का रहने वाला है। आरोपित ने एक नाबालिक लड़के से मंगलवार की रात अप्राकृतिक दुष्कर्म व छेड़छाड़ किया। पीड़ित द्वारा बुधवार को दर्ज कराए गए के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित शटरिंग कारीगर है।

## सरायइनायत पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । प्रयागराज के गंगानगर जोन अंतर्गत सरायइनायत थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन और उच्च अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कार्रवाई करते हुए टीम ने मा0 न्यायालय एसीजेएम कक्ष-06 द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर राधेश्याम पुत्र मुन्नीलाल निवासी हबूसा मोड़ को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ धारा 323, 504, 325 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने उसे हबूसा मोड़ के पास से पकड़कर नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है।

## फाफामऊ में वांछित अभियुक्त जाबिर अली गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । प्रयागराज के फाफामऊ थाना क्षेत्र में चंदापुर मोरहू स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज में हुई घटना के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। गंगानगर जोन पुलिस ने वांछित अभियुक्त मो. जाबिर अली उर्फ जावेद को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मलाक हरहर चौराहे के पास से आरोपी को दबोचा। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित आपराधिक कानून अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तारी पुलिस आयुक्त के निर्देशन और अधिकारियों के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## नैनी पुलिस ने नकबजनी के आरोपी को दबोचा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । प्रयागराज के नैनी थाना पुलिस ने चोरी और नकबजनी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0 296/24 धारा 457/380 भादवि से जुड़े मामले में शनि उर्फ दिलेश्वर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कीडगंज क्षेत्र की एक कबाड़ की दुकान से पकड़ा गया। अभियुक्त मूल रूप से मिर्ज़ापुर जनपद का निवासी बताया गया है और लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया।

## प्रयागराज में एसीपी सुनील सिंह का कथित धमकी भरा ऑडियो वायरल, छात्र नेता को डराने का आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । प्रयागराज में एक पुलिस अधिकारी का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस विभाग में हलचल मच गई है। वायरल ऑडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि इसमें सुनील सिंह एक छात्र नेता को धमकाते हुए सुनाई दे रहे हैं।जानकारी के अनुसार, सुनील सिंह वर्तमान में यमुनानगर जोन के करछना क्षेत्र में एसीपी पद पर तैनात हैं। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर छात्र नेता को सख्त लहजे में चेतावनी दी जा रही है, जिससे यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है।हालांकि, इस वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और इसकी सत्यता की पुष्टि हम नहीं करते। बावजूद इसके, सोशल मीडिया पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।मामले को लेकर अब निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है। यदि ऑडियो सही पाया जाता है, तो यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर सकता है। फिलहाल संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता की मांग कब्जा न हटने रास्ता हुआ सकरा

❐ पटरियों की मिट्टी भी कटी, लोगों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददात



कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव विकास खंड में बडोखर से मानपुर (पुरवा) गांव होते हुए ककरहा, मध्य प्रदेश तक जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग लंबे समय से अत्यधिक खराब स्थिति में है। इस जर्जर सड़क के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, जिससे बारिश होने पर पानी जमा हो जाता है। इससे वाहनों के पुर्जे खराब हो रहे हैं और राहगीर घायल भी हो रहे हैं। आवाजाही में काफी समय लगता है और झटकों के कारण लोगों को कमर व घुटनों संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है। यहां भैंस, गाय और बैल बांधे जाते हैं, जिससे पटरियों की मिट्टी कट गई है और रास्ता संकरा हो गया है। कुछ स्थानों पर अस्थायी ढाँचे लगाकर भी अतिक्रमण किया गया है।इस मामले की शिकायत पूर्व में कई बार जनसुनवाई पीजी पोर्टल पर की जा चुकी है। हालांकि, लोक निर्माण विभाग ने केवल कागजी खानापूर्ति कर मामले का निस्तारण कर दिया, लेकिन अतिक्रमण हटवाने में विफल रहा।हाल ही में कुछ दिनों पहले सड़क पर कुछ जगहों पर सफ़ेद गिट्टी डाली गई थी, लेकिन उसे समतल नहीं किया गया, जिससे आवाजाही की परेशानी और बढ़ गई। ग्रामीणों ने सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग से शिकायत कर गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप कार्य कराने, अतिक्रमण हटवाने और पटरियों पर मिट्टी डलवाने की मांग की है।

# रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल प्रणजीव सक्सेना द्वारा संरक्षा निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण परियोजनाओ के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम निरन्तर जारी है। इसी क्रम में, वाराणसी मंडल के भटनी-औंड़िहार रेलखण्ड पर पिवकोल-सलेमपुर-लाररोड (14.51 किमी) रेल खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त आज 25 मार्च,2026 को रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल प्रणजीव सक्सेना द्वारा संरक्षा निरीक्षण किया गया । इस निरीक्षण में उनके साथ पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण) श्री अभय कुमार गुप्ता,मंडल रेल प्रबंधक(वाराणसी) श्री आशीष जैन सहित मुख्यालय, मंडल तथा रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे ।

रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल श्री प्रणजीव सक्सेना ने अपने निरीक्षण का आरंभ लाररोड रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण के अनुरूप इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग,संरक्षा गेयरों के बदलाव,वी डी यू स्टेशन पैनल,रिले रूम के एक्सटेंशन,इंटीग्रेटेड पावर सिस्टम, ऑप्टिकल फाईबर रूम,यार्ड में पड़ने वाले समपार फाटकों 15 पध्य एवं 14 उ1 के दोहरीकरण के अनुरुप विस्तार तथा स्टेशन पर दोहरीकरण के अनुरूप प्लेटफार्मों एवं पैदल उपरिगामी पुल के क्लियरेंस तथा मानक सूची और उपलब्धता के अनुसार यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके पश्चात पॉइन्ट 104 उ तथा किमी सं-17/4-5 पर माइनर ब्रिज 24 ट्रैक की मानक दूरी एवं ड्रेनेज का निरीक्षण किया। इसके पश्चात वे मोटर ट्राली से लाररोड -सलेमपुर रेल खण्ड का निरीक्षण करते हुए किमी 16/1 पर समपार सं-12 पध्य पर सडक की लेवलिंग,किमी सं-14/5-6 पर रेल अंडर ब्रिज के प्री कास्ट आर सी सी बॉक्स का, किमी सं- 12/9 पर समपार सं-10 उ2 के अपग्रेडेशन का,किमी सं-12/2 पर माइनर ब्रिज सं-16 के लेवल का,किमी सं-11/2-3 पर समपार सं-9 ए एवं स्विच एक्स्टेन्शन जॉइंट का संरक्षा निरीक्षण करते हुए सलेमपुर स्टेशन पहुंचे । सलेमपुर स्टेशन पर दोहरीकरण सह विद्युतीकरण के अनुरूप स्टेशन के उपकरणों के बदलाव एवं यात्रियों की सुरक्षा के प्रबंध का निरीक्षण किया ।

# संपत्ति कर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ नगर निगम ने शिकंजा कसना किया शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। संपत्ति कर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ नगर निगम ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस क्रम में कोतवाली जोन के आदि विश्वेश्वर (कुंडी नगर टोला) स्थित भवन संख्या सी.के. 39/24-25 को कुर्क कर दिया है। वहीं पांच दिनों में अवशेष 20,26,237 रुपये का भुगतान न करने पर उप्र नगर निगम अधिनियम की धारा 513 एवं 514 के तहत नीलामी करने की चेतावनी दी है । इस भवन का स्वामित्व मरकजी दारुल उलूम वगैरह के पास है।

आदि विश्वेश्वर स्थित भवन संख्या सीके 39/24-25 पर कुल 24,16,237 रुपये की धनराशि बकाया थी। निगम द्वारा पूर्व में जारी अधिग्रहण वारंट के अनुपालन में अब तक महज 3,90,000 रुपये ही वसूल किए गए हैं । बार-बार नोटिस दिए जाने और संपर्क किए जाने के बावजूद भवन स्वामियों ने शेष 20,26,237 रुपये का भुगतान नहीं किया गया। नगर निगम ने भवन स्वामी के हठधर्मिता को देखते हुए कुर्की की कार्रवाई की है। कुर्की अवधि के दौरान उक्त संपत्ति का हस्तांतरण, विक्रय, गिरवी रखना या किसी भी प्रकार का बाध्यकारी अनुबंध करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सहायक नगर आयुक्त व जोनल अधिकारी (कोतवाली जोन) ने भवन स्वामी को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अगले पांच दिनों के भीतर संपूर्ण बकाया राशि कार्यालय में जमा नहीं की गई, तो अधिनियम की धारा 513 एवं 514 के तहत संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यही नहीं राजस्व निरीक्षक आलोक भट्टाचार्य को इस वारंट के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## अब महज पांच दिनों का मौका, अब चूके तो सरचार्ज का दंड

वाराणसी। नगर निगम की ओर से जलकर पर सरचार्ज माफी की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो रही है। ऐसे में भवन स्वाणमियों के पास अब महज पांच दिनों का और समय बचा हुआ है। इसके बाद भी गृहकर, जलकर सीवरकर जमा न करने पर निगम सरचार्ज के साथ वसूली करेगी। यही नहीं बड़े बकायेदारों के खिलाफ निगम कुर्की भी करने की चेतावनी दी है। ऐसे में बकायेदारों के पास अब भी मौका है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शहर के सभी सम्मानित भवन स्वासमियों से 31 मार्च तक गृहकर, जलकर, सीवरकर जमा करने की अपील की है। नगर निगम आगामी 31 मार्च तक सभी जोनल कार्यालयों पर स्थित टैक्स कलेक्शन सेंटर और संबंधित कार्यालय शाम 7:00 बजे तक खोलने का निर्णय लिया है। ऐसे में नगर निगम मुख्यालय और जोनल कार्यालयों के टैक्स विभाग में निर्धारित अवधि में बकाया कर जमा किया जा सकता है, नहीं तो अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बिल में पिछला समस्त बकाया ब्याज सहित जोड़कर वसूला जाएगा। इसके अतिरिक्त करेत्तर मदों जैसे दुकानों के किराए और लाइसेंस शुल्क के भुगतान में देरी होने पर नगर निगम ने बेहद सख्त कदम उठाया है, जिसके तहत मूल धनराशि पर सीधा 50 प्रतिशत विलंब शुल्क लगाया जाएगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने भवन स्वनमियों से अंतिम समय की भागदौड़ और भारी जुर्माने से बचने के लिए तत्काल अपने करों का भुगतान करने की अपील की है। वर्तमान में भवन स्वामियों के पास जलकर के सरचार्ज में छूट पाने का यह आखिरी सुनहरा मौका है।

## लोडर पलटने से किसान पथ पर लगा जाम

लखनऊ । सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में खुर्दही बाजार के पास बुधवार की दोपहर एक ट्रक लोडर किसान पथ पर मुड़ते समय आचानक पलट गया। जिसकी वजह से किसान पथ पर जाम लग गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन बुलवाकर लोडर ट्रक को सड़क से हटाया। जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। इस बीच करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा।

## फाफामऊ कोल्ड स्टोरेज हादसे में पूर्व मंत्री अंसार अहमद 'पहलवान' गिरफ्तार

प्रयागराज । जिले के फाफामऊ क्षेत्र में हुए कोल्ड स्टोरेज हादसे ने अब कानूनी मोर्चे पर बड़ा रूप ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे अंसार अहमद उर्फ 'पहलवान' को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस के मुताबिक, अंसार अहमद को इस मामले का मुख्य आरोपी माना जा रहा है और संबंधित कोल्ड स्टोरेज का मालिक भी बताया जा रहा है। हादसे में गंभीर लापरवाही और जानलेवा परिस्थितियों के आरोप सामने आने के बाद उनके खिलाफ हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उनके बेटे मंजूर इलाही और भतीजे अलाउद्दीन को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की। फाफामऊ थाने में दर्ज एफआईआर में 7 लोगों को नामजद और 5 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है।पुलिस ने आरोपियों को भदरी रेलवे ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। मौके से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी और कोल्ड स्टोरेज से जुड़े अहम दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं, जिनकी जांच के आधार पर प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है।प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग जांच टीमें गठित की हैं। तकनीकी और कानूनी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसा लापरवाही का नतीजा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण।


## सूचना

मेरे बेटे के कक्षा 05 के स्कूल रिपोर्ट कार्ड पर उसका नाम हैपी सिंह लिखा है। जबकि उसका पूरा और सही नाम हैपी सिंह बेडवाल है और यही नाम उसके आधार कार्ड पर भी अंकित है। उसे हैपी सिंह बेडवाल के नाम से ही जाना और पहचाना जाता है।

बिजेंद्र सिंह बेडवाल पुत्र दर्शन सिंह बेडवाल निवासी-660/ZH/K-113-3 नगर रोड कुर्सी रोड रामबाग कॉलोनी गुडंबा लखनऊ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना: ओटी-22-2025

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: ओटी-22-2025, कार्य का विवरण: महराजगंज–मसरख नई लाइन परियोजना के अन्तर्गत महराजगंज स्टेशन में नई बिल्डिंग, प्लेटफार्म संख्या 2, एफओबी, एप्रोच रोड, मशीन साइडिंग, लेवल क्रासिंग -6 के अण्डरपास और सर्कुलेटिंग एरिया का विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 52,21,025.76, बयाना राशि: ₹ 1,04,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 15-04-2026 को 15:00 बजे।

**नोट:** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण गोरखपुर

मुजाधि / विद्युत-317

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में सख्ती, लापरवाही पर कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई, जिसमें कई गंभीर लापरवाहियां सामने आईं।जिलाधिकारी ने ख्वघ्एक्ट्ट पोर्टल पर पूरे वित्तीय वर्ष में एक भी बाल मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज न होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए बहरिया, रामनगर, चाका, सैदाबाद, कोराव, कौड़ीहार और सोरांव के चिकित्सा अधीक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यक्रम की मॉनिटरिंग में लापरवाही पर डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।आशाओं से बाल मृत्यु की सही रिपोर्टिंग न लेने पर डीसीपीएम अशफाक अहमद का वेतन रोकने के आदेश दिए गए। वहीं, एचबीएनसी विजिट में लापरवाही पाए जाने पर कोराव, करछना, बहरिया, उरुवा और फूलपुर के बीसीपीएम तथा शंकरगढ़, उरुवा, सैदाबाद, कौंधियारा, हंडिया, धनुपुर, चाका और बहादुरपुर के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का निर्देश दिया गया।ब्लॉक स्तरीय टीकाकरण समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहने पर भी कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्ड बनवाने के लिए आईसीडीएस विभाग को विशेष निर्देश दिए। साथ ही, सभी पात्र लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड जल्द से जल्द बनाने के लिए स्वास्थ्य, पूर्ति और अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अगले दिन शाम तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए।

## ओठगी तरहार पंचायत में विकास कार्यों पर उठे सवाल, आरटीआई से खुल सकती हैं गड़बड़ियों की परतें

प्रयागराज । जिले के यमुनानगर क्षेत्र स्थित बारा तहसील के विकासखंड शंकरगढ़ की ग्राम पंचायत ओठगी तरहार में वर्ष 2020 से 2025 तक कराए गए विकास कार्यों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव में कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और खर्च को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।गांव निवासी मंगला प्रसाद तिवारी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन दाखिल कर पंचायत में हुए सभी विकास कार्यों का पूरा आय-व्यय विवरण मांगा है। यह आवेदन रजिस्ट्री के माध्यम से जन सूचना अधिकारी, विकासखंड शंकरगढ़ को भेजा गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि कई कार्य कागजों में पूरे दिखाए गए, जबकि धरातल पर अधूरे हैं। गांव में बना अमृत सरोवर अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है, जबकि उस पर खर्च दर्शाया जा चुका है। वहीं गौशाला निर्माण में भी अनियमितताओं के आरोप हैं—दीवारों में दरारें और घटिया सामग्री के उपयोग की बात सामने आ रही है।इसके अलावा सड़क, नाली, खड़ंजा, शौचालय, आवास और सामुदायिक भवन जैसी योजनाओं में लाखों रुपये खर्च दिखाए गए हैं, लेकिन कई कार्य अधूरे या खराब गुणवत्ता के बताए जा रहे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | **00292026 दिनांक 24.03.2026** |
| 2 | निविदा संख्या | **24-Sr.DEN-II-LKO/2025-26** |
| 3 | **कार्य का नाम :** Sr. ADEN-RBL के अंतर्गत JNH-ZBD खंड में KJTW, SPPR, WRGN, VNN, KTWR, JUA Halt स्टेशन पर सेवा भवनों, पीएफ सतह, शौचालय, जल आपूर्ति और एलसी गुमटी, सड़क सतह, बाड़ की मरम्मत एवं गौरीगंज स्टेशन खंड में T.S.S GNG नई नाली का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 1,01,99,100.53 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 2,04,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 10 माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | 02.04.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | **www.ireps.gov.in** |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1001/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एडीसीपी ने रहीमाबाद में नवनिर्मित पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

❒ नई पुलिस चौकी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी: एडीसीपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रहीमाबाद,लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रहीमाबाद कस्बे में नवनिर्मित पुलिस चौकी का भव्य लोकार्पण अपर पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) ऋषभ रूणवाल द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस चौकी के लोकार्पण के दौरान एडीसीपी ऋषभ रूणवाल ने कहा कि इस नई पुलिस चौकी के शुरू होने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना आसान होगा। साथ ही सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है और इसी उद्देश्य से पुलिस तंत्र को लगातार सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नई चौकी के माध्यम से क्षेत्र में गश्त व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा, जिससे अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस चौकी के निर्माण पर खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर मलिहाबाद सहायक पुलिस आयुक्त सुजीत कुमार दुबे, माल थाना प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद, रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार त्रिगुणायक, मलिहाबाद थाना के अतिरिक्त प्रभारी सुरेंद्र कुमार मिश्रा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी समेत मलिहाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, औरास के पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद समेत बड़ी संख्या में स्थानीय संभ्रांत लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## छात्र-छात्राओं की कला प्रतिभा का प्रदर्शनी में दिखा उत्कृष्ट प्रदर्शन

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल परिसर में बुधवार को कल्पना और रचनात्मकता के रंगों से सजा छात्र छात्राओं की कला प्रतिभा का आयोजित प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखा। विद्यालय की वार्षिक कला प्रदर्शनी 'मास्करेड ऑफ आर्ट' अब आम जनता के लिए खुल गई है। 24 मार्च से शुरू हुई इस प्रदर्शनी में शहर भर से अभिभावकों, विद्यार्थियों और कला प्रेमी सराहना कर रहे है।प्रदर्शनी में कला की विभिन्न शैलियों का सुंदर संगम देखने को मिला। इसमें बारीकी से बनाए गए कथकली मास्क, जनजातीय कला से प्रेरित कृतियाँ, और आधुनिक पाश्चात्य डिज़ाइन शामिल हैं, जो पहचान और संस्कृति के विषयों को दर्शाते हैं। दर्शक वारली कला की सादगी, प्राकृतिक दृश्यों की शांति, अमूर्त चित्रों की गहराई और भावनात्मक पोर्ट्रेट्स की अभिव्यक्ति का इस प्रदर्शनी का एक मुख्य आकर्षण रहा।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम कोचित्ती ने कहाः ऌजयपुरिया में हम मानते हैं कि शिक्षा केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। यह प्रदर्शनी हमारे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और संस्कृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यहाँ की हर कलाकृति प्रतिभा के साथ-साथ अभिव्यक्ति के साहस और अलग सोच को भी दिखाती है।

# चिनहट में युवक की गला रेतकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी




कैनविज टाइम्स संवाददाता।ढ

चिनहट, लखनऊ । मंगलवार दिन रात चिनहट थाना क्षेत्र के कामता चौकी अंतर्गत हरदासीखेड़ा मैदान के पास एक अज्ञात व्यक्ति कि गला रेत कर हत्या कर दी गई.. बगल में एक मोटरसाइकिल खड़ी मिली सूचना पर तत्काल चिनहट प्रभारी निरीक्षक वा चौकी प्रभारी कामता मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया.. मृतक युवक की पहचान रितेश सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह निवासी कल्याणी बिहार कॉलोनी थाना चिनहट लखनऊ हुई है चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद मिश्रा ने बताया कि मृतक के परिजनों ने हत्या की तस्वीर दी है जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है साथ ही साथ इस पूरे मामले में दो टीम में गठित कर छानबीन शुरू कर दी है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ चैती छठ महापर्व

❒ इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ सूर्य देव की पूजा-अर्चना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा लखनऊ के अमराई गांव स्थित विश्वकर्मा नगर कॉलोनी (वसुदेव डिग्री कॉलेज के पास) में पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। चार दिवसीय कठिन व्रत का समापन बुधवार प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ सूर्य देव की पूजा-अर्चना की। घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।व्रती महिलाओं के चेहरे पर आस्था और संतोष की झलक साफ दिखाई दी। परिवार के अन्य सदस्य भी इस पावन अवसर पर साथ नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।छोटे-छोटे बच्चे नए वस्त्र पहनकर उत्साह से भरपूर दिखे और पटाखे जलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे परिवार एक साथ मिलकर इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। छठ पूजा की विशेषता यह है कि इसमें सूर्य देव के साथ-साथ प्रकृति की भी पूजा की जाती है, जिसमें फल, सब्जियां और गन्ने का विशेष महत्व होता है।कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक सनी शाह, कन्हैया प्रसाद, दिलीप प्रसाद, पवन शाह, विश्वजीत प्रसाद, मोगल प्रसाद, उपेंद्र कुशवाहा,सुरेश पंडित, धीरज, नीरज, अमित, सुमित, राजू कुशवाहा, प्रद्युम्न, प्रदीप गौर, अवकाश शुक्ला, बृजेश दुबे, संतोष गौर सहित अन्य स्थानीय लोगों का विशेष योगदान रहा।इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# राजधानी में पार्क सुंदरीकरण कार्य पर उठे सवाल घटिया सामग्री के आरोप में स्थानीय लोगों का विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । इंदिरा नगर क्षेत्र के तकरोही स्थित महामाया नगर, अंबेडकर पार्क (जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है) में चल रहे सुंदरीकरण कार्य को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने ठेकेदार पर घटिया गुणवत्ता की सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।स्थानीय लोगों के अनुसार, पार्क में निर्माणाधीन दीवार और पैदल मार्ग (वॉकवे) के निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि दीवार की नींव में न तो पर्याप्त गिट्टी डाली गई है और न ही मजबूत मसाले (सीमेंट-कंक्रीट) का सही इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा, दीवार के ऊपर भी किसी प्रकार की मजबूत लेयर या फिनिशिंग नहीं की जा रही, जिससे उसकी मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।मौके पर मौजूद स्थानीय पुरुषों और महिलाओं ने एकजुट होकर ठेकेदार से बातचीत की, लेकिन आरोप है कि ठेकेदार ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने साफ तौर पर कहा कि ऌजो करना है कर लो, काम ऐसे ही चलेगा।ङ्कइस घटना के बाद क्षेत्रीय निवासियों में नाराजगी और बढ़ गई है। उनका कहना है कि सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और घटिया निर्माण से पार्क की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराकर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है।अब देखना होगा कि नगर निगम और संबंधित विभाग इस मामले पर क्या कार्रवाई करते हैं और स्थानीय लोगों की शिकायतों को कितनी गंभीरता से लिया जाता है।

## कानपुर बाईपास चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, पुलिस टीम की मेहनत लाई रंग



**दुबग्गा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के कानपुर बाईपास चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार सख्त और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस क्रम में टी एस आई अमर चन्द्र यादव के नेतृत्व में चौराहे की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। जिससे आम लोगों को काफी राहत मिलती नजर आ रही है ।टीम द्वारा न केवल यातायात को नियंत्रित किया जा रहा है। बल्कि आसपास खड़े अवैध वाहनों पर भी सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। आधे-अधूरे और गलत तरीके से खड़े वाहनों पर शिकंजा कसते हुए कई वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई ।इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट। बिना सीट बेल्ट और अन्य यातायात नियमों का पालन न करने वाले सैकड़ों वाहन चालकों का चालान किया गया। इस सख्ती का असर यह हुआ कि चौराहे पर यातायात व्यवस्था पहले से अधिक व्यवस्थित और नियंत्रित दिखाई दी ।इस कार्य में अमरचंद यादव के साथ सिपाही वीरपाल सिंह, मनीष त्रिपाठी, सिपाही और होमगार्ड की टीम ने भी कड़ी मेहनत की। सभी की संयुक्त कोशिशों से क्षेत्र में ट्रैफिक सामान्य होता नजर आया और लोगों को जाम से राहत मिलते नज़र आ रही है।

## एनएसएस विशेष शिविर में विद्यार्थियों को दी गई आपराधिक कानून की जानकारी, निकली जागरूकता रैली

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिया पीजी कॉलेज के विशेष शिविर के छठे दिन बुधवार को प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी एवं निदेशक लीगल एड क्लीनिक डॉ. वहीद आलम ने स्वयंसेवकों को आपराधिक कानून से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. सुधाकर वर्मा ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्यों से अवगत कराया। संगोष्ठी के उपरांत कानूनी जागरूकता को लेकर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्वयंसेवकों ने आमजन के बीच जाकर विभिन्न कानूनों से संबंधित जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया।

## मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के बाद हुआ 151 कन्याओं का पूजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरल केयर फाउंडेशन और शांति फाउंडेशन की तरफ से नंदौली गांव में कन्या पूजन और निगोहां पुलिस के द्वारा मिशन शक्ति की तरफ लड़कियों को सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। नन्दौली गांव की प्रधान रीना सिंह और पूर्व बीडीसी वंदना सिंह ने मिशन शक्ति टीम को माला पहनाकर सम्मानित किया। तो वहीं सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह ने सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया। वहीं इस मौके पर मिशन शक्ति अभियान के तहत निगोहां थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर गायत्री, सिपाही बॉबी ने स्कूली लड़कियों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी। मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के बाद 151 लड़कियों का कन्या पूजन किया गया। कन्याओं को भोग लगाकर उनका पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आईपी सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राम बहादुर, राजेश रावत, वंशीलाल, अनूप सिंह और गजेन्द्र प्रताप सिंह सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इस्लामिया डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** यातायात पुलिस उपायुक्त महोदया के निर्देशन में अमीरुद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज, लखनऊ में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के सभागार में एनएसएस के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित हुआ, जिसमें करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।कार्यशाला के मुख्य अतिथि टीआई हजरतगंज श्री उदय प्रताप सिंह रहे, जबकि ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क से सेफ्टी ट्रेनर सुमित मिश्रा ने भी छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान रोड साइन, रोड मार्किंग और ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। टीआई उदय प्रताप सिंह ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलशाद अहमद अंसारी, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर तबस्सुम खान तथा अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। सभी वक्ताओं ने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग दें।

# कलश यात्रा के साथ घोड़सारा में आज से गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । बहरौली क्षेत्र के कल्याण खेड़ा मजरा घोड़सारा गांव में आज से भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

कथा की मुख्य आयोजक रामेश्वरी वर्मा हैं, जिनके नेतृत्व में कथा आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कथा का वाचन प्रख्यात कथावाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज द्वारा किया जाएगा, जो सुंदर झांकियों और भक्तिमय प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथावाचक ने बताया कि कलश यात्रा के साथ कथा का विधिवत शुभारंभ होगा और सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और जीवन के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु कथा को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# चिनहट के छोहरिया माता मन्दिर में 28 मार्च को आयोजित होगा 26वाँ निर्धन बेटियों का सर्वजातीय विवाह समारोह

❒ 105 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ब्याह छोहरिया माता मंदिर में कराओः लल्ला बाबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । चिनहट मां सिद्धिदात्री छोहरिया शक्तिपीठ ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26वां निर्धन बेटियों का सर्वजातीय विवाह छोहरिया माता मंदिर चिनहट में 28 मार्च 2026 दिन शनिवार को संपन्न होगा।

विवाह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है दानदाताओं और भक्तों का सहयोग मंदिर प्रबंधन को लगातार मिल रहा है है।मंदिर के महंत लल्ला ने बताया कि जिनके बेटियां नहीं है वे लोग भी अपनी बेटी मान कर कन्या दान कर पुन्य के भागीदार बन सकते हैं।दिनांक 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक महा यज्ञ और शायं 5 बजे से रात 9 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन लगातार 25 मार्च 2026 दिन बुधवार तक चलती रहेगी।26 मार्च 2026 दिन गुरुवार को विशाल मां भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। 27 व 28 मार्च 2026 दिन शुक्रवार व शनिवार को भक्ति भजन, झांकी और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इसी दिन शायं को वैवाहिक समारोह में जयमाल एवं अतिथियों का आशीर्वाद नव विवाहित जोड़ों को प्राप्त होगा।सभी भक्तों ,दानदाताओं, एवं मां सिद्धिदात्री छोहरिया शक्तिपीठ ट्रस्ट की तरफ से उपहार स्वरूप निम्नलिखित वस्तुएं -साइकिल,सिलाई मशीन, स्टील बक्सा, टिफिन, बाल्टी स्टील, दीवार घड़ी,छत पंखा, स्टैंड पंखा, साड़ी,पैंट, शर्ट, डबल बेड चादर, गद्दा, कंबल,हैंड बैग, अटैची,थाली,गिलास, कटोरी, छोटी आलमारी, श्रृंगार दानी,पायल, बिछिया,6 कुर्सी का सेट,डिनर सेट, लेडीज़ पर्स, आदि नव विवाहित जोड़ों को महंत लल्ला बाबा भेंट करेंगे।बाबा ने सभी भक्तों से अपील की है कि तन मन धन से माता की सेवा में लगें और विवाह समारोह को सफल बनाएं।इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप सिंह, पूर्व प्रधान उत्तरधोना संदीप सिंह,रिंकू, समाजसेवी एवं मां छोहरिया के परम भक्त प्रभात श्रीवास्तव, मंदिर के संरक्षक शैलेन्द्र पांडेय,शैलू, उपस्थित रहे।

# नगराम के आंगनबाड़ी केंद्रों में नवारंभ उत्सव

❒ नौनिहालों की प्रतिभा ने बटोरी वाहवाही , दिया बर्तन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । बुधवार को नगराम क्षेत्र के करोरा व हसनपुर कनेरी स्थित बेसिक विद्यालय से को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में नवारंभ उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।करोरा स्थित बेसिक विद्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान सुधीर विश्वकर्मा मौजूद रहे। उनका स्वागत प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव ने फूल-मालाओं से किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव ने अभिभावकों को नवारंभ उत्सव के उद्देश्य और बच्चों के सर्वांगीण विकास में आंगनबाड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में गुमानी खेड़ा के प्रधानाध्यापक अनिल वर्मा भी मौजूद रहे। वहीं ग्राम पंचायत हसनपुर कनेरी के आंगनबाड़ी केंद्र में भी नवारंभ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान बृजेश वर्मा ने आंगनबाड़ी के लगभग तीन दर्जन बच्चों को थाली और गिलास वितरित किए, जिसकी अभिभावकों और शिक्षकों ने सराहना की। नवारंभ उत्सव के दौरान नौनिहालों ने गीत, कविता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अंत में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रयासों की प्रशंसा की गई।

## प्राथमिक विद्यालय अस्ती परिसर में शिक्षा सत्र का नवारंभ शुरू

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव अस्ती के प्राथमिक विद्यालय में आंगन बाड़ी और,बाल वाटिका का नवारम्भ उत्सव मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 के अनुसार 2030 तक तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकीकरण किया गया। इसी के आधार पर इस आयोजन मे पूर्व प्राथमिक शिक्षा बालवाटिका से 10 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। अभिभावको की स्वीकृति के साथ ही समुदाय के साथ मिलकर विद्यालय मे कक्षा 1 में प्रवेश का नवारम्भ उत्सव मनाया गया। इसके अंतर्गत 6 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 7 बच्चों माही, जानवी, ऋषभ, अविनाश, अहम्, वैष्णवी, का चिन्हांकन करके विद्यालय मे प्रवेश हेतु चुना गया । यह काम 1 अप्रैल 2026 को संपन्न होगा।नवारम्भ कार्यक्रम मे बच्चों के अभिभावको सहित ग्राम प्रधान सुमन देवी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक जगत पाल, नूर जहाँ, संगीता निगम, एस एम सी अध्यक्ष गोमती प्रसाद एवं शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा उपस्थित रहे।

# पंजा लड़ाने में दिखा दम, लखनऊ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

❒ आर्म रेसलिंग खेल हर वर्ग में तेजी से लोकप्रिय हो रहा हैः मनोज वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राजधानी में आयोजित आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गई। उत्तर प्रदेश आर्म्स रेसलिंग के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

लखनऊ के विकास नगर स्थित ह्यूमैनिटी फिटनेस जिम में लखनऊ आर्म रेसलिंग के तत्वावधान में अवध पुलर्स क्लब द्वारा पंजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जिमों के कई खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।आयोजक सौरभ ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मनोज वर्मा ने अपने कर कमलों से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिम के डायरेक्टर विशाल भी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में ऌचैंपियन ऑफ चैंपियंसङ्क का खिताब किशन यादव को प्रदान किया गया। उन्होंने न केवल अपने वर्ग के प्रतिद्वंद्वियों को हराया बल्कि अपने से अधिक भार वर्ग के खिलाड़ियों को भी कड़े मुकाबले में परास्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की।मुख्य अतिथि मनोज वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। यही कारण है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां भी प्रदान की जा रही हैं, जिससे वे अपने खेल पर फोकस कर प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि आर्म रेसलिंग एक बेहद रोमांचक खेल है जो तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस खेल में ताकत के साथ-साथ दिमाग का भी विशेष महत्व होता है।

# पुलिसिया रुख से आजिज पीड़ितों का मुख्यमंत्री कार्यालय को पैदल मार्च

❒ आरोप यह भी हैं कि थानाध्यक्ष सकरन प्रदीप सिंह के रूखे रवैए ने ही आज पीड़ितों को इस राह पर लाकर खड़ा कर दिया है।



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। क्षेत्र में बढ़ते चोरों के खौफ तथा मिटते पुलिसिया रसूख के बीच पीड़ित ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया। नतीजा यह रहा कि मजबूरन पीड़ित ग्रामीणों को आज मुख्यमंत्री कार्यालय तक के लिए पैदल मार्च करने को बाध्य होना पड़ा। पीड़ितों का आरोप है कि वे न्याय की गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं। अब वे सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर प्रशासन और पुलिस व्यवस्था के खिलाफ अपनी बात उनके समक्ष रखेंगे।

आरोप यह भी हैं कि थानाध्यक्ष सकरन प्रदीप सिंह के रूखे रवैए ने ही आज पीड़ितों को इस राह पर लाकर खड़ा कर दिया है। दरअसल क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से आपराधिक कृत्यों में हुई एकाएक वृद्धि ने क्षेत्र के ग्रामीणों में खौफ सा उत्पन्न कर दिया है। पीड़ित ग्रामीण हाथों में तख्तियां लेकर घर से निकले हैं, जिनपर लिखे स्लोगन क्षेत्र में घटित विभिन्न आपराधिक वारदातों की गवाही दे रहे हैं। लोगों में क्षेत्रीय पुलिस के थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह के खिलाफ आक्रोश है। पीड़ितों का आरोप है कि थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह अपराधियों से सांठ-गांठ के चलते मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहे। क्षेत्र में महज एक सप्ताह के भीतर मवेशी चोरी,छेड़छाड़ तथा महिलाओं से अभद्रता जैसे लगभग 1 दर्जन अपराध घटित हुए परंतु इन मामलों में अभी तक पुलिस के हांथ कोई सुराख नहीं लग सका है।

अपराधियों की जगह पीड़ित पक्ष पर ही कार्यवाही...ठीक ऐसा ही एक मामला विगत सप्ताह घटित हुआ,जब थाना क्षेत्र के ही निवासी एक पीड़िता के परिजन छेड़छाड़ की शिकायत लेकर नजदीकी थाना पहुंचे थे। पीड़ित परिजनों का आरोप है थाना परिसर में उनके साथ अभद्रता व बदसलूकी की गई,उन्हें महिला हेल्प डेस्क से लेकर कई अन्य जगहों के चक्कर लगवाते हुए लगभग 2 घंटे तक बिठाए रखा गया।मवेशी चोरी प्रकरण में पुलिस के हांथ खाली...क्षेत्र में सकरन पुलिस की गश्त को चुनौती देते हुए अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र की ही ग्राम पंचायत सुमरावाँ व सैदापुर में सिलसिलेवार तरीके से वारदातों को अंजाम देते हुए क्रमशः 80 हजार व 60 हजार के दो मवेशी(भैंस) पार कर दिए। मामले को लेकर पीड़ित किशोरी लाल ने जब थानाध्यक्ष को फोन कॉल से जानकारी देनी चाहिए तो उन्होंने पीड़ित का फोन काट दिया।क्षेत्र में घटित इन्हीं तमाम अपराधों में कोई ठोस कार्यवाही न होने के चलते ही आज ग्रामीण पैदल मार्च कर रहे हैं। कहना यह है कि मामले को लेकर अब उन्हें मुख्यमंत्री पर ही भरोसा है।

# ...जिंदगी देकर भी मां का हक़ अदा होता नहीं: रहबर प्रतापगढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां,सीतापुर। साहित्यिक संस्था बज़्म ए सुखनो अदब एण्ड वेलफ़ेयर सोसाइटी की ओर से ईद के उपलक्ष्य में मंगलवार रात में डा0 अज़हर खैराबादी के आवास पर नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अकबाल कौसर बिसवानी ने और निज़ामत इलियास चिश्ती ने की। सहबाज हैरत ने क़ुरान पाक की तिलावत से महफ़िल का शुभारंभ किया। महफ़िल में एक दर्जन से अधिक शायरों ने अपने कलाम पेश किये जिनको श्रोताओं ने बहुत पसंद किया और उन्हें खूब दाद दी।

इस मौके पर मशहूर शायर एवं कार्यक्रम के संयोजक हाफ़िज़ वसीम जहांगीराबादी ने अपनी दिलकश आवाज में अपना कलाम पेश करते हुए कहा- ''वक्त ने उनको सिमट जाने को मजबूर किया। वरना फैले तो थे मेरे अहबाब के पर।।'' बज़्म के अध्यक्ष डा0 अज़हर खैराबादी ने दिल के जज्बात कुछ इस तरह पेश किये - ''जाने कैसी है हवा कि रोशनी से दुश्मनी।जब दिया हमने जलाया आंधियां आने लगीं।'' शायर अनवर बिसवानी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- ''होती रहे हर बार शिकायत उनकी नजर से,एक उम्र कट गई है इसी इंतजार में।।'' जिस पर श्रोताओं ने खूब दाद दी। वरिष्ठ शायर एवं शिक्षक रहबर प्रतापगढ़ी ने अपने खास अंदाज में अपना कलाम पेश करते हुए कहा- ''आप अहसाँ मत जताएं हज कराने का जनाब। ज़िन्दगी देकर भी मां का हक़ अदा होता नहीं।।'' एवं ''ये भी मोबाइल का इक अदना करिश्मा है मियाँ। वक्त से पहले ही हर बच्चा सियाना हो गया।।'' बहुत सराहा गया। संचालन कर रहे लखीमपुर खीरी के शायर इलियास चिश्ती ने अपने अशार इस तरह पेश किये- ''रोते रोते संभल गयी आंखें, मौसमे दिल बदल गई आंखें। जिस जगह मैं पहुंच नहीं सकता, उससे आगे पहुंच गई आंखें।।'' लखीमपुर खीरी के ही शायर डा0 एखलाक ने शायरी पेश करते हुए पढ़ा- '' मोहब्बत के पयम्बरों ने किया था जो हूबहू किया है?। मिला न उनकी वफ़ा का धागा,जो दिल का दामन रफ़ू किया है।।' शायर आजम खैराबादी ने पढ़ा कि- '' कहाँ कोई ख़ज़ाना चाहता था,तेरे दिल में ठिकाना चाहता था। रहे हम भाइयों के बीच अनबन,यही तो बस ज़माना चाहता था।।'' इस मौके पर वरिष्ठ शायर इक़बाल कौसर बिसवानी, खुश्तर रहमानी,बशर हरगांवी, यासीन इब्ने उमर, सहबाज हैरत सहित लगभग एक दर्जन शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। नाशिस्त देर रात तक चलती रही। अंत में महद खान व खिजर खान ने बड़ी ही अच्छी तरन्नुम में कलाम पेश किया। इस मौके पर देर रात तक हाफिज शफ़कत अली खान उर्फ़ फूल मियां, सबाहुद्दीन, मास्टर जलालुद्दीन,हकीक अहमद,आरिफ अशरफी, परवीन बेगम,मनाल खान व मो0 आसिफ सहित दर्जनों श्रोता मौजूद रहे।

# विहिप अवध प्रांत की चार जिलों की विभागीय बैठक संपन्न

❒ बैठक में बताया गया कि लव जिहाद धर्मांतरण गौ हत्या ड्रग सप्लाई आदि बड़े स्तर पर योजना बनाकर कराई जाती है कार्यकर्ताओं को एवं समाज को जागरूक रहने की आवश्यकता है




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद विभाग बैठक का आयोजन एवंराम उत्सव का कार्यक्रम भव्यता के साथ किया राष्ट्रीय स्वयं संघ कार्यालय सीतापुर में किया गया जिसमें सीतापुर जिला बिसवद्य गोला लखीमपुर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रारंभ में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद देव भाई रावत प्रांत सह मंत्री प्रवीण , प्रांत संगठन मंत्री विजय सिंह, विभाग मंत्री उत्तम सिंह, ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के विकास के लिए लगातार प्रवास करना चाहिए और संगठन का कार्यकर्ता ऐसा होना चाहिए पैर में चक्कर यानी प्रवास करने वाला होना चाहिए मुंह में शक्कर कार्यकर्ता मीठा बोलने वाला चाहिए सर में ठंडा यानी कोई कुछ कहे संगठन का कार्य करते रहना हृदय में अंगार अपने पर उद्देश्य पर ध्यान रखना चाहिए सामाजिक समरसता वर्तमान समय में अन्य धर्म के लोग छुआछूत फैला के हिंदू धर्म को तोड़ने का काम कर रहे हैं यदि हमारा पर्स कोई चोरी कर ले जाए तो पर्स लाने का काम हमारा है जो हमसे बिछड़ गए हैं उनको किसी तरह अपने हिंदू धर्म में घर वापसी करनी है वर्तमान समय में गोला लखीमपुर जिले का बॉर्डर नेपाल से मिलता है इसलिए ज्यादा जागरूक रहने की आवश्यकता है लव जिहाद धर्मांतरण गौ हत्या ड्रग सप्लाई आदि बड़े स्तर पर योजना बनाकर कराई जाती है कार्यकर्ताओं को एवं समाज को जागरूक रहने की आवश्यकता है। गया सजक रहना लखीमपुर जिला अध्यक्ष विपुल सेठ, सीतापुर जिला कार्यध्यक्ष प्रमोद सिंह जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, अभिनव मिश्रा,विनीत शास्त्री,दुर्गा वाहिनी संयोजक वंदना,विभाग संयोजक प्रज्ञा सिंह , गीता सिंह नगर संयोजक दुर्गा वाहिनी, जिला मातृशक्ति संयोजिका सुनीता जायसवाल धर्माचार्य संपर्क प्रमुख विवेक जी, जिला मंत्री आशीष जी जिला सह मंत्री चंद्र कांत, कुमुद चौहान जी जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया,सहसंयोजक शिवम अर्कवंशी संगठन मंत्री सीतापुर अरविंद लखीमपुर जिला संगठन मंत्री कमलेश सिंह ,गोला संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह , बिसवा जिला के संगठन मंत्री सुधाकर शुक्ला जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव अभिनव मिश्रा जिला मठ मंदिर प्रमुख संदीप सक्सेना , जिला धर्म प्रसार प्रमुख गुड्डू त्रिपाठी,नगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा नगर उपाध्यक्ष श्याम बाबा, अजीत दीक्षित नगर मंत्री नरेश मौर्या आदि विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे ।उपरोक्त जानकारी जिला मीडिया प्रमुख त्रिपुरेश ने दी।

## राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय मंत्री को दिया पत्र, पक्का नाला निर्माण करने की मांग

शाहजहांपुर। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और शाहजहांपुर जनपद के पुवायां क्षेत्र में जल निकासी के लिए पक्के नाले के निर्माण की मांग को लेकर पत्र दिया। पत्र के माध्यम से सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को बताया कि जनपद शाहजहांपुर के पुवायां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहादुरापुर के पास नेशनल हाइवे 731 पर स्थित पुलिया के आसपास के कई गांव वारिश के पानी से प्रभावित होते हैं। इस वारिश के पानी से ग्राम गुटैया नत्थापुर के किसानों की सैकड़ो एकड़ कृषि भूमि में जलभराव एवं मिट्टी का कटाव होता है। जिससे किसानों के धान सहित अन्य फसलों का नुकसान होता है। बताया कि ग्राम नत्थापुर के प्रधान दलजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने कईबार ग्राम बहादुरापुर की उक्त पुलिया से गोमती नदी तक लगभग 700 मीटर लंबे पक्के नाले के निर्माण की मांग की गई है। इसका निर्माण क्षेत्र के किसानों के लिए बहुत जरूरी है। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने केन्द्रीय मंत्री से उक्त समस्या का जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

# भटपुरा रसूलपुर पंचायत बैठक बनी विकास और पारदर्शिता की मिसाल

❒ विकास कार्यों का लेखा-जोखा किया सार्वजनिक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में आयोजित पंचायत बैठक ने विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी की नई मिसाल पेश की है। ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर गांव के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा तय की।बैठक में ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि पंचायत में प्रतिवर्ष चार बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिनमें विकास कार्यों और ग्राम की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की जाती है। वर्तमान कार्यकाल के अंतिम चरण में आयोजित इस बैठक में पिछले पांच वर्षों के दौरान पूरे किए गए 100 विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा। इस दौरान आगामी विकास योजनाओं को लेकर एक विशेष बुकलेट भी तैयार की गई, जिसका खुले मंच पर प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने सुझाव देते हुए भविष्य में और तेज गति से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा जताई। वहीं, ग्रामवासी श्रीकांत दीक्षित और यशपाल सिंह ने कहा कि यदि इसी गति से कार्य जारी रहे, तो जल्द ही 100 और विकास कार्य पूरे कर गांव को देश की नंबर वन ग्राम पंचायत बनाया जा सकता है। बैठक में लड्डन अली और आरिफ अली ने बताया कि ईद के मौके पर आए मेहमानों ने गांव की स्वच्छता और व्यवस्थाओं की तुलना शहर से बेहतर बताई, जिससे ग्रामीणों में गर्व का माहौल है। सलीम खां और तुफैल अली ने भी कहा कि अन्य क्षेत्रों में गांव की सराहना सुनना उनके लिए सम्मान की बात है। बैठक में गांव को स्वच्छ, हरित, बाल हितैषी और महिला हितैषी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। ग्राम प्रधान ने आर्थिक लीकेज पर चिंता जताते हुए कहा कि शराब, जुआ, बीड़ी-सिगरेट और अनावश्यक कानूनी मामलों में गांव की धनराशि व्यर्थ होती है, जिसे रोकना आवश्यक है। बैठक में सभी ने एकजुट होकर गांव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व कोटेदार कयूम खां सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेसी नेताओं ने शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ने के विरोध में फूंका पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। नगर निगम परिसर में कई वर्षों से स्थापित अमर शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़ने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर निगम का घेराव कर प्रदर्शन किया और नगर निगम प्रशासन का पुतला फूंककर नारेबाजी करते हुए मेयर के इस्तीफ़े की मांग की।

इस दौरान पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता धरना देकर बैठ गए। मौके पर नगर आयुक्त विपिन मिश्रा पहुंचे। शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने नगर आयुक्त से कहा कि अगर शहीदों की प्रतिमाओं को हटाना ही था, तो इस तरह से क्यों हटाया, प्रतिमाओं को तोड़ा क्यों गया। कहा कि प्रतिमाओं को किसी भी सामाजिक संगठन या उन्हें सौंप देते, तो वो खुद उनकी उचित जगह पर स्थापना करवा देते। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि जब तक खंडित की गई मूर्तियों को उन्हें नहीं सौंपा जाता, तब तक ये लड़ाई जारी रहेगी। कहा कि खंडित मूर्तियों को उन्हें दे दिया जाए, ताकि वो उनका उचित सम्मान कर सकें अन्यथा आने वाले समय में ये लड़ाई और तेज होगी। कहा कि शहीदों के सम्मान में वो न चैन से बैठेंगे और न ही निगम के किसी भी अधिकारी को चैन से बैठने देंगे। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार, अनूप वर्मा, हरदोई जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे, बदायूं के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, बदायूं कॉर्डिनेटर सुनीता सिंह, सुरेश शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, पार्षद तालिब खान, पूनम पांडेय, तनवीर सफदर, पवन सिंह आदि तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ढखेरवा-धौरहरा मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा: मां-बेटी को रौंदा, मौके पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर, खीरी। ढखेरवा-धौरहरा मार्ग पर तकिया तालाब के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें स्कूटी सवार दो महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवानी (18 वर्ष), पुत्री रविकाश और भोली देवी (45 वर्ष), पत्नी रविकाश निवासी बुद्धा पुरवा, ढखेरवा चौराहे से इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से अपने गांव लौट रही थीं। तभी पीछे से बेलवा पुरवा सेन्टर से आ रहे गन्ना लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को पिछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि दोनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और ट्रक के पहियों के नीचे आ गई जिससे मौके पर ही उनकी दर्द नाक मौत हो गई।जानकारी अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे टक्कर के बाद दोनों महिलाएं गंभीर रूप से कुचल गईं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही ढखेरवा चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह और पढ़ुआ थाना प्रभारी दिनेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## सीतापुर में भाजपा सोशल मीडिया की कमान फिर अतुल तिवारी के हाथ



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। इसी क्रम में सीतापुर जिले के सोशल मीडिया संयोजक पद की जिम्मेदारी एक बार फिर भाजपा नेता अतुल तिवारी उर्फ भैया जी को सौंपी गई है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक के बाद यह सूची जारी हुई, जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयों का तांता लग गया है।अतुल तिवारी पूर्व में हिंदू युवा वाहिनी और बजरंग दल से जुड़े रहे हैं तथा एक सक्रिय हिंदूवादी नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। नियुक्ति की खबर सामने आते ही जिले के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें लगातार शुभकामनाएं दीं। अतुल तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व, जिला प्रभारी नीरज सिंह एवं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा संगठन को और मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। यह नियुक्ति जिले में भाजपा के सोशल मीडिया नेटवर्क को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक



**लहरपुर सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना लहरपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पतवारा में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं व महिलाओं को अपने अधिकारों को विस्तार पूर्वक बताया वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 ,112 ,102, 108 ,181, 1930 , आदि नंबरों की जानकारी विस्तार रूप से विद्यालय में उपस्थित सभी लोगों को दी वही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ ,सामूहिक विवाह योजना ,सुकन्या समृद्धि योजना ,वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन ,राष्ट्रीय पोषण मिशन ,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना ,आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से निपटने के लिए अवगत कराया गया वह उनकी समस्या का निवारण कराया जाएगा महिलाओं व बालिकाओं की काउंसलिंग पर उनसे उनकी समस्या पूछी गई इस मौके पर ''उप निरीक्षक योगिता नेगी'' ने विद्यालय की सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य बहन बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है और उन्हें आत्मनिर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित किया ''उप निरीक्षक योगिता नेगी ने बताया की बालिकाएं अपने अधिकारों के प्रति सदैव तत्पर हो और वह अपनी समस्या पुलिस को खुद सूचित कर सकती हैं! वही इस मौके पर ''उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह ''कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ''विद्यालय के प्रधानाचार्य अख्तर अली,रामकिशोर शुक्ला, सीमा नाग,नीलम देवी, एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका व गांव के लोग मौके पर मौजूद रहे ।

# चंद्रपुरा जमील से हामिद के घर तक सड़क बदहाल, जलभराव से लोग परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ ग्रामीण परेशान, प्रधान पर गंभीर आरोप

लखीमपुर खीरी जनपद के चैनपुरा ग्राम पंचायत के अंतर्गत चंद्रपुरा जमील से हामिद के घर तक जाने वाला रास्ता इन दिनों ग्रामीणों के लिए भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह मार्ग काफी पुराना और जर्जर हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद मरम्मत या निर्माण कार्य नहीं कराया गया।ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है।

खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को इस रास्ते से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोग फिसलकर गिर भी चुके हैं।गांव के लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि इस सड़क के नाम पर पैसा निकाला जा चुका है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान राजेश के हौसले इतने बुलंद हैं कि शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही।सूत्रों की मानें तो ग्राम पंचायत में आवास योजना और शौचालय निर्माण में भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब प्रधान से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की जाती है, तो वे फोन नहीं उठाते, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ती जा रही है।अब ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव के लोगों को राहत मिल सके।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

❒ कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलहर, शाहजहांपुर। ब्लॉक सभागार में बुधवार ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता एवं जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य सोनिया गुप्ता के निर्देशन में हुआ। जबकि संचालन खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित से किया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र की छात्राओं ने स्टॉल लगाकर अपने हस्तनिर्मित चित्रों का प्रदर्शन किया। साथ ही छात्राओं ने विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और शिक्षिकाओं को भी प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता उर्फ रवि, ग्राम प्रधान बृजेश कुमार शास्त्री, सुधीर गंगवार, अखिल कुमार मौर्य, महिला प्रधान प्रतिभा पटेल सहित अन्य ग्राम प्रधान, शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

## मितौली में डग्गामार बस संचालकों की गुंडागर्दी हुई आम



**मितौली खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मितौली में डग्गामार बस संचालकों की गुंडागर्दी हुई आम, दिल्ली जा रही साहिल बस सर्विस के कंडक्टर व ड्राइवर ने सवारियों को पहले से बुक सीट न देने पर बिगड़ी बातचीत के दौरान सवारियों को पीट कर किया गया लहूलुहान, बस से धक्का देकर उतारा और सामान लेकर बस हुई रफूचक्कर, पीड़ित यात्रियों की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की कार्यवाही, इससे पहले भी पिछले हफ्ते इसी बस सेवा के ड्राइवर ने बड़ागांव तिराहे पर ट्रक ड्राइवर की थी मारपीट,आखिर किसके संरक्षण में बुलन्द है बस संचालको हौसले,मामला मितौली के बबौना गांव के पास का।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व स्मरणोत्सव में होगा कार्यक्रम व यात्रा का आयोजन

- सोमनाथ यात्रा के लिए होगा 10 तीर्थ यात्रियों का चयन
- जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि यह पर्व भारत की आस्था, संस्कृति एवं आत्मगौरव का प्रतीक है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि यह पर्व भारत की आस्था, संस्कृति एवं आत्मगौरव का प्रतीक है तथा इसका उद्देश्य सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर पर 1026 सीई में हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वामीमान पर्व का आयोजन जनवरी 2026 में मा0 प्रधानमंत्री जी गरिमामयी उपस्थिति में कराया गया था, जिसके स्मरणोत्सव मुख्यतः दो स्तम्भों कार्यक्रम आयोजन व यात्रा के माध्यम से कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद, तहसील एवं विकास खंड स्तर पर स्थित शिवालयों एवं मंदिरों में भजन-कीर्तन, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव, स्वच्छता अभियान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक जनसहभागिता हो सके। समस्त कार्यक्रमों की संभावित तिथि 19 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है, जिसके पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

निर्देशों के अनुसार प्रदेश स्तर पर मुख्य आयोजन 11 मई 2026 को काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं, शिक्षाविदों एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर शैक्षिक संस्थानों में भी संगोष्ठी, भाषण, चित्रकला, निबंध एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इसके अतिरिक्त सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसके अंतर्गत चयनित तीर्थयात्रियों को सोमनाथ, गुजरात की यात्रा कराई जाएगी। यात्रा का कार्यक्रम 18 अप्रैल से 24 अप्रैल, 2026 तक प्रस्तावित है। यात्रा में प्रत्येक जनपद के तीर्थ यात्रियों अधिकतम 10 व्यक्ति का चयन जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के माध्यम से होगा। इसके लिए उप जिलाधिकारी/जिला स्तरीय अधिकारी को नामित भी किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सोमनाथ मंदिर दर्शन, संग्रहालय भ्रमण, भजन संध्या, आरती एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि उक्त कार्यक्रमों का आयोजन पूर्ण गरिमा, भव्यता एवं जनसहभागिता के साथ किया जाए तथा कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

## ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण, राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

बदायूँ। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण एवं कार्यालय कक्ष में उनके साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के सम्बंध में बैठक का आयोजन किया। उन्होंने आंतरिक निरीक्षण के दौरान बताया कि ईवीएम एवं वीवीपैट पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। वेयरहाउस में पुलिस बल तैनात रहता है तथा सीसीटीवी से भी इसकी निगरानी की जाती है, जिस पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने की गई व्यवस्थाओं पर अपना संतोष व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के सम्बंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि 10 अप्रैल 2026 मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

- 4 खाद्य पदार्थो के नमूने परीक्षण हेतु भेजे लैब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सीएल यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा आर0पी0 सिंह के निर्देशन/नेतृत्व में चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो-सिघांडे का आटा, घी, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, कुट्टू का आटा, सेंधा नमक व अन्य फलाहारकी गुणवत्ता हेतु जनपद-बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में आज बुधवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 04 खाद्य पदार्थो के नमूनों को वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

कार्यवाही किये गये प्रतिष्ठानों में बिल्सी स्थित मुकेश किराना स्टोर से कुट्टू आटा एक का नमूना संग्रहित किया गया। डहरपुर कलां दातागंज स्थित कमलेश के प्रतिष्ठान से दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। मेन चौराहा दातागंज स्थित अरूण कुमार के प्रतिष्ठान से साबूदाना का एक नमूना संग्रहित किया गया। भटौली दातागंज स्थित अनमोल डेरी से दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। इन संग्रहित किए गए कुल 04 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढ़ककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सी0एल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण भगवत सिंह, खुशीराम व करन सिंह मौजूद रहे।

# नववर्ष पूर्ण होने पर 9 दिवसीय जन जागरण प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत 9 वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का 9 दिवसीय जन जागरण,प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी/ संवाद सम्मेलन ( 18 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक) के अंतर्गत आज बस स्टैंड बहजोई पर किसान एवं व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

किसान एवं व्यापारी सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा की गयी जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री ओमवीर सिंह खड़गवंशी तथा भाजपा के जिला मंत्री श्री सोनू चाहल रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक पुष्प एवं पुस्तक देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित जिसमें उद्यान विभाग पीएम सूर्य घर योजना ,आईसीडीएस विभाग पशुपालन विभाग ,कृषि विभाग प्राविधिक शिक्षा विभाग ,माध्यमिक शिक्षा विभाग ,उद्योग विभाग के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी योजना की लगायीं गई स्टालों का अवलोकन किया एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा नवनिर्माण के अभूतपूर्व 9 वर्ष की उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां तथा जनपद की उपलब्धियां से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने किसानों एवं व्यापारियों को लेकर चर्चा की एवं जल संरक्षण को लेकर भी लोगों को जागरूक किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों की समस्या हमारी समस्या है, परंपरागत खेती से हटकर सब्जी आदि की खेती करनी चाहिए ताकि किसानों को अच्छा लाभ प्राप्त हो सके। ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी जैसी खेती पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए और उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा विभिन्न कृषि यंत्रों पर छूट दी जा रही है और डीबीटी के माध्यम से पारदर्शिता आयी है हमारी सरकार किसानों के उद्धार की बात करती है और उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर भी हमारी सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ? शैलेंद्र सिंह उपायुक्त जीएसटी लल्लन प्रसाद यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जीएमडीआईसी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आम के बाग की रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

- प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां आम के बाग की रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर किसी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अलापुर थाना क्षेत्र के सखानू गांव में आम के बाग की रखवाली कर रहे बुजुर्ग (70 वर्ष) पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई गई है।

जानकारी के अनुसार, सखानू गांव के वार्ड संख्या 5 निवासी शाने रजा पिछले दो वर्षों से गांव के ही आमिर नाम के व्यक्ति के आम का बाग पेशगी पर लेकर उसकी देखरेख कर रहे थे। बुधवार सुबह जब परिजन उनके लिए भोजन लेकर बाग पहुंचे, तो वह चारपाई पर खून से लथपथ गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। उनकी हालत देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की खबर मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। जा रहा है कि शाने रजा अविवाहित हैं और आम के बाग की फसल से ही अपना जीवन यापन करते थे। घटना के पीछे पुरानी रंजिश या अन्य किसी विवाद की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि फिलहाल हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही अलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बुजुर्ग को आनन-फानन एक निजी वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है।

## रोजगार मेले में बेरोजगारों को मिले रोजगार के सुनहरे अवसर

बदायूँ। जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ एवं नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पी0जी0 कालेज बदायूँ के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पी0जी0 कालेज परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्देश्य जनपद के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा। रोजगार मेले का उद्घाटन प्राचार्य आशीष कुमार सक्सेना द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं को अपने कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं तथा इससे जनपद के युवाओं को निजी क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। मेले में कुल 22 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनके माध्यम से विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए। रोजगार मेले में कुल 1016 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराकर साक्षात्कार में प्रतिभाग किया, जिसके सापेक्ष 487 अभ्यर्थियों का चयन/शार्टलिस्ट किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा आगामी प्रक्रिया हेतु निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी एस0 के0 यादव, चीफ प्रॉक्टर दास डिग्री कालेज संतोष कुमार सिंह, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ तथा जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 31 मार्च को भी खुलेंगी कोषागार, एजेन्सी बैंक की शाखाएं

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन वित्त (लेखा) के आदेशों के क्रम में शासकीय कार्य करने वाली समस्त बैंक शाखायें एवं कोषागार 31 मार्च 2026 को खुले रहेंगे। उन्होंने इस सम्बंध में भारतीय स्टेट बैंक की बदायूँ, बिसौली, दातागंज, सहसवान, उझानी एवं बिल्सी के शाखा प्रबन्धकों निर्देशित किया है।

## गोली लगने से घायल सैलून संचालक की मौत

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सैलून संचालक समीर की इलाज के दौरान सैफई मेडिकल कॉलेज में देर रात मौत हो गई है। गोली लगने के कारण वह गंभीर रूप से घायल था। पुलिस गोली मारने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वारदात अवैध संबंधों के विवाद को लेकर हुई थी। थाना क्षेत्र में 16 मार्च को ईखखेड़ा गांव में समीर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार, उसे दो गोलियां लगीं थीं। उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। उसे बदायूं से सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में मनवीर, यशपाल निवासी ग्राम मेवली, राकेश निवासी ग्राम खंडुआ और आशीष निवासी ग्राम स्वरूपपुर, थाना उघैती को गिरफ्तार किया था। चारों आरोपियों को दो दिन कोर्ट ने जेल भेज दिया था। वारदात के पीछे अवैध संबंधों का विवाद बताया गया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक, दो तमंचे, दो खोखे, दो कारतूस, एक चाकू और तीन मोबाइल फोन बरामद किए थे। समीर की मौत के बाद अब पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी ग्रामीण डॉ ह्देश कठेरिया इस मामले में चार आरोपी पकड़े जा चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ दर्ज केस में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। पुलिस दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है।

## पानी भरने से आइस फैक्ट्री की बिल्डिंग धराशाई

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बे बुधवार को गौरव आइस फैक्ट्री है, वहीं आपसी विवाद चलते पड़ोसियों ने बिल्डिंग के बराबर में नींव खोद दी, जिसमें पानी भरने से आइस फैक्ट्री की बिल्डिंग धराशाई हो गई, वहीं पुलिस के मुताबिक कोई हताहत नहीं हुआ है पर, अमोनिया गैस के सिलेंडर भी मलबे में दबे हैं, वहीं सरकार उद्योग लगाने को प्रेरित कर रही है, वहीं खुरपति लोग उद्योग तबाह करने में लगे हुए हैं वही लोग इस घटना की जमकर निंदा कर रहे हैं। वहीं पुलिस की ओर से अभी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिसको लेकर अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान बदायूं में सफल आयोजन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में विश्व क्षय रोग दिवस जिला पंचायत सभागार बदायूं में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर मिश्रा मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि याबर अब्बास जिला पंचायत राज अधिकारी,डॉ मोहन झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनेश कुमार जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा की गयी। सर्वप्रथम जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा मुख्य चिकत्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा स्वागत उदबोधन एवं टीबी मुक्त पंचायत एवं सौ दिवसीय विशेष टीबी अभियान के द्वितीय चरण से शुरुआत के बारे मे विस्तार से बताया गया।

## लाभार्थियों को किए 7.51 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत पत्र वितरित

**बदायूँ ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी बाजपेई सभागार में प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक वृहद ऋण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय-03 बदायूँ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश्वर प्रसाद द्वारा उपस्थित आवेदकों एवं लाभार्थियों को योजना की जानकारी देते हुए ऋण की उपयोगिता एवं स्वरोजगार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे युवा देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस एक दिवसीय शिविर के दौरान भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कुल 7.51 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए तथा पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रबंधक ऋण एवं एनपीए नवल किशोर अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक एएमसीसी बदायूँ पुष्पेन्द्र सिंह, मुख्य प्रबंधक एएमसीसी बिसौली राजेन्द्र प्रसाद, जिला समन्वयक कौशल किशोर सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## 6 वाहनों पर अवैध ओवरलोडिंग के विरूद्ध हुई कार्यवाही

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अन्य जनपदों से आने वाले डम्फरो की खनन टास्क फोर्स की टीम, जिसमें उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी व खनन अधिकारी सुरेश (संयुक्त टीम) द्वारा डलमऊ-लालगंज मार्ग में अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 6 वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए रु0 2,33,220/- का जुर्माना जमा कराया गया है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार मंडल की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार के द्वारा प्रमुख ऐजेंडा बिन्दुओं के विषय में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम पीएम विश्वकर्मा योजना के कुल आवेदन, आवेदन की संस्तुति, अनुमोदित आवेदन के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर चर्चा की एवं लक्ष्य के विषय में जानकारी प्राप्त की विद्युत विभाग की समस्या को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की समस्या का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया व्यापार बंधुओं ने अपनी समस्याओं को मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखा जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की समस्या का संज्ञान लेते हुए निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। चंदौसी के नालों के ताली झाड़ साफ सफाई कराने को लेकर व्यापार बंधुओ ने मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष अपना सुझाव रखा मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चंदौसी के समस्त नालों की तली झाड़ साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। रामबाग रोड से सोत नदी तक नाले की समस्या को रखा जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि नगरों में पॉलिथीन को प्रतिबंध करना चाहिए उन्होंने कहा कि बाजार को जाएं तो कपड़े के थैलों का उपयोग करें।

## शव मिलने से मचा हड़कम, हत्या की आशंका

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के कपड़ोल गांव की पुलिया पर सिर कुचला हुआ अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र हड़कम मचा हुआ है। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसओ उदयवीर सिंह मौके पर पहुंचें। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस के अंडर पास के नीचे शव मिला है, पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी, वही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


अमृत विचार के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें देते हैं।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, बदायूं।

टीबी (क्षय रोग) के लक्षण

- दो सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खांसी का आना।
- खांसी के साथ बलगम में खून का आना।
- नियमित बुखार विशेष रूप से शाम को बढ़ने वाला।
- भूख कम लगना एवं वजन का घटना।
- प्रभावित अंग के अनुसार अन्य लक्षण।
- इलाज को बीच में छोड़ने पर खतरनाक एमडीआर टीबी के होने की संभावना बढ़ जाती है।
- एमडीआर टीबी मरीजों की जांच की सुविधा जिला क्षय रोग केन्द्र बदायूं एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिसौली पर सीबीनेट (जीन एक्सपर्ट) मशीन द्वारा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सैदपुर, बिल्सी, सहसवान एवं दातागंज पर ट्रूनेट मशीन से जांच नि:शुल्क उपलब्ध है।
- टीबी को फैलने से रोकने के लिए टीबी के मरीज खांसते व छींकते समय मुंह पर कपड़ा अवश्य रखें।

बलगम जांच निम्नलिखित स्वास्थ्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

सहसवान, बिसौली, सैदपुर, दातागंज, ककराला, बिल्सी, नगला, आसफपुर, लाही, हजरतपुर, उझानी, खितौरा, दहगवां, बजरंग, निनावर, स्याऊ, कत्रा सहादतगंज, जिला क्षय रोग केन्द्र बदायूं, ककोला, बेहटा गोकुल, समरर, उझानी, कादरचौक, राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं, उझानी, दहगवां, जगत, अलापुर, इस्लामनगर, गुलड़िया

- समस्त जनमानस से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों को कार्य में सहयोग प्रदान करें।

जिला क्षय रोग अधिकारी बदायूं। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं। | जिला अधिकारी बदायूं।

पत्रांक-डीटीसी/स्वास्थ्य/विशेष/विज्ञा/2025-26/245 दिनांक 25/03/2026


# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, रायबरेली परिसर में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के सम्बन्ध में परिवहन विभाग एवं उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम, रायबरेली तथा बस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के दूरस्थ ग्राम पंचायतों तक परिवहन सुविधा पहुंचाए जाने के उद्देश्य से वाहन स्वामियों को प्रेरित किया गया गया।

बैठक में बताया गया कि इस योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता को बसें जिनकी अधिकतम आयु 08 वर्ष से अधिक न हो को अनुबन्ध पर उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, रायबरेली के संरक्षण एवं नियंत्रण में संचालित किया जा सकेगा। जिसका आवेदन शुल्क 2000/- प्रति आवेदन होगा तथा प्रतिभूति धनराशि 5000/-होगी तथा उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम, रायबरेली के संरक्षण एवं नियत्रण हेतु प्रति वाहन मासिक संरक्षण शुल्क 1500/- होगा। प्रत्येक ब्लाक में कम से कम 2 वाहनों के संचालन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में अरशद हुसैन अध्यक्ष/स्टेज कन्ट्रैकर बस एशो., रायबरेली एवं अन्य द्वारा यह कहा गया कि यदि परमिट की तरह अतिरिक्त कर का भी छूट का प्राविधान हो तो योजना को सफल बनाया जा सकता है एवं प्रतिवेदन से शासन के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम, रायबरेली के अतिरिक्त अरशद हुसैन, अध्यक्ष/स्टेज कन्ट्रैकर बस एशो., रायबरेली, फारूक अहमद, मो. याकूब, न्यू संग बस सर्विस, रायबरेली, मो. सोहेल खान एवं राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

## निलंबित लेखपाल 15 दिवस में अपना जवाब,स्पष्टीकरण करें प्रस्तुतः एसडीएम

रायबरेली। उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम ने बताया है कि आशीष विक्रम सिंह निलम्बित लेखपाल तहसील सलोन को सूचित किया गया है कि 15 सितम्बर 2022 को निलंबित करते हुए 30 सितम्बर 2022 को जारी आरोप पत्र 5 दिसम्बर 2023 को आपने प्राप्त किया। दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आप द्वारा एक सप्ताह का अवसर मांगा गया। दिनांक 18 दिसम्बर 2023 से दिनांक 25 फरवरी 2026 तक आरोप पत्र का जवाब जांच अधिकारी/नायब तहसीलदार सलोन के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया। ऐसी दशा में 15 दिन का अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए पुनः सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण जांच अधिकारी/नायब तहसीलदार सलोन के माध्यम से अथवा उपजिलाधिकारी सलोन कार्यालय में कार्य दिवस पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। जवाब/स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की दशा में समझा जायेगा कि आप को उपर्युक्त विषय में कुछ नहीं कहना है।

# पेट्रोल की अफवाह से जिले में आफत पम्पों पर ग्राहकों की लंबी लाइन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में बुद्धवार को पेट्रोल पंपों पर अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी,सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी की अफवाहों से घबराकर लोग टंकियां फुल कराने पहुंच गए है हालांकि,पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि शहर में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी न हीं है।पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और सप्लाई सामान्य है,इसलिए लोगों से पैनिक बाइंग न करने की अपी ल की गई है।बुद्धवार का दिन शहर के लिए कुछ अलग ही नज़ारा लेकर आया है,मंगलवार शाम से ही पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ बढ़ने लगी लोग जल्दबाज़ी में अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल करा ने पहुंच रहे थे कुछ ही देर में हालात ऐसे बन गए कि कई पंपों पर लंबी कतारें लग गईं पंप संचालक भी यह देखकर हैरान रह गए कि आखिर अचानक इतनी भीड़ क्यों उमड़ पड़ी है बाद में जब वजह सामने आई,तो पता चला कि सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों ने लोगों को डरा दिया था, किसी वास्तविक कमी के बिना ही लोगों ने घबराकर पेट्रो ल भरवाना शुरू कर दिया है।दरअसल,सोशल मी डिया पर पेट्रोल-



डीजल की कमी को लेकर भ्रामक संदेश तेजी से वायरल हो रहे थे, इन संदेशों से घब राकर लोग पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे और एहति यातन अपनी गाड़ियों में फ्यूल भरवाने लगे है जब उपभोक्ताओं से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली थी कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत हो सकती है,इसलि ए वे तुरंत पंप पर पहुंच गए,वहीं पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि शहर में ईंधन की कोई कमी नहीं है सोशल मीडिया पर पेट्रोल-डीजल की कमी की ख बरें तेजी से फैलने लगीं और लोगों में घबराहट बढ़ गई,इसी डर के चलते लोग अपने-अपने वाहनों के साथ पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े,हर जगह लंबी कतारें लग गईं और माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया,वहीं पंप संचालक इस स्थिति को देखकर हैरा न थे,क्योंकि उनके पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन मौ जूद था।गोंडा के जिलाधिकारी आवास के सामने इंडियन ऑयल सेट फीलिंग स्टेशन पंप पर करीब बुद्धवार को 12 हजार आठ 95 लीटर पेट्रोल और आठ हजार सात सौ 57 लीटर डीजल उपलब्ध ले किन अफवाहों के बीच शाम पांच बजे तक पेट्रोल पूर्ण रूप से खत्म हो चुका था।जबकि डीजल की सप्लाई भी सामान्य रूप से जारी थी। पेट्रोल पंपों पर सिर्फ कैश में ही पेट्रोल और डीजल दिया जा रहा था।वही कुछ लोगो का कहना है कि ऑयल कंपनियों ने उधारी पर फ्यूल देना फिलहाल बंद क र दिया था और एडवांस पेमेंट पर ही सप्लाई हो र ही है इसी कारण कुछ जगहों पर थोड़ी देर के लिए आपूर्ति प्रभावित हुई,जिसने अफवाह को जन्म दे दिया और शहर में अचानक भीड़ उमड़ पड़ी है।लो ग डिब्बो और गाड़ियों में फूल कराने में लगे हुए हैं। और जिले में अधिकतर पेट्रोल पंपों पर डीजल औ र पेट्रोल की आपूर्ति ठीक हो गई है जिससे लोगों को वाहन चलाना मुश्किल हो गया है।

### ग्राहकों से पम्प संचालक ने की अपील

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की पैनिक बाइंग न करें, क्योंकि डिपो स्तर पर ईंधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सप्लाई दी जा रही है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जमाखोरी की कोशिश करने वालों को फ्यूल नहीं दिया जा रहा, लेकिन आम उपभोक्ता और किसानों के लिए किसी तरह की कोई समस्या नहीं है।

# टेंपो और इनोवा की आमने-सामने की भिडंत, 17 लोग गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के गोंडा-उतरौ ला मार्ग पर धनौली गांव के पास एक भीषण सड़ क हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में टेंपो और इनोवा सवार 17 यात्री मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को इलाज के लिए गोंडा मेडिक ल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।यह हादसा इनो वा और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर से हुआ है,टेंपो में सवार मजदूर धानेपुर होते हुए बलरामपु र के उतरौला जा रहे थे। वहीं, बलरामपुर की ओर से आ रही इनोवा गोंडा होते हुए लखनऊ जा रही थी, जिसके चालक का उद्देश्य इलाज कराना था।

सभी घायल मजदूर देहरादून से ट्रेन के माध्यम से गोंडा पहुंचे थे। गोंडा रेलवे स्टेशन के पास टैक्सी स्टैंड से उन्होंने टेंपो लिया था ताकि वे अपने गंत व्य उतरौला पहुंच सकें।घायलों की पहचान बलरा मपुर के रेहरा पीहर निवासी सम्राट, विश्राम वर्मा, रामकुमार,



सुमन,अनीता,पवन कुमार,विकास,अ भिजीत के रूप में हुई है।किलौली के ननकू,मुन्नी देवी,बाग बाजार की शांति देवी भी घायलों में शा मिल हैं।इसके अतिरिक्त,सिद्धार्थ नगर के भवानीगं ज चखनिया की राजवंती,परसपुर के राकेश कुमार रंगईलाल,उतरौला की अशोका देवी,चमुर और गों डा नगर कोतवाली के सोनी कपूर निवासी ऑटो चालक बबलू भी घायल हुए हैं।सूचना मिलते ही सोनी गुमटी चौकी प्रभारी मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।नगर कोतवा ली पुलिस ने घायलों की तहरीर के आधार पर इनो वा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपा ठी ने बताया कि सभी घायल देहरादून से आए थे और टेंपो से उतरौला जा रहे थे। उतरौला की तरफ से लखनऊ इलाज कराने जा रही इनोवा से उनकी टक्कर हो गई, जिसमें 17 लोग घायल हुए हैं। स भी का इलाज जारी है।

# सीमा पर एसएसबी की सख्ती, भारी मात्रा में कपड़ा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच।भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 42वीं वाहिनी एसएसबी, बहराइच- प्रथम के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के सतत पर्यवेक्षण में सीमा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाई गई है, जिसके परिणामस्वरूप यह कार्रवाई संभव हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसबी को गुप्त सूचना मिली कि सीमा स्तंभ संख्या 650/4 के पास से कुछ व्यक्ति अवैध सामान लेकर नेपाल की ओर जाने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी के निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक श्याम लाल के नेतृत्व में एक विशेष गश्ती दल का गठन किया गया। यह दल दोपहर लगभग 2:30 बजे निर्धारित स्थान के लिए रवाना हुआ और सीमा स्तंभ 650/4 के पास भारतीय क्षेत्र में अपनी स्थिति संभाल




ली। करीब 3:50 बजे गश्ती दल ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को साइकिल पर सामान लादकर नेपाल की ओर बढ़ते देखा। संदेह होने पर जवानों ने उन्हें रोककर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राम सहाय वर्मा (20 वर्ष), हलीम (15 वर्ष) एवं बच्छ राज (20 वर्ष) निवासी ग्राम निधिनगर संकल्पा, थाना रुपैडिहा, जनपद बहराइच बताए। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 200 नग लेडीज सूट, 23 नग लेडीज साड़ियां तथा 3 साइकिल बरामद की गईं। आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई पूरी करने के बाद जब्त सामान और तीनों आरोपियों को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु कस्टम कार्यालय नानपारा को सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी की इस कार्रवाई से सीमा क्षेत्र में तस्करी पर अंकुश लगाने के प्रयासों को मजबूती मिली है।

# चोरी के शक किशोर की पिटाई,किशोर हाथ जोड़, कर रहम की भीख मांगता रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में बाल मजदूरी करवाते हुए चोरी के शक में एक 15 वर्षीय किशोर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।यह घटना बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के भटवालिया गांव में एक कु ल्हड़ उद्योग में काम के दौरान हुई है।जहां मारपी ट का एक वीडियो भी वायरल हुआ है,जिसमें किशो र हाथ जोड़कर रोता हुआ दिख रहा है और चोरी न करने की गुहार लगा रहा है।वीडियो में आरोपी किशोर को थप्पड़ मारते हुए दिख रहे हैं,जबकि किशोर लगातार चोरी से इनकार कर रहा है।वह रोते हुए कह रहा है कि उसके पिता नहीं हैं और वह काम करके अपना गुजारा कर रहा है।मारपीट करने वाले लोग उसे उसकी बहन की दुहाई भी दे रहे हैं।पीड़ित किशोर ने बताया कि आरोपियों ने उस पर ईयरफोन गायब करने का झूठा आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया कि उसे घर से मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले जाया



गया,जहां उसके साथ थप्पड़ों और डंडों से मारपीट की गई। किशोर के अनुसार, प्यास लगने पर उसे पानी भी नहीं दिया गया और उसका गला दबाया गया।उस ने यह भी बताया कि वहां तीन लोग मौजूद थे।वही

मारपीट के बाद आरोपी किशोर को मोटरसाइकि ल पर बिठाकर कहीं ले जाते हुए भी दिखे।इस मा मले में बाल मजदूरी का भी आरोप सामने आया है।वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पूरे माम ले की जांच शुरू कर दी है,नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पूरे मामले को लेकर के जांच की जा रही है किन परिस्थितियों में मारपीट की गई है क्या मामला था।वायरल वीडियो का सं ज्ञान लेकर उसकी जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी निकाल कर आएगा उसे आधार पर आरो पियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी बाल मजदूरी की जानकारी नहीं है।

# एसएसबी ने मानव तस्करी का प्रयास विफल किया, नाबालिग सुरक्षित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सतर्कता से संदिग्ध मानव तस्करी का प्रयास विफल कर दिया गया। कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत चकिया मोड़ बस स्टैंड से एक संदिग्ध युवक और नाबालिग लड़की को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने खुद को भाई-बहन बताया, लेकिन जानकारी में विरोधाभास मिलने पर उन्हें कैंप लाकर गहन जांच की गई। जांच में मामला संदिग्ध पाए जाने पर एसएसबी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को सुरक्षित बचा लिया। बाद में लड़की को नेपाल स्थित एनजीओ शांतिपूर्ण स्थापना गृह को सुपुर्द कर दिया गया, जबकि युवक को आगे की कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस को सौंप दिया गया।

# नानपारा में सांस्कृतिक व ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा। भारत विकास परिषद महात्मा बुद्ध शाखा नानपारा के तत्वावधान में सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर, रुपईडीहा रोड प्रांगण में सांस्कृतिक एवं धार्मिक ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम तथा वंदेमातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव ने की।

शाखा गतिविधि संयोजक (सम्पर्क) मनोज तिवारी, महिला संयोजक श्वेता सिंह एवं संस्कार संयोजक अमित पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में वंदेमातरम गायन में 22 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें शनवी ने प्रथम, दीपक मिश्रा ने द्वितीय तथा नारायण पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी में एक से अधिक प्रश्नों के



सही उत्तर देने वाले बच्चों में दीपक मिश्रा प्रथम तथा सोम मिश्रा व नारायण पाण्डेय संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बेबी मालिक, रुची चौधरी, रामलाल प्रजापति, नीरज कुमार मिश्र, अनिल सिंह एवं डॉ. वीरांगना कान्त का विशेष सहयोग रहा।

### चोरी के 15 गैस सिलेंडर सहित एक गिरफ्तार

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की वजीरगंज पुलिस ने चोरी के पंद्रह एलपीजी गैस सिलेंडरों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान श्यामू मौर्या के रूप में हुई है।उसके कब्जे से एक मोटरसाइकि ल और एक चोरी का कूकर भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, श्यामू मौर्या जिले के विभिन्न सरकारी




विद्यालयों की रसोइयों के ताले तोड़कर एलपीजी सिलेंडर और अन्य सामानों की चोरी करता था।बरामद सिलेंडरों में परसपुर,तरबगंज, वजीरगंज, नवाबगंज और कोतवाली देहात थाना क्षेत्रों से चोरी किए गए सिलेंडर शामिल हैं।आरोपी श्यामू मौर्या उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के भानपुर वा गंगरौली गांव का निवासी है।उसे हजरतपुर चौ राहे से तरबगंज मार्ग पर उस समय गिरफ्तार कि या गया जब वह चोरी के सिलेंडरों को मोटरसाइ किल पर लादकर कहीं छिपाने जा रहा था।वजीर गंज थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि आरोपी लगातार सरकारी विद्यालयों की रसोइयों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। बरामद सभी पंद्रह एलपीजी सिलेंडर खाली थे। आरोपी चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल पर दूसरे वाहन का नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था।विभिन्न थाना क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों से एलपीजी सिलेंडर चोरी के कई मामले दर्ज हैं।पुलि स आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। वह इन चोरी के सामानों को महंगे दामों पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था।

### तीस मार्च को तहसील सदर में होंगी कैंटीन की नीलामी

**गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सदर तहसील में बुधवार को होने वाली कैंटीन की खुली नीलामी अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है।यह जानकारी देते हुए नीला म अधिकारी नायब तहसीलदार ने बताया कि कैंटी न की बुद्धवार को होने वाली नीलामी निरस्त हो ग ई है।अब आगामी तीस मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे यह नीलामी कराई जाएगी।इससे पहले 06 फरवरी और दस मार्च को भी किन्हीं कारणों से नीलामी टाल दी गई थी। अब इसके नीलामी के लिए आगामी तीस मार्च को तिथि निर्धारित की गई है।

### शंकरगंज में चोरी की योजना बना रहे दो युवक गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की योजना बना रहे दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस, रस्सा व लोहे की सब्बल बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में आपरेशन चक्रव्यूह अभियान एवं अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर भारत पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम पूरे बैजनाथ मजरे मेढ़ौना थाना मोहनगंज,उमेश पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में भारत के कब्जे से एक तमंचा,दो जिन्दा कारतूस, एक रस्सा व एक टार्च, एवं उमेश के कब्जे से एक लोहे की सब्बल व एक टार्च बरामद हुई है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि हम और हमारे दो अन्य साथी लल्लन पुत्र नन्हें निवासी ग्राम पूरे दान वैश्य मजरे मेढ़ौना थाना मोहनगंज एवं शिवा कुमार पुत्र राम चन्दर निवासी ग्राम पूरे निरहीं मजरे लखना बसन्तपुर थाना जामों मिलकर कस्बा शंकरगंज में दुकानों में चोरी करने की योजना कर रहे थे। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# जनता जनार्दन प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में नब्बे बच्चों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज स्थित जनता जनार्दन इंटर कालेज में तीस परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं के लिये प्रतिभा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा पांच एवं कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और नब्बे छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा पांच एवं आठ के बच्चों के लिये जनता जनार्दन प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसका परिणाम बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अमित सिंह एवं विशिष्ट अतिथि इंडोरामा के एच आर मनोज झा व एविस के एचआर अश्वनी प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने प्रतियोगिता का परिणाम वितरित किया। जनता जनार्दन प्रतिभा खोज




प्रतियोगिता कक्षा पांच में प्राथमिक विद्यालय अहुरी के छात्र यश ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय मेढ़ोना के छात्र वंश, देव, सूर्यमणि, श्रद्धा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कम्पोजिट विद्यालय राजामऊ की छात्रा अनुराधा और प्राथमिक विद्यालय जमुरवां के छात्र चमन कुमार, आदर्श जायसवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। कम्पोजिट विद्यालय बहादुरगंज के छात्र सचिन ने प्रथम तो उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज की छात्रा छबि शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज की छात्रा अंजली ने तीसरा स्थान हासिल किया

उत्तीर्ण एवं विजयी सभी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा स्टडी टेबल, लेखन सामग्री, शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं की विद्यालय शुल्क पूर्णतया माफ की जायेगी।इस प्रतियोगिता में कक्षा पांच एवं कक्षा आठ के लगभग नब्बे छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना एवं उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रधानाचार्य वैभव मिश्रा ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, राम किशुन कश्यप, संतोष तिवारी, हरि शंकर सिंह, आर्यन मिश्रा, दिग्विजय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# अभिभावकों एवं संरक्षकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से भेजे विद्यालय : सुनील

## परिषदीय विद्यालय के वार्षिकउत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची ब्लॉक प्रमुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सभ्यता वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी सुनील कुमार का बैज लगाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत ''सांसों की सरगम पुकारे सुस्वागतम'' प्रस्तुत करते हुए सभी का स्वागत किया। विद्यालय के छात्रों ने ''वंदे मातरम'' गीत पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत कर दिया। इसके उपरांत छात्राओं ने हरियाणवी गीत 'यानी सी उमर में ना ब्याहियो' पर मनमोहक प्रस्तुति देते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बाल विवाह न किए जाने का संदेश दिया। इसी प्रकार 'ये जिंदगी मेरी' गीत पर भी बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा एक और दो के बच्चों ने ''राजस्थान रंगीलो म्हारो' गीत पर राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी की तालियाँ बटोरीं। इसी प्रकार कक्षा 5 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 'अयि गिरि नंदिनी' गीत के माध्यम से नारी शक्ति को प्रदर्शित किया गया। कक्षा एक व 2 के विद्यार्थियों ने 'चंदा चमके चमचम' गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को आनंदित कर दिया। वार्षिकोत्सव की समापन प्रस्तुति 'तेरी मेरी कट्टी हो जायेगी' गीत पर होली नृत्य रहा जिसके माध्यम से कक्षा पाँच की छात्राओं ने सभी को होली के रंगों में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी सुनील कुमार ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए समस्त स्टाफ को साधुवाद दिया। उन्होंने विद्यालय के भौतिक और शैक्षणिक परिवेश की सराहना की। साथ ही अभिभावकों और संरक्षकों से अपने पाल्यों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने आगामी अप्रैल माह से प्रारंभ हो रहे 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत 6 से 14 आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे का निकटतम परिषदीय विद्यालय में प्रवेश कराए जाने हेतु सभी को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि सभ्यता वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जमकर तारीफ की और अभिभावकों एवं संरक्षकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के साथ-साथ विद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में भी सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की चर्चा करते हुए सभी बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज सरकारी विद्यालय किसी भी मामले में निजी स्कूलों से पीछे नहीं है और प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के बच्चों की प्रस्तुति देखकर ऐसा प्रतीत हुआ है जैसे ये बच्चे निजी विद्यालय के बच्चों से भी कहीं बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए उनके सभी शिक्षक विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक परिवेश की सराहना करते हुए उन्होंने प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना द्वारा किए जा रहे कार्य और प्रयासों के लिए उन्हें साधुवाद दिया और उन्हें 'सम्मान पट्टिका' के माध्यम से सम्मानित किया। आज खेल उत्सव के अंतर्गत बच्चों हेतु 50 मीटर एवं 100 मी की दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विजयी रहने पर बालिका वर्ग में झलक वर्मा, पल्लवी, रेनु कुमारी, सोनी, चंदा और प्रांशी तथा बालक वर्ग में कृष्णा, ऋषभ, अतुल कुमार, जितिन कुमार, प्रिंस, दीपक और आर्यन कुमार मौर्य को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अभिभावकों की दौड़ में गोदावरी प्रथम, सुनीता देवी द्वितीय और रीना देवी तृतीय रहीं जिन्हें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा 1 के जयकिशन एवं अंजली मौर्य तथा कक्षा 2 की दीक्षा एवं आयुषी वर्मा को निपुण विद्यार्थी के रूप में पुरस्कृत किया गया। शैक्षिक सत्र 2025-26 में आयोजित खेलकूद एवं अन्य शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कौशल राज, कृष्णा, ऋषभ, अतुल कुमार, पल्लव मौर्य, झलक वर्मा, पल्लवी, प्रांशी, रेनु कुमारी, हेमलता, सुहानी, गुंजन, आर्यन कुमार मौर्य, आकाश, सोनी, चंदा, साधना, सोनाक्षी, क्रांति, जशोदा देवी, चित्रा देवी, वर्षा, साधना वर्मा, जय किशन, सुहानी, दीक्षा, आयुषी वर्मा, साधना देवी, आस्था शर्मा, दीपक मौर्य, नरेश कुमार और प्रिंस आदि विद्यार्थियों को ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि,एआरपी अमित कुमार वर्मा तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी प्रकार वार्षिकोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाओं अंजना शुक्ला, प्राज्ञी अग्रवाल और प्रगति धामी को सम्मानित किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ की ओर से मुख्य अतिथि सभ्यता वर्मा, विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार सिंह एवं एआरपी अमित कुमार वर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जागन लाल, उपाध्यक्ष मीरा देवी के साथ-साथ सुनीता देवी, मनोज कुमार, हीरा कली, नन्ही देवी, भगवान देई, सुमित्रा देवी, गुड्डू, जगदीश प्रसाद सहित विभिन्न अभिभावक और संरक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने किया है।

## हत्या मामला में कोर्ट ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट खारिज कर दोबारा दिए जांच के आदेश

सुलतानपुर। युवक पवन कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में कोर्ट ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट को रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नवनीत सिंह ने मृतक के पिता की अर्जी पर सुनवाई करते हुए मामले में आगे की जांच (अग्रिम विवेचना) का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा ढेमा गांव के रहने वाले पवन कुमार को 17 नवंबर 2025 को गांव के कुछ युवक जन्मदिन पार्टी में ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गए थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसकी अस्पताल में मौत की खबर मिली। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने जांच के बाद सभी आरोपियों को क्लीनचिट दे दी थी। इससे असंतुष्ट होकर मृतक के पिता ने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पाया कि पुलिस जांच में कई पहलुओं को नजरअंदाज किया गया है। इसके बाद सीजेएम ने गोसांईगंज थाना प्रभारी को मामले की दोबारा और गहराई से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने देसी घी, गूगल, लोबान, हवन सामग्री से सीखा कंडे बनाना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति फ़ेस 5 और नारी शक्ति क्लब द्वारा आयोजित नवरंग समर फ़ेस्ट में प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर की प्रधानाध्यापिका डॉक्टर सुगंध अग्रवाल ने कक्षा 4 व 5 की छात्राओं को स्वयं सहायता रोजगार का गुण सिखाया। नवरात्रि के पावन अवसर पर धूप कंडा बनाना सिखाया गया, जिसमें गाय का गोबर, देसी घी, गूगल, लोबान, हवन सामग्री, कपूर, चंदन, गेंदा और गुलाब की पत्तियां शामिल थीं।इन कंडों की बिक्री से जो धन प्राप्त होगा, उसे छात्राओं की पढ़ाई पर खर्च किया जाएगा, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपनी पढ़ाई में स्वयं सहायता कर सकेंगी। नारी शक्ति क्लब पूरनपुर के सदस्यों ने इन कंडों को बिकवाने में मदद की है।

### कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया नवारम्भ उत्सव

पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिषदीय विद्यालयो में शासन आदेश के अनुसार नवारम्भ उत्सव मनाया गया इसी उपलक्ष मे में पूरनपुर विकासखंड के अंतर्गत कंपोजिट स्कूलगढ़ा कला में नवारम्भ उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें 6 वर्ष आयु पूरी करने बाले बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया है कार्यक्रम में विधालय की इंचार्ज मंजू रानी,अध्यापक सोहन, ममता देवी शिक्षा मित्र ,आगन बाड़ी कर्मी सुनीता देवी, स्वाति एजुकेटर और नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह उपस्थित रहे है।नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने सभी अभिभावकों को बताया कि जो बच्चे 6 वर्ष की आयु पूरी कर चुके है। उनके माता-पिता उनका कक्षा 1 में प्रवेश कराए।नया सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। परिषदीय विद्यालयो में ही प्रवेश कराए और अपने बच्चों को रोजाना साफ़ सफाई के साथ विद्यालय जरूर भेजे। साथ ही घर पर बच्चों को ग्रह कार्य करवाए।

### सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण, एचपीवी वैक्सीन को लेकर किया जागरूक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व भाजपा नेता गुरुभाग सिंह ने बुधवार को एमओआईसी डॉ. मनीष राज शर्मा के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद लोगों से एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी ली और इसके प्रति जागरूक भी किया अपराह्न करीब एक बजे पहुंचे गुरुभाग सिंह और डॉ. शर्मा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गंभीर बीमारियों से बचाव में बेहद सहायक है, इसलिए इसे लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं रखना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन के प्रति जागरूक किया जाए इस मौके पर डॉ. प्रियंका चतुर्वेदी ने अस्पताल आई महिलाओं को एचपीवी वैक्सीन के फायदे बताते हुए जागरूक किया उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन किशोरियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है और इससे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने हर किशोरी को यह वैक्सीन लगवाने की सलाह दी निरीक्षण के दौरान एमओआईसी डॉ. मनीष राज शर्मा, कोल्ड चेन प्रभारी संजीव कुमार, विश्ववीर सिंह, आशीष यादव सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5 फ़ेज-2 अभियान के अंतर्गत थाना हजारा महिला शक्ति केन्द्र टीम द्वारा क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भर बनने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता के लिए उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई कार्यक्रम में 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में जागरूक किया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके पुलिस टीम ने महिलाओं को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं सामने रखने और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

### गौशालाओं की बदहाल व्यवस्था पर विहिप का विरोध, सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में गो सेवा से जुड़ी समस्याओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव और डिप्टी सीवीओ आशीष शर्मा से मुलाकात कर गौशालाओं की अव्यवस्थाओं पर गंभीर शिकायत दर्ज कराई कार्यकर्ताओं ने बताया कि गौशालाओं में गोवंशीय पशुओं को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ रही है। इसके साथ ही मृत पशुओं के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में भी अनियमितताएं सामने आ रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है विहिप कार्यकर्ताओं ने ग्राम गढ़ा कलां स्थित गौशाला का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि वहां मृत गोवंश का अंतिम संस्कार नियमानुसार नहीं किया गया। इतना ही नहीं, गौशाला के कर्मचारियों ने कार्यकर्ताओं को अंदर जाने से भी रोक दिया, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं।प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कड़े शब्दों में कहा कि गो सेवा के नाम पर इस तरह की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई गईं तो संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी इस दौरान जिला सह मंत्री रूम सिंह यादव, जिला गौ रक्षा प्रमुख सोनू पांडे, प्रखंड सह मंत्री दिनेश राठौर, सुनील वर्मा और धर्मेंद्र मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे

### प्रधान के नेतृत्व में श्रद्धालु पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के धार्मिक स्थल पूर्णागिरि हुए रवाना

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड की ग्राम पंचायत नवदिया धनेश गांव से श्रद्धालुओं का जत्था पूर्णागिरि धाम के लिए रवाना हुआ। ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में दो ट्रैक्टर ट्रालियों से लगभग 100 श्रद्धालु नवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तराखंड के चंपावत जिले में स्थित ऐतिहासिक पूर्णागिरि धाम के लिए गए हैं।भक्त माता के जयकारों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा के माध्यम मनोकामना पूर्ण करने के लिए गए हुए हैं। ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि पूर्णागिरि धाम में माता की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

## नगर पालिका परिषद में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण, विकास कार्यों को मिलेगी गति



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद में शासन द्वारा नामित सभासदों नितिन सक्सेना, पंकज तिवारी, जगन्नाथ लोधी, स्वतंत्र देवल एवं प्रतीक अग्रवाल का शपथ ग्रहण समारोह पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर ने सभी नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा नामित सभी सदस्य जमीनी स्तर से जुड़े हुए कार्यकर्ता हैं, जो सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पांचों सभासदों के नामित होने से शहर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।समारोह के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य सभासदों ने नव-नामित सदस्यों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन सभासद साकेत सक्सेना ने किया। नामित हुए सभासदों के स्वागत में ढोल बजाए गए। इस मौके पर सभासद सुनीता सिंह, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह, साकेत सक्सेना, अवतार सिंह, मोनू, राशिद हुसैन, शरीफ अंसारी, अनस अंसारी, विकास बाबू, व्यापारी नेता अर्जुन सिंह टहलानी, जितेंद्र गुप्ता, रतन नाथ मिश्रा, शाहिद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं शहरवासी उपस्थित रहे है।

## परवेज हुसैन बने समाजवादी पार्टी के कोषाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।नगर निवासी परवेज हुसैन को समाजवादी पार्टी में विधानसभा कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। परवेज हुसैन शुरू से ही समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते चले आ रहे हैं।विधानसभा चुनाव ,लोकसभा चुनाव या पंचायत चुनाव सभी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का कार्य परवेज हुसैन लगातार करते चले आ रहे हैं।समाजवादी पार्टी में उनकी निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में किए गए कार्यों से प्रसन्न होकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की सहमति पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने नगर में स्थित एक बैंकट हॉल में हुई मासिक बैठक एवं कमेटी गठन कार्यक्रम में उनको अपनी टीम में विधानसभा कोषाध्यक्ष नियुक्त कर नियुक्ति पत्र सौंपा है।जैसे ही यह खबर उनके समर्थकों और पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को हुई तो सभी ने सोशल मीडिया के माध्यम से और उनके आवास पर जाकर मिठाई खिलाकर उनके समर्थन में एक दूसरे को मिठाई खिला कर शुभकामनाएं संदेश दे रहे है।

## माय भारत युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पयागीपुर स्थित गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ल्माय भारतङ्क बैनर के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट जनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के अधिकारी सुधीर पांडेय, भाजपा नेता डॉ. डी. एस. मिश्रा, पत्रकार किशन पाठक, शिक्षिका अनुपम शुक्ला एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंग्रेज सिंह राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा ल्विकसित भारतङ्क के सपने को साकार करने में उनकी भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां विद्यार्थियों ने ऐसे आयोजनों को अपने भविष्य के लिए प्रेरणादायक बताया।

## महिला थाने की एक दिन की प्रभारी बनी कक्षा आठ की छात्रा संजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मिशन शक्ति अभियान फ़ेज फाइव के द्वितीय चरण के अवसर पर जनपद के महिला थाना पर कक्षा आठ की छात्रा को ल्एक दिन का थाना प्रभारीङ्क बनाया गया एवं छात्राओं को चाकलेट बांटी गई।जनपद अमेठी में कम्युनिटी पुलिसिंग, महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति के विशेष अभियान फ़ेज फाइव के द्वितीय चरण के तहत किये जा रहे कार्यक्रमों के आयोजन के क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरीगंज की छात्राओं को महिला थाना पर आमंत्रित किया गया।महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा छात्राओं को मिठाई एवं चाकलेट देकर स्वागत किया गया।इसी क्रम में कक्षा आठ की छात्रा संजना को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया।एक दिन की थाना प्रभारी संजना द्वारा आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना गया व शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई के उपरांत छात्राओं को थाने में होने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई व थाना परिसर का भ्रमण कराया गया व छात्राओं को वीमेन पावर लाइन, महिला हेल्प लाइन,एम्बुलेंस सेवा,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा,चाइल्ड लाइन, स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा छात्राओं को चाकलेट वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## छात्राएं निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार करें : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में मिशन शक्ति फ़ेज पांच अभियान द्वितीय चरण के तहत महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर रन फार एम्पावरमेंट का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो कि थाना गौरीगंज से होते हुये सब्जी मण्डी तिराहा से वापस आकर पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर समाप्त हुई।दौड़ के दौरान महिला सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं अपराधों के प्रति जागरूकता हेतु पम्पलेट वितरित किए गए । कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नही बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति है जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और उन्हें सशक्त बनाना है।महिला सुरक्षा में समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।उपस्थित छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार करें पुलिस प्रशासन सदैव उनके साथ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि रन फार एम्पॉवरमेंट के उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूक करना और समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और सम्मान को बढ़ावा देना।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा स्कूली छात्राओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ मिशन शक्ति अभियान,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक, महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह प्रभारी महिला थाना व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## लम्भुआ ब्लॉक में तीन साल से ऊपर डटे कर्मचारी होंगे बेनकाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जनपद के विकासखंड लम्भुआ में लंबे समय से एक ही पटल पर कार्यरत कर्मचारियों को लेकर अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ब्लॉक मुख्यालय पर कंप्यूटर ऑपरेटर, मनरेगा, पंचायत विभाग तथा अकाउंट से जुड़े कई कर्मचारी तीन वर्ष से अधिक समय से जमे हुए हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन की स्थानांतरण नीति के बावजूद एक ही स्थान पर वर्षों तक तैनाती को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही पटल पर बने रहने से कार्यप्रणाली प्रभावित होती है और पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले में जल्द ही उन कर्मचारियों की सूची भी सार्वजनिक की जाएगी, जो तीन साल से अधिक समय से लम्भुआ ब्लॉक में कार्यरत हैं। माना जा रहा है कि इस सूची के सामने आते ही प्रशासनिक हलकों में हलचल और तेज हो सकती है। जनता ने मांग की है कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार तत्काल प्रभाव से ऐसे कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाते हैं।

## सम्पादकीय

# वैश्विक संकट और कूटनीति का मोड़

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति, वैश्विक अर्थव्यवस्था और मानवीय सरोकारों को एक साथ झकझोर दिया है। ऐसे समय में भारत की संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वक्तव्य केवल एक औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक व्यापक वैश्विक संदेश के रूप में सामने आया। उन्होंने इस संकट को कोरोना महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौती से तुलना करते हुए स्पष्ट किया कि यह केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। प्रधानमंत्री का संबोधन कई स्तरों पर महत्वपूर्ण था। एक ओर उन्होंने देश को आश्वस्त किया कि भारत ऊर्जा, खाद्य और आर्थिक मोर्चे पर तैयार है, वहीं दूसरी ओर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से संयम, संवाद और शांति की अपील की। यह भारत की पारंपरिक कूटनीतिक नीति का ही विस्तार है, जो हमेशा टकराव की बजाय समाधान पर बल देती रही है। ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने अपनी निर्भरता को विविध बनाया है। पहले जहां 27 देशों से आयात होता था, अब यह संख्या 41 तक पहुंच चुकी है। साथ ही रणनीतिक तेल भंडार को बढ़ाने, एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने और रेलवे के विद्युतीकरण जैसे कदमों ने भारत को संभावित ऊर्जा संकट से काफी हद तक सुरक्षित किया है। यह संकेत भी स्पष्ट है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। मानवीय स्तर पर भी भारत की भूमिका उल्लेखनीय रही है। युद्धग्रस्त क्षेत्रों से लाखों भारतीयों को सुरक्षित निकालना, दूतावासों का चौबीसों घंटे सक्रिय रहना और संकटग्रस्त नागरिकों तक पहुंच बनाना–ये सभी कदम भारत की जिम्मेदार वैश्विक छवि को मजबूत करते हैं। यह केवल कूटनीति नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का भी परिचायक है। हालांकि, प्रधानमंत्री के इस संतुलित और संयमित संदेश के कुछ ही घंटों बाद एक अप्रत्याशित घटनाक्रम सामने आया। डोनाल्ड ट्रंप ने अचानक पांच दिनों के 'एकतरफा युद्धविराम' की घोषणा कर दी। यह घोषणा कई सवालों को जन्म देती है। क्या यह वास्तव में शांति की दिशा में कदम है, या फिर एक रणनीतिक चाल? ट्रंप का दावा है कि ईरान के साथ उनकी बातचीत सकारात्मक रही है और दोनों पक्ष कुछ मुद्दों पर सहमत हैं। लेकिन ईरान ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि न तो कोई बातचीत हुई और न ही किसी समझौते की दिशा में कोई ठोस पहल हुई है। ऐसे में यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देशों के बीच विश्वास का गंभीर संकट बना हुआ है। युद्धविराम की घोषणा का समय भी संदेह पैदा करता है। अमेरिका ने कुछ ही समय पहले ईरान के पावर प्लांट्स को निशाना बनाने की धमकी दी थी, लेकिन अंतिम क्षणों में पीछे हट गया। क्या यह ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई के डर का परिणाम है? या फिर घरेलू राजनीतिक दबावों ने ट्रंप प्रशासन को यह कदम उठाने पर मजबूर किया? अमेरिका के भीतर भी स्थिति सरल नहीं है। आर्थिक चुनौतियां, बढ़ती महंगाई और आगामी चुनावों का दबाव ट्रंप सरकार के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। यदि उनकी पार्टी को संसद में बहुमत नहीं मिलता, तो उनके खिलाफ महाभियोग की संभावना भी बन सकती है। ऐसे में युद्धविराम की घोषणा को एक राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। दूसरी ओर, इस तथाकथित युद्धविराम का जमीनी असर भी संदिग्ध है। इज़रायल ने इस पर सहमति नहीं जताई है और वह लगातार ईरान पर हमले कर रहा है। जवाब में ईरान भी आक्रामक रुख अपनाए हुए है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि हमले जारी हैं, तो युद्धविराम का वास्तविक अर्थ क्या रह जाता है? वैश्विक बाजारों ने जरूर इस घोषणा पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई और शेयर बाजारों में उछाल देखा गया। लेकिन यह स्थायी राहत नहीं है। जब तक संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक यह अस्थिरता बनी रहेगी। भारत की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में संतुलन और विवेक की रही है। नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से शांति, संवाद और मानवता को प्राथमिकता दी, वह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

# ऑपरेशन सर्चलाइट : आज भी न्याय की प्रतीक्षा

25 मार्च 1971 की रात दक्षिण एशिया के इतिहास की सबसे भयावह और दर्दनाक घटनाओं में से एक की शुरुआत हुई। पाकिस्तान की सेना ने पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में ऑपरेशन सर्चलाइट शुरू किया। आधिकारिक तौर पर इसे व्यवस्था बहाल करने की कार्रवाई बताया गया, लेकिन वास्तव में यह लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही बंगाली जनता की आवाज को कुचलने का एक क्रूर सैन्य अभियान बन गया।

अवामी लीग की चुनावी जीत के बाद जब बंगाल की जनता ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग की, तो उसका जवाब गोलियों, टैंकों और बर्बर हिंसा से दिया गया। छात्रों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और विशेष रूप से हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। ढाका विश्वविद्यालय इस नरसंहार का प्रतीक बन गया, जहां शिक्षा के मंदिर को खून से लाल कर दिया गया।

इसके बाद जो हुआ वह केवल दमन नहीं था, बल्कि एक पूरी जातीय पहचान, सम्मान और लोकतांत्रिक अधिकारों पर सुनियोजित हमला था। सामूहिक हत्याएं, व्यापक उत्पीड़न और महिलाओं के खिलाफ अमानवीय यौन हिंसा ने इस त्रासदी को मानवता के इतिहास का काला अध्याय बना दिया।

बांग्लादेश के लिए 1971 केवल राजनीतिक बदलाव नहीं थाः बांग्लादेश के लिए 1971 केवल एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक गहरा राष्ट्रीय घाव था। हजारों परिवार टूट गए, अनगिनत महिलाओं ने अमानवीय अत्याचार झेले, गांव जला दिए गए और लाखों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। एक नए राष्ट्र का जन्म हुआ, लेकिन वह जन्म असहनीय पीड़ा और बलिदान की कीमत पर हुआ। आज पांच दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह घाव पूरी तरह नहीं भरा है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि पाकिस्तान की ओर से आज तक कोई स्पष्ट, औपचारिक और सच्ची सरकारी माफी नहीं आई है। यह केवल कूटनीतिक कमी नहीं, बल्कि एक नैतिक विफलता भी है।

जब अप्रैल 2025 में बांग्लादेश ने एक बार फिर 1971 से जुड़े मुद्दों के समाधान और औपचारिक माफी की मांग उठाई, तो वह कोई एहसान नहीं मांग रहा था। वह केवल न्याय, सत्य और ऐतिहासिक जवाबदेही की मांग कर रहा था। इतिहास को दबाया नहीं जा सकताः आज दुनिया एक बार फिर 1971 की सच्चाई का सामना कर रही है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का प्रस्ताव 1130 जैसे प्रयास यह याद दिलाते हैं कि इतिहास को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता और न ही पीड़ा की आवाज को चुप कराया जा सकता है।

इस तरह के प्रस्ताव बांग्लादेश में हुए नरसंहार की अंतरराष्ट्रीय मान्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। यह केवल अतीत को याद करने का प्रयास नहीं, बल्कि सत्य और न्याय को स्थापित करने की वैश्विक जिम्मेदारी भी है। 1971 का सच आज भी मान्यता की मांग कर रहा है और न्याय आज भी जवाबदेही की प्रतीक्षा में है। पांच दशक बाद भी उस नरसंहार, उत्पीड़न और विस्थापन के घाव आज भी बांग्लादेश की सामूहिक स्मृति, राजनीति और राष्ट्रीय पहचान को प्रभावित करते हैं। कट्टरपंथ की वापसी और पुरानी आशंकाएंः इसी कारण बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों की सक्रियता आज भी चिंता का विषय बनती है। जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन, जिन्होंने 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध किया था, आज भी अपने साथ उस इतिहास का बोझ लेकर चलते हैं। जब ऐसे संगठनों की राजनीतिक सक्रियता बढ़ती है या उनके नेताओं की पाकिस्तान के साथ नजदीकियों की खबरें सामने आती हैं, तो यह स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा करता है। जिस देश का जन्म संघर्ष और बलिदान से हुआ हो, वहां ऐसे घटनाक्रम पुराने घावों को फिर से ताजा कर देते हैं।

भारत-बांग्लादेश संबंधः केवल कूटनीति नहीं, भावनात्मक रिश्ताः ऐसे कठिन समय में भारत की भूमिका बांग्लादेश की सामूहिक स्मृति में एक विशेष स्थान रखती है। जब-जब बांग्लादेश संकट में रहा, भारत ने समय पर सहयोग दिया, चाहे वह महामारी के दौरान वैक्सीन सहायता हो, ऑक्सीजन आपूर्ति में सहयोग, बाढ़ के समय जरूरी जानकारी साझा करना या आर्थिक

**कई बांग्लादेशियों के लिए भारत की यह सहायता 1971 की यादों को फिर जीवित कर देती है, जब उनके सबसे कठिन समय में भारत उनके साथ खड़ा था। जब जीवन संकट में था, घर नष्ट हो रहे थे, महिलाएं हिंसा झेल रही थीं और लाखों लोग शरणार्थी बन रहे थे, तब भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया था। इसी कारण भारत का समर्थन केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय और भावनात्मक रूप से भी याद किया जाता है। इतिहास गवाह है कि देश उन लोगों को कभी नहीं भूलते जो उनके सबसे कठिन समय में उनके साथ खड़े होते हैं। नैतिकता की परीक्षाः बांग्लादेश का संघर्ष केवल एक देश का आंतरिक मुद्दा नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिकता की भी परीक्षा है। सवाल यह है कि क्या सत्य को अनंत काल तक दबाया जा सकता है या अंततः न्याय ही विजयी होगा? 1971 का इतिहास आज भी यही संदेश देता है, सत्य को भुलाया नहीं जा सकता, न्याय को टाला जा सकता है पर रोका नहीं जा सकता, और इतिहास अंततः जवाबदेही मांगता ही है।**



दबाव के समय ईंधन उपलब्ध कराना। यह केवल कूटनीतिक सहयोग नहीं था, बल्कि सच्ची मित्रता का प्रमाण था। इन कदमों में विश्वास, संवेदनशीलता और साथ निभाने की भावना स्पष्ट दिखाई देती है।

कई बांग्लादेशियों के लिए भारत की यह सहायता 1971 की यादों को फिर जीवित कर देती है, जब उनके सबसे कठिन समय में भारत उनके साथ खड़ा था। जब जीवन संकट में था, घर नष्ट हो रहे थे, महिलाएं हिंसा झेल रही थीं और लाखों लोग शरणार्थी बन रहे थे, तब भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया था। इसी कारण भारत का समर्थन केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय और भावनात्मक रूप से भी याद किया जाता है। इतिहास गवाह है कि देश उन लोगों को कभी नहीं भूलते जो उनके सबसे कठिन समय में उनके साथ खड़े होते हैं।

नैतिकता की परीक्षाः बांग्लादेश का संघर्ष केवल एक देश का आंतरिक मुद्दा नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिकता की भी परीक्षा है। सवाल यह है कि क्या सत्य को अनंत काल तक दबाया जा सकता है या अंततः न्याय ही विजयी होगा? 1971 का इतिहास आज भी यही संदेश देता है, सत्य को भुलाया नहीं जा सकता, न्याय को टाला जा सकता है पर रोका नहीं जा सकता, और इतिहास अंततः जवाबदेही मांगता ही है।

**ओम पराशर**

# हिमाचल प्रदेश में बजट आकार घटने के निहितार्थ

**कुलभूषण उपमन्यु**

हिमाचल प्रदेश के 2025-26 के बजट का आकार 54,928 करोड़ रुपये है। इससे पहले 2024-25 के बजट का आकार 58,444 करोड़ रुपये और 25-26 के बजट का आकार 58,514 करोड़ रुपये था। जाहिर है कि राजस्व घाटा अनुदान केंद्र सरकार की ओर से बंद हो जाने के कारण महंगाई दर में बढ़ोतरी के बावजूद बजट आकार घटाना पड़ा है। इसका असर विकास योजनाओं पर पड़ना स्वाभाविक है। पेंशन, वेतन, ग्रेच्युटी, ब्याज, ऋण भुगतान, प्रतिबद्ध देनदारियों पर 73.69 प्रतिशत बजट खर्च हो रहा है। इसके चलते वास्तविक विकास कार्यों के लिए केवल 26.31 प्रतिशत भाग ही बचता है।

यह हिमाचल के बजट की स्थाई विसंगति बन चुकी है। यह इस वर्ष भी हावी है। इसके लिए काफी हद तक टॉप हेवी प्रशासन तंत्र का निर्माण बड़ी गलती रहा है, जिसके चलते अनुत्पादक खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ गया है। इसके कारण जहां उत्पादक कार्य होना है वहां बजट ही देना संभव नहीं होता है। इसके बावजूद बहुत से जरूरी कार्यों की ओर ध्यान देने का प्रयास किया गया है, हालांकि पर्याप्त धन आवंटन संभव ही नहीं है। कृषि, बागवानी, पशु पालन, वानिकी, के लिए बेहतर पहल करने का प्रयास किया गया है किन्तु पर्याप्त धन आवंटन नहीं हो पाया है। उदाहरण के लिए मानव- वन्य पशु संघर्ष के चलते कृषि पर पड़ने वाले प्रभाव को रोकने के लिए जालीदार तारबाड़ की बड़े पैमाने पर जरूरत है ताकि सूअर, बंदर, नीलगाय और बेसहारा पशुओं से खेती को पहुंचाया जा रहा नुकसान रुक सके, जिसके चलते बहुत से किसान खेती छोड़ने पर बाध्य हो चुके हैं। खेत बाड़ बंदी योजना पर केवल 10 करोड़ रुपये ही आवंटित किए जा सके जो नाकाफी हैं। पशुपालन क्षेत्र में कई अच्छे फैसले हुए हैं। ए 2 किस्म के दूध को अलग पहचान देने का कार्य सराहनीय है जो भारतीय पशु धन में दूध की गुणवत्ता को मान्यता दे कर प्रोत्साहित करता है। इसे प्रीमियम कीमत देना भी अच्छा फैसला है। दूध खरीद मूल्य भी किसान हितैषी फैसला है। डेरी उद्योग को पर्याप्त प्रोत्साहन अच्छी पहल है। किन्तु हिमाचल पशु चारे के मामले में पंजाब और हरियाणा के महंगे तूड़ी आयात पर निर्भर हो चुका है जबकि 30- 40 वर्ष पहले जब पशु संख्या आज के मुकाबले बहुत ज्यादा थी हर घर में 2-4 पशु होना मामूली बात थी। आज तो उससे आधे भी पशु नहीं बचे हैं फिर भी तूड़ी आयात करने की बाध्यता वनों से चारा आपूर्ति की क्षमता चीड़ रोपण, और खरपतवारों (लैंटाना, यूपितोरियम, पार्थेनियुम, नीला फुलनू आदि) के भयानक आक्रमण के कारण इस दौरान समाप्त हो जाने के कारण ही आ पड़ी है। हिमाचल प्रदेश में निजी भूमि तो केवल 10 प्रतिशत ही है। उसमें अन्न, सब्जी, फल, आदि उगाने के बाद बहुत कम चारा उगाने की संभावना बचती है। अतः 67 फीसद वन्य भूमि वाले प्रदेश को वनों से चारा उपलब्ध करवाने की पुरानी क्षमता को हासिल करना होगा, किन्तु इसके लिए चरागाह विकास की कोई योजना आज तक सही तौर पर बनी ही नहीं है। इस बार भी हमने इसकी अनदेखी जारी रखी है। सस्ता चारा पशु पालन का आधार है। इससे पशुपालन लाभदायक बनेगा, तो बेसहारा पशुधन की समस्या भी नियंत्रित होगी। पॉवर टिलर को सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया गया है। इसके कारण बैल तो अब लगभग समाप्त ही हो गया है। सारे बैल तो सड़कों पर घूम रहे हैं। अतः लिंग निर्धारित गर्भाधान व्यवस्था पर जोर दिया जाना चाहिए। ताकि ज्यादा तर बछिया ही पैदा हों। इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। वनीकरण के लिए 32 फीसद भूमि को वनों के अधीन लाने के लिए महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ने की पहल स्वागत योग्य है, किन्तु इसके साथ वन अधिकार कानून के अंतर्गत बनाई गई ग्राम वन प्रबन्धन समितियों को, जहां-जहां ये बन गई हैं, प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये समितियां कानूनी रूप से अधिक सक्षम भी हैं और अधिक स्थाई भी। वन प्रबन्धन के लिए स्थायित्व बहुत महत्वपूर्ण तत्व है। बागवानी के लिए शिवा परियोजना को चंबा तक विस्तार दिया जाना चाहिए था। चंबा आकांक्षी जिला होने के बावजूद कई पहलों में छूट जाता है। मछली पर बजट दबाव के बावजूद रायल्टी घटाना अच्छी पहल है। मछली पालन के लिए अन्य सुविधाएं भी स्वागत योग्य हैं। टिकाऊ पर्यटन के लिए नीति और प्रशिक्षण दूर दृष्टि का परिचायक है। हिमाचल में आपदा मुक्त विकास की अवधारणा पर काम करने की अत्यंत आवश्यकता है। पिछले कई वर्षों से हर बरसात में अतिवृष्टि के चलते निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पर्वत विशिष्ट समझ का अभाव दिख रहा है जिस कारण जन-धन की भारी हानि झेलनी पड़ रही है। इस मद पर कोई नीति सामने नहीं आई है।

## सेहत मंत्र

# डाइट में शामिल करें चेरी मिलेगा बहुत फायदा

हर कोई गर्मी के मौसम में रसीले लाल चेरी का आनंद लेना चाहता है। यह लाल फल खट्टेपन के साथ-साथ मीठे स्वाद का भी होता है। चेरी को कच्चा भी खाया जा सकता है या इसे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों जैसे कि टार्ट, केक, पाई और चीज़केक में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। चेरी एक कटोरी दही या आपके नाश्ते के लिए एक बेहतरीन टॉपिंग होते हैं। लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इस स्वादिष्ट फल में कई ऐसे गुण हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं। सुपरफूड्स में से यह फल उच्चतम औषधीय महत्व भी रखता है क्योंकि ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, एक अच्छे एंटी-इंफ्लेमेटरी होते हैं और गाउट की रोकथाम और उपचार में उपयोगी होते हैं। चेरी में मेलाटोनिन नामक एक हार्मोन होता है जो अच्छी और शांतिपूर्ण नींद प्रदान करता है। यह आपकी नींद और जागने के साइकल को नियंत्रित करने और शरीर की इंटरनल क्लॉक को नियंत्रित करने के लिए जाना जाता है। आहार विशेषज्ञों का कहना है यदि आप कुछ वज़न कम करने की योजना बना रहे हैं तो अपने आहार में चेरी शामिल करना न भूलें। चेरी में कैलोरी कम होती है, मतलब है कि चेरी के एक कप में 100 से भी कम कैलोरी पायी जाती है। वे विटामिन से समृद्ध होते हैं जो आपके मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया को मजबूत करते हैं, और इसके अंदर मौजूद पानी की मात्रा आपके शरीर से खराब पदार्थों को बाहर निकालती है। आहार विशेषज्ञों का कहना है चेरी में पोटेशियम की एक अच्छी मात्रा होती है जो शरीर से अतिरिक्त सोडियम की मात्रा को हटाने में मदद करता है और पोटेशियम और सोडियम दोनों की मात्रा को संतुलित करता है, जो स्वचालित रूप से आपके रक्तचाप के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# जब काशी में एक हजार महिलाओं ने गाया 'शिव तांडव स्रोत'

वाराणसी को आध्यात्मिक नगरी होने के साथ ही बाबा भोलेनाथ की नगरी भी कहा जाता है। अगर आपको बनारस आने का सौभाग्य प्राप्त हो, तो आप देखेंगे कि यहां की प्रत्येक गली में आपको एक छोटा शिव मंदिर दिखाई दे जायेगा। आस्था की इस महानगरी का संबंध प्राचीन काल से है। वाराणसी या बनारस में कल-कल बहती मां गंगा की निर्मल धारा अनायास ही भक्तों को अपने पास बुलाती है। बनारस के घाट भारत के सुप्रसिद्ध घाटों में गिने जाते हैं। वहीं आप जब भी संध्या के समय बनारस के गंगा घाटों पर जाएंगे तो आपको भजन कीर्तन करते साधुओं की टोली नजर आ जाएगी। लेकिन आज हम बात कर रहे हैं वाराणसी में गंगा किनारे हुए एक भव्य आयोजन की। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि नारी शक्ति को सम्मान देते हुए 1000 से अधिक महिलाओं द्वारा शिवजी को अत्यंत प्रिय 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ कराया गया। इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए भारत के 14 राज्यों से महिलाएं शामिल हुई थीं। बताया जा रहा है कि इस आयोजन को मुंबई की एक संस्था के द्वारा आयोजित किया गया था और महिलाओं को इसमें शामिल कराने का पूरा जिम्मा इस संस्था ने ही उठाया था। इस आयोजन में शामिल हुई महिलाएं जब वाराणसी के गंगा घाट पर लाल और हरे रंग की साड़ी में पहुंची तो नजारा बेहद अद्भुत लग रहा था। वहीं, जब 1000 से भी ज्यादा की संख्या में नारी शक्ति ने एक साथ 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ शुरू किया तब गंगा घाट का नजारा शिवमय हो गया।

## पर्यटन



# मध्य प्रदेश की खास संस्कृति व धरोहरों को संजोए बुरहानपुर है बहुत ही खास, यहां सैर का बनाएं प्लान

विरासतों की भूमि रही है बुरहानपुर, जहां की यात्रा निश्चित ही आपके लिए अनोखा अनुभव रहेगा। मुगल बादशाह शाहजहां की प्रिय बेगम मुमताज महल का देहांत भी यहीं हुआ था। माना जाता है कि यहां के काले ताजमहल से प्रेरणा लेते हुए ही आगरा में ताजमहल का निर्माण कराया गया। यहां के इतिहास से रूबरू होने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक आते हैं। बुरहानपुर जिले में करीब 158 धरोहरें गिनाई जाती हैं, हालांकि पुरातत्व व पर्यटन की सूची में अभी तक इनमें से कुछ ही सूचीबद्ध हो सकी हैं। नागझिरी घाट- भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल में ताप्ती तट के जितने क्षेत्र में भ्रमण किया, उसका स्कंद पुराण के ताप्ती महात्म्य में उल्लेख है। ताप्ती नदी तट के उतने प्रदेश को रामक्षेत्र कहा गया हैं। माना जाता है कि यहां पर श्रीराम ने अपने पिता महाराज दशरथ का पिंडदान भी किया और शिवलिंग की स्थापना भी की। यह स्थान वर्तमान में नागझिरी घाट कहलाता है। इस घाट पर 12 शिव मंदिर हैं, जिन्हें द्वादश ज्योतिर्लिंग का स्वरूप माना जाता है। यहां श्रीराम झरोखा मंदिर में श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी की प्रतिमा वनवासी रूप में विद्यमान है। यह स्थान पुरातन समय में संतों, महात्माओं को खूब आकर्षित करता रहा। उन्होंने इसी स्थान को अपनी साधनास्थली बनाया। अतीत की समृद्ध जैन नगरी- प्राचीन समय में यह शहर जैन नगरी के रूप में भी जाना जाता था, जहां काष्ठकला की अनुपम कारीगरी से सुसज्जित अनेक जैन मंदिर विद्यमान थे। इन्ही में एक भगवान प्रार्श्वनाथ का मंदिर अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध था। 1857 ई. में घटित भयानक अग्निकांड में यह मंदिर पूरी तरह जल गया था। इसके पश्चात यहां नए मंदिर का निर्माण किया गया। मंदिर के प्रवेश द्वारा पर संगमरमर पर बहुत ही कलात्मक नक्काशी उकेरी गई है। मंदिर के भीतर छह खंभे हैं। इन पर बेलबूटे उत्कीर्ण हैं। यहां चार तीर्थंकरों की प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। दूसरे हिस्से में देवी लक्ष्मी व सरस्वती की मूर्तियां हैं। अंदर जाने वाला मार्ग तीन प्रवेश द्वारों से युक्त है।

# भाकियू राधे की बैठक मंडल प्रभारी बने पप्पू गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संदीप यादव विधि सलाहकार



फतेहपुर बाराबंकी। गन्ना दफ्तर में प्रत्येक माह की 25 तारीख को आयोजित होने वाली भारतीय किसान यूनियन राधे की मासिक बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेलाल यादव ने लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता संदीप यादव को प्रदेश विधि सलाहकार तथा लालपुर करौता निवासी पप्पू गुप्ता को मंडल प्रभारी (अयोध्या) के पद पर नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार नए लोग जुड़ रहे हैं, जिन्हें उनकी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में कई पदाधिकारी मौजूद रहे और कार्यकर्ताओं ने संगठन के समर्थन में नारेबाजी भी।

# राष्ट्रीय जागरण मंच का प्रतिभा सम्मान समारोह, विभिन्न क्षेत्र के मेधावी सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। हिन्दू नवसंवत्सर पर राष्ट्रीय जागरण मंच व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में ब्रह्मा लान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संयोजन अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के ओम प्रकाश व प्रदेश प्रवक्ता हरीशचंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।समारोह में सिविल सेवा परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के परिवारों समाजसेवियों शिक्षकों उद्योगपतियों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।विशेष रूप से सुयश द्विवेदी और अभिनंदन वर्मा को सम्मानित किया गया।इंद्रजीत सिंह अजर के संचालन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## दीवार तोड़कर दबंगों ने मचाया विद्यालय में उत्पात, तहरीर

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी कस्बा निवासी प्रेम कुमार द्वारा बहरौली में संचालित विद्यालय में दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। विद्यालय की दीवार गिराकर अंदर घुसे दबंगों ने जमकर तोड़फोड़ की। बताते हैं कि बहरौली में वे अपनी भूमि पर निजी विद्यालय संचालित कर रहे हैं।बुधवार सुबह बहरौली निवासी अवधेश कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर स्कूल की करीब आठ फिट ऊंची बाउंड्री वॉल गिरा दी और अंदर घुस आए।स्कूल में तोड़-फोड़ करने लगे। जानकारी पर जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्होंने विरोध किया ,गालियां देने लगे तथा जान से मारने का प्रयास किया।शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे तभी दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।थानाध्यक्ष कुर्सी कृष्णकांत सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधक की तहरीर पर विपक्षी अवधेश कुमार सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।बाकी आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## सूफी संत की मजार भव्य कुल शरीफ हजारों सम्मिलित

**मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगा-जमुनी एकता के प्रतीक सुप्रसिद्ध सूफी -सन्त सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह बांसा शरीफ की मजार शरीफ पर ईद के दिन से चल रहे 8 दिवसीय सालाना मेले में बुधवार को शान-शौक़त एव अक़ीदत के साथ कुल शरीफ सम्पन्न हुआ जिसमें फिरंगी महल के ओलेमा इकराम सहित देशभर से आये हजारों जायरीनों ने भाग लिया औऱ दुआए मांगी। कुल शरीफ के बाद शीरनी का वितरण किया गया तथा सज्जादा नशीन के आवास पर लंगर का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने लंगर में खाना खाया। मेला कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान संजय ने बताया कि पूरे मेले में मेला कमेटी के सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वहन कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए जायरीनों के लिए मेला कमेटी के द्वारा शुद्ध पेयजल का प्याऊ लगाया गया।

## अभियंता की गिरफ्तारी,चौकी हटाने की मांग, भाकियू का ज्ञापन

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कुर्सी विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता की गिरफ्तारी व ओदार चौकी हटाने की मांग की है। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।कार्रवाई न होने पर 26 मार्च को थाने के घेराव की चेतावनी दी।भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने बुधवार को उपजिलाधिकारी फतेहपुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने ने कहा है कि कुर्सी विद्युत उपकेंद्र के जेई विकास शुक्ला बहुत ही भ्रष्ट अधिकारी है। उनकी तमाम शिकायतें हुई हाल ही हैं।जिसमें तीन दिन पहले एक किसान ने जेई के खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित मुकदमा भी दर्ज कराया।जिसमें जेई को गिरफ्तार किया जाय।इसके अलावा कुर्सी थाने की ओदार चौकी इंचार्ज गौरव सिंह द्वारा चौकी पर आने वाले फरियादियों से अभद्रता की जाती है। उन्होंने चौकी इंचार्ज को हटाने जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर कारवाई नहीं की जाती है तो 26 मार्च को भारतीय किसान यूनियन संगठन के द्वारा भारी संख्या में कुर्सी थाने का घेराव किया जाएगा।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिछलखा में 37 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र रामस्वरूप ने भूसैल में फांसी लगाकर आत्महत्या की।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे के अनुसार मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है पीएम रिपोर्ट आते ही कारण स्पष्ट हो जाएगा ।

## विधायक साकेंद्र ने कपल को दी घरेलू सामग्री की विदाई

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबा मैरिज लॉन में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवविवाहित कपल को कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने घरेलू वैवाहिक सामग्री प्रदान की।एसडीएम कार्तिकेय सिंह समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि योजनाओं के डिजिटल होने से पारदर्शिता बढ़ी है और पात्र लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है।घरेलू वैवाहिक सामग्री प्रदान की गई। विधायक श्रीवर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 167 जोड़ों को सामग्री दी गई। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। कुर्सी क्षेत्र में अब तक करीब 2700 गरीब कन्याओं के विवाह कराए जा चुके हैं।

## सड़क हादसों में चार युवक जख्मी, दो गंभीर

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महमूदाबाद मार्ग पर शारदा नहर पुल के पास मंगलवार रात हुए दो सड़क हादसोंक्षमें चार युवक घायल हो गए। पहले हादसे में कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खाई में गिर गई, जिससे जब्बर (23) और अरशद (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, थोड़ी देर बाद मोटरसाइकिल गड्ढे में गिरने से आमिर (25) और सानिर (18) घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार सभी का इलाज जारी है, जिनमें दो की हालत पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## शहर के विकास पर खर्च होंगे 4 अरब 90 करोड़, कार्यकारिणी बैठक में बजट को मंजूरी

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के मूल बजट को मंजूरी दे दी गई है। महापौर बिहारी लाल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शहर के विकास के लिए करीब 4 अरब 90 करोड़ 62 लाख रुपये के बजट पर सहमति बनी है। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने विभिन्न विकास योजनाओं और शहर की मूलभूत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रस्तावित बजट में राजस्व और पूंजीगत मदों को मिलाकर कुल आय 49062.87 लाख रुपये निर्धारित की गई है। बजट पर विचार-विमर्श के दौरान सदस्यों ने साफ-सफाई, नाली-नालों की व्यवस्था, सड़क निर्माण, बिजली-पानी, पार्किंग और अतिक्रमण जैसी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। कार्यकारिणी सदस्य महेश गौतम ने नगर निगम के कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता बताई और सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराने पर बल दिया। वहीं विकास खत्री और बंटी राजा ने सीपरी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से उठाया। पार्षद मुकेश सोनी और लखन कुशवाहा ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और अधूरे कार्यों को लेकर सुझाव दिए। नगर आयुक्त आकांक्षा राणा ने बताया कि शहर की समस्याओं के समाधान के लिए टीम बनाकर कार्य किया जा रहा है और सदन में पारित प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है। महापौर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में तय 10 लाख रुपये के कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए और छोटी-छोटी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में उपसभापति आशीष तिवारी सहित विकास खत्री, बंटी राजा, बंटी सोनी, प्रवीण लखेरा, लखन कुशवाहा, भरत सेन, बाल स्वरूप साहू, श्रीमती रश्मि अहिरवार, मोनिका गुप्ता सहित अपर नगर आयुक्त राहुल यादव, अपर नगर आयुक्त रोली गुप्ता, चीफ इंजीनियर राजवीर सिंह, मुख्य लेखा अधिकारी नरेंद्र गरखल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अवधेश कुमार, अधिशासी अभियंता नीना सिंह, सदन प्रभारी डॉ. राघवेंद्र सिंह निरंजन आदि उपस्थित रहे।

# नवारंभ उत्सव के माध्यम से शैक्षिक सत्र शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर में नवारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। यह उत्सव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तीन से छः वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन और ठहराव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ।नवारंभ उत्सव के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2026-27 में तीन से चार वर्ष के बच्चों को बालवाटिका में अनौपचारिक शिक्षा आरंभ की जा रही है। साथ ही, पांच से छः वर्ष के बच्चे जिन्होंने छः वर्ष की आयु पूरी कर ली है उन्हें औपचारिक शिक्षा की प्रथम कक्षा में प्रवेश दिलाया जा रहा है। बुधवार को कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, मैकूलाल प्रधानाध्यापक और आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और ईसीसीई एजुकेटर ने उपस्थित अभिभावकों एवं प्रतिनिधियों को क्रियाशील बालवाटिका का भ्रमण कराया।इस अवर पर प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, ईसीसीई एजुकेटर, बाल वाटिका के बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे ।

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में सांस्कृतिक संध्या, पंडित जयंत खोट का भजन सुन श्रद्धालु भावविभोर

वाराणसी । वासंतिक चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में आयोजित नौ दिवसीय सांस्कृतिक संध्या श्रृंखला में सातवें दिन बुधवार शाम धाम के शिवार्चनम मंच पर गीत-संगीत और नृत्य का संगम दिखा। कलाकारों के मनोहारी प्रस्तुतियों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम में पंडित सुखदेव मिश्र ने वायलिन वादन, पंडित जयंत खोट का भजन गायन तथा रूपा रानी का नृत्य शिवभक्तों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन वाराणसी की मीनाक्षी दीक्षित ने किया। मंदिर न्यास के अनुसार धर्म, अध्यात्म एवं संस्कृति के पवित्र संगम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या श्रृंखला चैत्र नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन आयोजित की जा रही है। आज के कार्यक्रम में ल्हर-हर महादेवङ्क के जयघोष से सम्पूर्ण परिसर गुंजायमान रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन दिन भर किया गया।

# मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। जनपद के स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में तैनात दर्जनों चिकित्सकों द्वारा कथित रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप है कि कई चिकित्सक ओपीडी समय के दौरान भी अपने निजी नर्सिंग होम और क्लीनिक पर मरीज देख रहे हैं, जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहा है। स्थानीय लोगों और मरीजों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की उपलब्धता लगातार कम होती जा रही है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को या तो लंबा इंतजार करना पड़ता है या फिर उन्हें डॉक्टर के निजी क्लीनिक का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह स्थिति खासकर गरीब और ग्रामीण मरीजों के लिए बेहद परेशानी भरी साबित हो रही है। सूत्रों के अनुसार, नगर के विभिन्न मोहल्लों में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के निजी क्लीनिकों के बोर्ड खुलेआम लगे हुए हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह सवाल उठने लगा है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस पर जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं। मेडिकल कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रियंका वर्मा की कार्यशैली भी अब चर्चा के केंद्र में है। लोगों का आरोप है कि उनके स्तर से सख्त कार्रवाई न होने के कारण चिकित्सकों के हौसले बुलंद हैं। हालांकि, इस मामले में कॉलेज प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इधर, जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में विलय के बाद स्थिति और जटिल हो गई है। पहले जहां जिला अस्पताल में कुछ हद तक व्यवस्थाएं नियंत्रित थीं, वहीं अब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए निजी संस्थानों का सहारा लेना पड़ रहा है। आशंका जताई जा रही है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में सरकारी अस्पतालों में मुफ्त या सस्ती चिकित्सा सुविधा का लाभ लेना मुश्किल हो जाएगा।

# जेबीएस इंस्टिट्यूट में भव्य कन्या भोज व पूजन हवन आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।बंदी का पुरवा स्थित जेबीएस इंस्टीट्यूट, में वासंतिक नवरात्रि के सप्तम दिवस को कन्या भोज एवं भजन-पाठ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में संस्थान परिवार के सभी सदस्यों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजन के साथ हुई, जिसमें संस्थान की प्रबंधक महोदया श्रीमती पूनम मैम जी ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका आदर-सत्कार किया गया एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भजन-पाठ का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



# 1991.11 करोड़ के 297 विकास कार्यों से बदला सरोजनीनगर का स्वरूप: डॉ. राजेश्वर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। विकसित सरोजनीनगर अभियान के अंतर्गत एलडीए द्वारा आयोजित संवाद, शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। विगत 4 वर्षों में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्यों ने नई दिशा और गति प्रदान की है। कुल 297 विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए 124 कार्यों का लोकार्पण एवं 171 कार्यों का शिलान्यास किया गया है। इन परियोजनाओं पर कुल ?1991.11 करोड़ व्यय किए गए हैं, जो सरोजनीनगर को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं आत्मनिर्भर मॉडल क्षेत्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के जीवन में प्रत्यक्ष परिवर्तन का प्रतीक है- बेहतर सड़कें, सुदृढ़ जल निकासी, स्वच्छ वातावरण, आधुनिक जनसुविधाएं और सुरक्षित आवास इसकी स्पष्ट झलक प्रस्तुत करते हैं। इन सभी कार्यों के माध्यम से सरोजनीनगर में मजबूत आधारभूत संरचना के साथ-साथ हरित ऊर्ज़ा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और स्मार्ट सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है।

सोलर पार्क, ईवी चार्जिंग स्टेशन और ग्रीन बेल्ट जैसी पहलें क्षेत्र को भविष्य के अनुरूप विकसित कर रही हैं, वहीं सड़क, नाले, पार्क और सामुदायिक केंद्र जैसी परियोजनाएं जनजीवन को सुगम और सुविधाजनक बना रही हैं।

इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहाः ल्लसरोजनीनगर का विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का एक सतत प्रयास है। हमारा लक्ष्य इसे एक आदर्श मॉडल क्षेत्र के रूप में स्थापित करना है, जहां आधुनिक सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और मजबूत आधारभूत संरचना का संतुलित विकास हो। उन्होंने आगे कहाः जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, और उसी विश्वास के साथ सेवा, संवाद और समाधान की यह विकास यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में सरोजनीनगर का यह विकास लखनऊ को ल्लनए उत्तर प्रदेशङ्क के एक सशक्त विकास मॉडल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## तालाब में डूबने से दो किशोर की मौत

सिद्धार्थनगर ।उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को तालाब से चूल्हे के लिए मिट्टी लेने गए दो किशोर की गहरे पानी डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रसोई गैस की किल्लत के कारण लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते इन दिनों ग्रामीण इलाकों में चूल्हे का उपयोग बढ़ गया है।


## सूचना



मै सूर्यभान वर्मा पुत्र फूल चन्द्र वर्मा निवासी पूरे रामसेवक गुदुनपुर परगना अमेठी तहसील गौरीगंज अमेठी का मूल निवासी है श्री मान प्रार्थी का कुछ दस्तावेजों में नाम सूर्यभान वर्मा और कुछ दस्तावेजों में शुभम अंकित है अर्थात दोनों ही नाम शपथी के है अतः मुझे इन दोनों ही नाम से जाना एवं पहचाना जाए ।

**प्रार्थी**

**सूर्यभान वर्मा उर्फ शुभम पुत्र फूल चन्द्र वर्मा निवासी पूरे रामसेवक गुदुनपुर परगना अमेठी तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी**

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप सीरीज का मोरक्को में आगाज
## 43 देशों के 270 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

एजेंसी



नई दिल्ली । इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फ़ेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप सीरीज का 25 मार्च से आगाज हो चुका है। भारत की 12 सदस्यीय टीम साल के पहले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। मोरक्को के टैंजियर में 3 अप्रैल तक होने वाली इस प्रतियोगिता में 43 देशों के 270 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जहां पांच ओलंपिक शॉटगन स्पर्धाओं में पांच स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला होगा। इसमें मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं, जो एक लंबे और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सीज़न से पहले अपनी तैयारियों को परखने के लिए उत्सुक हैं।

पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाज सबसे पहले मैदान में उतरेंगे, जहां क्वालिफिकेशन राउंड के पहले 75 शॉट्स शुक्रवार (27 मार्च 2026) को खेले जाएंगे। इसके बाद अगले 50 शॉट्स और फाइनल अगले दिन आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का अंतिम फाइनल ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट होगा, जो 2 अप्रैल 2026 को खेला जाएगा। भारतीय शॉटगन टीम ने पिछली बार पूरी टीम के रूप में पिछले साल एथेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था, जहां सीनियर खिलाड़ी जोरावर सिंह संधू ने पुरुष ट्रैप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। भारतीय टीम सोमवार को ही मिस्र के काहिरा होते हुए टैंजियर पहुंची। खिलाड़ियों ने आधिकारिक स्थल टैंजियर शूटिंग क्लब रेंज में अनौपचारिक अभ्यास सत्र भी कर लिया है। स्कीट निशानेबाजों के लिए आधिकारिक प्री-इवेंट ट्रेनिंग गुरुवार (26 मार्च 2026) को निर्धारित है। स्कीट प्रतियोगिताओं से पहले राष्ट्रीय कोच विक्रम चोपड़ा ने कहा, ल्लहम जल्दी इसलिए आए ताकि यहां के माहौल के अनुसार खुद को ढाल सकें और क्योंकि टीम लंबे समय बाद इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रही है। ट्रेनिंग कड़ी और सकारात्मक रही है, लेकिन एक महत्वपूर्ण साल की शुरुआत में अपनी तैयारी को परखने के लिए विश्वस्तरीय प्रतियोगिता से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। हमें उम्मीद है कि हम मोरक्को में साल की सकारात्मक शुरुआत करेंगे। टैंजियर में पुरुष स्कीट में भारत की उम्मीदों का जिम्मा अनुभवी खिलाड़ी मन सिंह और परम्पाल सिंह गुरोन के कंधों पर होगा, जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया टीम को पूरा करेंगे। मन सिंह, जो पूर्व एशियाई चैंपियन हैं, तीन साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि परम्पाल ने आखिरी बार 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

# महिला क्रिकेट: न्यूजीलैंड ने पांचवें टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 4-1 से जीती सीरीज

एजेंसी



क्राइस्टचर्च ।अमेलिया केर के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को पांचवें टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 92 रनों से हराकर सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। हैगले ओवल में खेले गए इस मुकाबले में केर ने 55 गेंदों पर 105 रनों की तूफानी पारी खेलने के साथ गेंदबाजी में भी दो विकेट झटके। इस शानदार प्रदर्शन के लिए अमेलिया केर को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इसाबेला गेज जल्दी आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर और जॉर्जिया प्लिमर ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 45 रनों की साझेदारी की। हालांकि तुमी सेखुखुने ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया, लेकिन केर ने आक्रामक अंदाज जारी रखा। अमेलिया केर ने सुने लूस और तुमी सेखुखुने पर लगातार चौके जड़ते हुए रन गति तेज की। इसके बाद ब्रूक हॉलिडे के साथ मिलकर 73 रनों की अहम साझेदारी की। अंतिम ओवरों में केर ने तेज रन बटोरते हुए टीम का स्कोर 20 ओवर में 194/6 तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका और तुमी सेखुखुने ने तीन-तीन विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही। लिया ताहुहु और सोफी डिवाइन ने पावरप्ले में ही शीर्ष क्रम को झकझोर दिया और टीम 40 रन पर 4 विकेट गंवा बैठी। एनेरी डर्कसन ने 23 रन बनाकर संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी अमेलिया केर ने आउट कर दिया। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका और पूरी टीम 20 ओवर में 102/9 तक ही पहुंच सकी।

संक्षिप्त स्कोरकार्डः न्यूजीलैंड ऽ 20 ओवर में 194/6 (अमेलिया केर 105, जॉर्जिया प्लिमर 27; अयाबोंगा खाका 3/32, तुमी सेखुखुने 3/32). दक्षिण अफ्रीका ऽ 20 ओवर में 102/9 (एनेरी डर्कसन 23; लिया ताहुहु 3/15, अमेलिया केर 2/6) परिणाम ऽ न्यूजीलैंड 92 रनों से विजयी

# संक्षिप्त समाचार

## इलाहाबाद पब्लिक स्कूल और किड्स प्रयागराज क्लब विजयी


प्रयागराज। इलाहाबाद पब्लिक स्कूल और किड्स प्रयागराज क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर पांचवीं केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के आदर्श सिंह (101 रन, 69 गेंद एवं दो विकेट) और किड्स प्रयागराज क्लब के राघव दूबे (115 रन, 80 गेंद) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर बुधवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 236 रन बनाए। जवाब में वीएस क्लब की टीम 30 ओवर में 8 विकेट पर 160 पर पर सिमट गई।
गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर किड्स प्रयागराज क्लब ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 243 रन बनाए। जवाब में आशीष नेहरा क्लब की टीम 28.2 ओवर में 154 रन पर सिमट गई। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेट प्रशिक्षक देवेश मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आयोजन सचिव विपिन कुमार यादव ने बुके देकर उनका स्वागत किया। संचालन क्रिकेट कोच सचिन प्रकाश सिंह ने किया।

## सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप : भारतीय टीम के लिए अगले स्तर की तैयारी का अच्छा मौका : महेश गावली

माले (मालदीव) । सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप भारतीय युवा फुटबॉल टीम के लिए अगले स्तर की तैयारी का अहम मंच साबित हो सकती है। भारतीय अंडर-20 पुरुष टीम के मुख्य कोच महेश गावली ने टूर्नामेंट को युवा खिलाड़ियों के विकास और सीनियर टीम की ओर उनके संक्रमण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण बताया है।
मालदीव की राजधानी माले में आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम पूरी तरह तैयार है। टीम को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला 26 मार्च को पाकिस्तान और 28 मार्च को बांग्लादेश से होगा। दोनों मैच नेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 4:15 बजे खेले जाएंगे। ग्रुप ए में मेजबान मालदीव के अलावा श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमें शामिल हैं। ग्रुप चरण के बाद शीर्ष दो टीमें 1 अप्रैल को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि फाइनल मुकाबला 3 अप्रैल को खेला जाएगा। मुख्य कोच महेश गावली, जो भारतीय सीनियर टीम के सहायक कोच भी हैं, ने अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) को दिये साक्षात्कार में कहा कि उनका लक्ष्य जूनियर और सीनियर टीम के बीच निरंतरता बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि अंडर-20 स्तर पर ही खिलाड़ियों को पेशेवर मानकों और टीम की खेल शैली से परिचित कराना जरूरी है, ताकि वे आगे के स्तर पर आसानी से खुद को ढाल सकें।
गावली के अनुसार, अंडर-20 टीम सीनियर टीम के भविष्य निर्माण की अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की निर्णय लेने की क्षमता, खेल की समझ और निरंतर प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे वे अंडर-23 और सीनियर टीम में प्रभावी योगदान दे सकें।
खेल शैली को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि टीम सरल लेकिन प्रभावी सिद्धांतों पर काम कर रही है। खिलाड़ियों को तेज और सटीक निर्णय लेने, डिफेंस में अनुशासन बनाए रखने और ट्रांजिशन में तेजी लाने पर जोर दिया जा रहा है।
उनका उद्देश्य खिलाड़ियों को हाई-इंटेंसिटी फुटबॉल के लिए तैयार करना है।
टूर्नामेंट में टीम से अपेक्षाओं पर गावली ने कहा कि प्रतिभा के साथ-साथ दबाव में

# एआईएफएफ ने ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन को यूथ डेवलपमेंट पार्टनर नियुक्त किया

एजेंसी



नई दिल्ली । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत में अंडर-16 फुटबॉल को मजबूत करने के उद्देश्य से ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीएसएफ) के साथ बहुवर्षीय साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत डीएसएफ को आधिकारिक यूथ डेवलपमेंट पार्टनर नियुक्त किया गया है। इस साझेदारी के साथ ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप अब केवल एक मजबूत युवा फुटबॉल प्लेटफॉर्म नहीं रह जाएगी, बल्कि इसे एक संरचित राष्ट्रीय विकास प्रणाली के रूप में विकसित किया जाएगा, जो भारत के युवा फुटबॉलरों के लिए स्पष्ट प्रगति का मार्ग तैयार करेगी। यह साझेदारी एआईएफएफ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता संरचना को डीएसएफ की युवा विकास विशेषज्ञता के साथ जोड़ती है, जिससे देशभर में ग्रासरूट फुटबॉल को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक सुसंगत विकास मार्ग तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन, ड्रीम स्पोर्ट्स का स्पोर्ट्स डेवलपमेंट विंग है, जो भारत की अग्रणी स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी कंपनी है। इस समझौते के तहत एआईएफएफ जूनियर लीग के क्षेत्रीय चरण राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफिकेशन का मार्ग बने रहेंगे, जबकि डीएसएफ राष्ट्रीय चरण में प्रदर्शन विश्लेषण, खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यशालाएं, तथा फैनकोड पर लाइव स्ट्रीमिंग जैसी सुविधाओं के माध्यम से संरचना को और मजबूत करेगा। अंडर-16 एआईएफएफ जूनियर लीग के राष्ट्रीय फाइनल को अब ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डीएससी) के नाम से जाना जाएगा। ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सीईओ नील शाह ने कहा, ल्लहम एआईएफएफ के साथ साझेदारी कर बेहद उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य भारत के भविष्य के फुटबॉल सितारों के लिए बेहतर अवसर और मंच उपलब्ध कराना है। पिछले दो वर्षों में ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप ने दिखाया है कि सही मंच, कोचिंग और प्रतिस्पर्धा मिलने पर युवा खिलाड़ी कितनी तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। एआईएफएफ के साथ मिलकर हम इस प्रभाव को और बड़े स्तर पर ले जाना चाहते हैं। एआईएफएफ के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल एम. सत्यनारायण ने कहा, ल्लभारत में युवा फुटबॉल तेजी से विकसित हो रहा है। हमारी लीग में अधिक अकादमियां जुड़ रही हैं और अंडर-17 टीम ने एएफसी अंडर-17 एशियन कप के लिए क्वालीफाई किया है। ऐसे में ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन का सहयोग हमें आगे बढ़ने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन देगा और हमारे खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने में मदद करेगा।

## सीजन के अंत में लिवरपूल छोड़ेंगे मोहम्मद सालाह, भावुक संदेश में किया ऐलान

नई दिल्ली । मोहम्मद सालाह ने मंगलवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि वह मौजूदा सत्र के अंत में लिवरपूल फुटबॉल क्लब को छोड़ देंगे। सालाह ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में अपने विदाई संदेश की शुरुआत करते हुए इस फैसले की पुष्टि की।

33 वर्षीय सालाह ने कहा, ल्लदुर्भाग्य से यह दिन आ गया है। यह मेरी विदाई का पहला हिस्सा है। मैं इस सत्र के अंत में लिवरपूल छोड़ दूंगा।

उन्होंने क्लब, शहर और प्रशंसकों के साथ अपने गहरे जुड़ाव को याद करते हुए इसे अपने जीवन का अहम हिस्सा बताया।

सालाह लिरपूल के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 435 मैचों में 255 गोल किए हैं और इस सूची में केवल इयान रश और रोजर हंट उनसे आगे हैं।

2017 में क्लब से जुड़ने के बाद उन्होंने दो प्रीमियर लीग खिताब, चैंपियंस लीग, एफए कप, सुपर कप, क्लब विश्व

# साई पैरेंटरल्स लिमिटेड का आईपीओ बोली के दूसरे दिन 41 फीसदी सब्सक्राइब

एजेंसी

मुंबई। साई पैरेंटरल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को बोली के दूसरे दिन 0.41 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी ने इससे पहले एंकर निवेशकों से 122.6 करोड़ रुपये जुटाये हैं। स्टॉक एक्सचेंजों पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक आईपीओ को 75,22,486 इक्विटी शेयरों की पेशकश के मुकाबले 30,82,788 इक्विटी शेयरों के लिए बोलियां मिलीं है। आंकड़ों के अनुसार गैर-संस्थागत निवेशक (एनआईआई) 1.01 गुना सब्सक्राइब किया गया है, जबकि योग्य संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) और खुदरा निवेशक हिस्से क्रमशः 0.60 गुना और 0.05 गुना सब्सक्राइब हुआ है। साई पैरेंटरल्स लिमिटेड का यह इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 24 मार्च को खुला, जो 27 मार्च को बंद हो जाएगा। ये आईपीओ 285 करोड़ रुपये तक का एक नया इश्यू है। इसमें निवेशकों के लिए 3,157,880 शेयरों का 'ऑफर-फॉर-सेल' (ओएफएस) भी शामिल है। इसके निवेशक विकासा इंडिया ईआईएफआई फंड, तिलोकचंद पूनमचंद ओस्तवाल, देवेंद्र चावला, भंवर लाल चांदक, आशीष माहेश्वरी, श्रीलेखा गांटा, पद्मा गुंटुपल्ली, विजय गोंडी, भौतिक मुकुंद शाह और नीलेश प्रवीणचंद्र हैं। साई पैरेंटरल्स लिमिटेड विविध फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन कंपनी है, जिसके पास रिसर्च, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग की क्षमताएं हैं।

# दिल्ली के श्याम लाल कॉलेज ने जीता पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली के श्याम लाल कॉलेज ने गत चैंपियन मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 7-1 से पराजित कर पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है।

विजेता टीम के लिए प्रत्युष सिंह जग्गी और पंकज ने दो-दो गोल किए। नंद किशोर, नवीन और मन मोहन ने एक- एक गोल किया। खालसा कॉलेज के लिए रुशिल ने एकमात्र गोल किया। श्याम लाल कॉलेज के खिलाड़ी के. रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में उप निदेशक (खेल), दिल्ली शिक्षा निदेशालय जफर इकबाल, मशहूर कॉमेंटेटर एस सुनील, पद्मश्री सम्मानित डॉ रवि चतुर्वेदी, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता व हॉकी इतिहासकार के अरुमुगम तथा श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स की डायरेक्टर इंदरप्रीत कौर ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पदक प्रदान किए। पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ीसर्वश्रेष्ठ गोलकीपरः मोहम्मद कामिल (श्याम लाल कॉलेज) सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरः सौरभ (खालसा कॉलेज) सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डरः सागर (हंसराज कॉलेज) सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्डः प्रत्युष सिंह जग्गी (श्याम लाल कॉलेज, सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी)टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः राहुल शर्मा (खालसा कॉलेज)पोटेंशियल अनलीश्ड टीम पुरस्कारः हंसराज कॉलेज पूर्व हॉकी खिलाड़ी जफर इकबाल ने सभी खिलाड़ियों से लगातार मेहनत करते रहने की अपील करते हुए हॉकी को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

## हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार में डबल नॉमिनेशन से आत्मविश्वास से भरे प्रिंस दीप ने कहा- इससे मेरे मन के कई संदेह दूर हुए

एजेंसी

नई दिल्ली । हॉकी इंडिया के 8वें वार्षिक पुरस्कार 2025 में 'गोलकीपर ऑफ द ईयर' और 'अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 पुरुष)' के लिए नामित होने वाले प्रिंस दीप सिंह के लिए यह उपलब्धि सिर्फ एक सम्मान नहीं, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बड़ा मोड़ है। प्रिंस ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ल्लमैं बहुत खुश और गर्व महसूस कर रहा हूं। आमतौर पर ऐसे अवॉर्ड के लिए समय लगता है, लेकिन मुझे जल्दी मौका मिला। इससे मेरे मन के कई संदेह दूर हुए और अब लगता है कि मैं सही दिशा में हूं।ङ्क

युवा गोलकीपर ने अपने अब तक के सफर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा दबाव में खुद को साबित करने की कोशिश की है। जूनियर वर्ल्ड कप में अहम मुकाबलों को याद करते हुए उन्होंने कहा, ल्लऐसे मैचों में टीम का भरोसा बहुत मायने रखता है। जब साथियों ने मुझ पर विश्वास जताया, तो मेरा आत्मविश्वास और बढ़ गया और मैं टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर सका। प्रिंस ने बताया कि उनका करियर गोलकीपर के रूप में शुरू नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, ल्लमैं शुरुआत में डिफेंडर था, लेकिन फुटबॉल खेलते समय गोलकीपिंग करता था। वहीं मेरे कोच ने मेरी काबिलियत पहचानी और मुझे हॉकी में गोलकीपर बनने के लिए कहा। वहीं से मेरी असली यात्रा शुरू हुई। गोलकीपिंग को मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण बताते हुए प्रिंस ने कहा, ल्लइस पोजीशन पर हमेशा दबाव रहता है- चाहे दर्शकों का हो या मैच की स्थिति का। मैं मैच से एक दिन पहले ही मानसिक तैयारी शुरू कर देता हूं। मैदान पर लगातार संवाद बनाए रखना मुझे नियंत्रण में रखता है। सीनियर टीम में अभी तक पदार्पण नहीं करने के बावजूद दिग्गज गोलकीपर्स के साथ नामांकन पर उन्होंने कहा, ल्लभारत में गोलकीपर्स की मजबूत प्रतिस्पर्धा है। ऐसे खिलाड़ियों के बीच नाम आना मेरे लिए बहुत खास है और इससे मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बारा विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- दिनांक 25/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बारा विकास खंड हैदरगढ़ में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईंट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 26 मार्च 2026 से 02 अप्रैल 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 03 अप्रैल 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय अमिलहरा में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश-7.84 लाख<br>आईसीडीएस-2 लाख<br>ग्राम निधि-2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लाख | 100/- |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय बारा में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश-7.84 लाख<br>आईसीडीएस-2 लाख<br>ग्राम निधि-2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लाख | 100/- |

**आवश्यक शर्तें एवं नियमावली**

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय-समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बारा
विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी

सचिव
ग्राम पंचायत बारा
विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत मंझार विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पत्रांक- दिनांक 25/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंझार विकास खंड त्रिवेदीगंज में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईंट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 26 मार्च 2026 से 02 अप्रैल 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 03 अप्रैल 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कंपोजिट विद्यालय मंझार में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश-7.84 लाख<br>आईसीडीएस-2 लाख<br>ग्राम निधि-2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लाख | 100/- |

आवश्यक शर्तें एवं नियमावली

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय-समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मंझार
विकास खंड त्रिवेदीगंज, बाराबंकी


सचिव
ग्राम पंचायत मंझार
विकास खंड त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

# देश में राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और संपर्क का मजबूती इकोसिस्टम बनाया जा रहा है: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और संपर्क को ध्यान में रखकर देश में एक व्यापक इकोसिस्टम विकसित कर रहा है।

श्री सिंह ने आज यहां यहां बीआरओ पर रक्षा मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की । बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रक्षा, अवसंरचना विकास तथा रणनीतिक पहलों से संबंधित मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।



सीमाओं के साथ मजबूत अवसंरचना की आवश्यकता पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि बीआरओ राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और संपर्क को समाहित करने वाला एक व्यापक इकोसिस्टम विकसित कर रहा है। उन्होंने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र तथा वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाने के लिए बीआरओ के प्रयासों की सराहना की, जिससे सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास में योगदान मिला है।

उन्होंने कहा, ''बीआरओ ने रक्षा बलों की गतिशीलता को सुगम बनाया है और निवासियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य किया है।'' उन्होंने कहा कि लगभग 1,600 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा के साथ अवसंरचना विकसित करने का कार्य भी बीआरओ को सौंपा गया है, जो सीमा प्रबंधन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

बैठक में सीमा सड़क विकास कार्यक्रम 2023-28 के तहत हुई प्रगति पर भी चर्चा की गई, जिसके अंतर्गत सीमा संपर्क को और सुदृढ़ करने के लिए नए निर्माण, उन्नयन और रखरखाव कार्यों सहित 1,000 से अधिक सड़क और अवसंरचना परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस नेटवर्क के माध्यम से दूरस्थ और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी सभी मौसमों में संपर्क सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे परिचालन गतिशीलता और रक्षा तैयारियां मजबूत हो रही हैं।

'प्रौद्योगिकी के उपयोग' के महत्वपूर्ण पहलू की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बीआरओ उच्च ऊंचाई उपकरण, मॉड्यूलर पुलों और प्रीकास्ट प्रौद्योगिकी जैसी तकनीकों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए आधुनिक निर्माण तकनीकों को तेजी से अपना रहा है। उन्होंने कहा, ''बीआरओ ने अपने कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों में वृद्धि की है। यह दर्शाता है कि हम भविष्य के लिए तैयार अवसंरचना का निर्माण कर रहे हैं।'' उन्होंने बीआरओ को बजटीय समर्थन, आधुनिक उपकरणों और उनके कर्मियों के कल्याण से संबंधित पहलों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। महानिदेशक सीमा सड़क लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ने सदस्यों को बीआरओ की भूमिका, प्रमुख उपलब्धियों, कठिन भूभाग और अत्यधिक जलवायु परिस्थितियों में आने वाली चुनौतियों तथा आपदा प्रबंधन में इसके योगदान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। वर्ष 1960 में स्थापित बीआरओ ने 64,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों, 1,179 पुलों, 22 हवाई पट्टियों और 07 सुरंगों का निर्माण किया है, जिससे सीमा क्षेत्रों में परिचालन तत्परता और सामाजिक-आर्थिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बीआरओ द्वारा निष्पादित प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं और उत्तरी सीमा के साथ सड़कों के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। समिति को बताया गया कि सीमा अवसंरचना विकास ने परिचालन तैयारियों में सुधार किया है और सीमा क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को तेज किया है, जो विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण में योगदान दे रहा है। अफगानिस्तान, भूटान, म्यांमार और ताजिकिस्तान जैसे मित्र देशों में परियोजनाओं के निष्पादन में बीआरओ की भूमिका भी बताई गई। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी के कामत, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, पूर्व सैनिक कल्याण सचिव सुकृति लिखी, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) राज कुमार अरोड़ा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला आरक्षण, परिसीमन का मुद्दा सरकार का विफलता छिपाने का प्रयास : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार अचानक करीब ढाई साल बाद महिला आरक्षण लागू कर परिसीमन की बात करने लगी है जिससे साफ है कि उसका यह कदम अपनी विफलताओं और पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उपजे ईंधन संकट से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कहा कि सितंबर 2023 में नए संसद भवन का उद्घाटन 'नारी वंदन अधिनियम, 2023' यानी महिला आरक्षण विधेयक पारित करके किया गया था जिसके तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में भी महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया। इन दोनों आरक्षणों को परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू किया जाना था। उन्होंने सरकार को याद दिलाते हुए कहा कि जब नारी वंदन अधिनियम, 2023 पर संसद में बहस चल रही थी, तब कांग्रेस ने मांग की थी कि इसे 2024 के लोकसभा चुनाव से ही लागू किया जाए लेकिन मोदी सरकार ने जवाब देते हुए कहा था कि यह संभव नहीं है, क्योंकि पहले परिसीमन और जनगणना दोनों का काम पूरा होना आवश्यक है। अब 30 महीने बाद अचानक सरकार बिना परिसीमन और जनगणना कराए ही आरक्षण लागू करना चाहती है। श्री रमेश ने व्यंग्यात्मक लहज़े में कहा, ''प्रधानमंत्री जन ध्यान भटकाने वाले हथियार चलाने में माहिर हैं। वे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं और अब फिर वही कर रहे हैं। अपनी विदेश नीति की विफलताओं और झटकों से तथा देश के सामने खड़े एलपीजी और ऊर्जा संकट से ध्यान हटाने के लिए वे यह नई पहल लेकर आए हैं। इसका पूरा राजनीतिक लाभ लेने के लिए उन्होंने संकेत दिया है कि अगले पखवाड़े में नारी वंदन अधिनियम, 2023 में आवश्यक संशोधन पारित करने के लिए संसद का विशेष दो-दिवसीय सत्र बुलाया जाएगा।' उन्होंने बताया कि विपक्षी दलों ने मोदी सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि पहले 29 अप्रैल को मौजूदा विधानसभा चुनावों का दौर पूरा होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए, जिसमें प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा की जा सके। मोदी सरकार लोकसभा और विधानसभा की सीटों की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की भी योजना बना रही है। इस पर भी गंभीर विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

# आंध्र प्रदेश में आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 12 संदिग्ध गिरफ्तार

## हैदराबाद से भी एक महिला गिरफ्तार

एजेंसी

हैदराबाद/विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर चलाए गए एक बड़े संगठित अभियान में संदिग्ध आतंकी संबंधों वाले 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में हैदराबाद की एक 35 वर्षीय महिला को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, हैदराबाद के चंचलगुडा रोड स्थित ज़ायका होटल के पास रहने वाली सईदा बेगम पर देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस सेल और विजयवाड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने हैदराबाद पुलिस की मदद से उसके घर पर छापेमारी कर पहले हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे विजयवाड़ा ले जाया गया। हैदराबाद पश्चिम जोन के एसीपी एन.एस.वी.के. दुर्गा राव ने बताया कि सईदा बेगम की गिरफ्तारी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोपों के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश में पहले गिरफ्तार किए गए तीन संदिग्धों के आधार पर आगे बढ़ाई गई। इन आरोपितों में विंचपेट निवासी मोहम्मद रहमतुल्ला शरीफ (बाइक टैक्सी चालक), भावानीपुरम के मोहम्मद दानिश (लेजर मार्किंग पेशेवर) और महंथीपुरम के मिर्ज़ा सोहेल बेग (रेस्तरां कर्मचारी) शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, रहमतुल्ला शरीफ सोशल मीडिया के माध्यम से एक विदेशी हैंडलर 'अल-हकीम शुकूर' के संपर्क में आया था। आरोप है कि इस हैंडलर ने उसे जिहादी गतिविधियों के लिए उकसाया और बिहार के शादमान दिलकश तथा हैदराबाद की सईदा बेगम के साथ मिलकर काम करने की सलाह दी।

जांच में सामने आया है कि ये सभी लोग प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट से जुड़े नेटवर्क के संपर्क में थे और कथित तौर पर जिहादी गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान सहित कई राज्यों में एक साथ छापेमारी की गई। इस दौरान कुल 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें आंध्र प्रदेश के तीन लोग भी शामिल हैं। एक खुफिया अधिकारी के अनुसार, विभिन्न राज्यों में समन्वित कार्रवाई के जरिए चरमपंथी नेटवर्क से जुड़े इन संदिग्धों को पकड़ने में सफलता मिली है। फिलहाल सभी आरोपितों से पूछताछ जारी है और मामले की जांच जारी है।

# सभी नागरिकों के लिए समान कानून भाजपा की प्राथमिकता : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता रही है कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले।

गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होने पर श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह भाजपा का स्थापना से ही संकल्प रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। मुझे हर्ष है कि उत्तराखंड के बाद अब गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने का ऐतिहासिक कार्य कर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और इस विधेयक को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले, यह हमारी प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है।

# स्वदेशी सर्च इंजन विकसित किए जाने की मांग उठी राज्यसभा में

एजेंसी

नयी दिल्ली। गूगल जैसे विदेशी सर्च इंजनों पर निर्भरता कम करने और देश को डिजिटल संप्रभुता के मामले में मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी सर्च इंजन विकसित करने की मांग बुधवार को राज्यसभा में की गई।

कांग्रेस के नीरज डांगी ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि अभी सारी दुनिया ऊर्जा की आपूर्ति के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर है लेकिन पश्चिमी एशिया संकट के कारण उसके बंद होने के चलते सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति ऊर्जा के क्षेत्र में एकाधिकार के कारण उत्पन्न हुई है। हमें इससे सबक लेते हुए अपनी डिजिटल संप्रभुता के संरक्षण के लिए अपना स्वदेशी सर्च इंजन विकसित करना चाहिए जिससे कि हमारी विदेशी सर्च इंजनों पर निर्भरता न हो। उन्होंने कहा कि यदि हम समय रहते अपना सर्च इंजन नहीं बनाएंगे तो आने वाले समय में हम डिजिटल मुसीबत में फंस सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका गूगल को निर्देश देकर भारत के डेटा की मांग कर सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस बारे में श्वेत पत्र लाकर अपनी योजना सबके सामने रखनी चाहिए। कांग्रेस की रंजीत रंजन ने खाद्य पदार्थ के पैकेटों पर उसमें बंद सामग्री के बारे में सरल भाषा में जानकारी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में वसा, नमक और चीनी निश्चित से अधिक मात्रा मिलाए जाते हैं जिसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक अध्ययन के अनुसार देश में 10 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से ग्रसित है। हर चौथा व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में वसा, नमक और चीनी की अधिक मात्रा इसके प्रमुख कारणों में शामिल है। उन्होंने पैकेटों पर सरल भाषा में यह जानकारी लिखे जाने की मांग की कि उनमें किस पदार्थ की मात्रा कितनी है। इसके लिए उन्होंने लाल, पीले और हरे रंग के कोड छापने का भी सुझाव दिया। भारतीय जनता पार्टी की धर्मशीला गुप्ता ने बिहार के दरभंगा जिले में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की मांग की। भाजपा के ही डीबी महादिक ने महाराष्ट्र में किसानों को घटिया बीज और उर्वरक की आपूर्ति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे किसानों को बेवजह नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के बालयोगी उमेशनाथ ने उज्जैन में महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर वहां सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की मांग की। उन्हीं के पार्टी के डॉक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल ने नंबरों की दौड़ में शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होने का मुद्दा उठाया।

# पेज एक का शेष

### यूपीडा ने चार कंपनियों...

निवेशकों को रियासती दरों पर पूर्व-विकसित औद्योगिक भूमि रेडी-टू-मूव आधारभूत संरचना के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। कुछ मामलों में पाया गया कि आवंटन के काफी समय बाद भी भूखंडों पर भौतिक प्रगति संतोषजनक नहीं रही। यूपीडा ने नियमों से संबंधित दायित्वों के तहत आवंटित भूखंडों की अनुपालन स्थिति की व्यापक समीक्षा की थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

### जल जीवन मिशन...

रामपुर, अमित कुमार को शामली से बाराबंकी, चन्द्र बोध त्यागी को मैनपुरी से आजमगढ और जूनियर इंजीनियर अजय कुमार को कौशांबी से आजमगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य सरकार हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते हैं तो बर्खास्तगी का भी एक्शन लिया जाएगा।

### पीछे हटने को ...

जैसा कोई व्यक्ति तुम्हारे जैसे व्यक्ति से कभी समझौता नहीं करेगा–ना अभी, ना कभी। ज़ुल्फिकारी ने ट्रंप के सीजफायर दावे को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं चल रही है। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा, क्या आपके अंदरूनी मतभेद इतने बढ़ गए हैं कि आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं? उन्होंने अमेरिका की रणनीति को रणनीतिक विफलता बताया और कहा कि अपनी हार को समझौते का नाम देना सही नहीं है। ईरान ने साफ किया कि जब तक उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विचार पूरी तरह खत्म नहीं होता, तब तक हालात सामान्य नहीं होंगे। साथ ही, ईरानी पक्ष का कहना है कि क्षेत्र में स्थिरता उनकी सैन्य ताकत से ही बनी रहेगी। दूसरी ओर, अमेरिका ने मध्य-पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने का ऐलान किया है। 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के करीब 1,000 सैनिकों को भेजा जा रहा है, साथ ही मरीन यूनिट्स की तैनाती भी बढ़ाई जा रही है। इससे क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की संख्या और बढ़ेगी। इस बीच पाकिस्तान ने मध्यस्थता की कोशिश करते हुए 15-सूत्रीय योजना पेश की है, जिसका उद्देश्य वाशिंगटन और तेहरान के बीच बातचीत फिर से शुरू कराना है। लगातार हमलों के कारण हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं–एक तरफ हवाई हमलों से ईरान प्रभावित हुआ है, तो दूसरी ओर ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों ने इज़राइल और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

### बिना भेदभाव...

मानकर योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि इस पुनर्वास योजना में दलित, पिछड़े, जनजातीय समुदाय समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी और जातिवाद के आधार पर समाज को बांटने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में माफिया, गुंडागर्दी और दंगों का माहौल रहता था, जिससे विकास बाधित होता था। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है और सभी त्योहार शांति व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। नवरात्रि और आगामी रामनवमी के आयोजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर परिवार को सुरक्षित आवास, मूलभूत सुविधाएं और बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने भविष्य को सशक्त बना सकें।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद...

अर्जी दे सकता सकता है।यह फैसला सुनाने के दौरान शंकराचार्य के वकीलों ने कहा- योर ऑनर इस पर भी कहें कि कोई बच्चों को लेकर घूमने लगता है, कोई यात्रा के दौरान बयानबाजी करता है। इसे भी रोका जाए। इस पर अदालत ने कहा कि इसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यौन उत्पीड़न केस में 27 फरवरी को शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। तब न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा था कि फैसला आने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं होगी। शंकराचार्य पुलिस की जांच में सहयोग करेंगे। अदालत में शंकराचार्य का पक्ष वकील पीएन मिश्रा ने रखा था, जबकि राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल पेश हुए थे। शिकायतकर्ता आशुतोष महाराज की वकील रीना सिंह ने भी दलीलें रखी थीं। शंकराचार्य ने बटुकों के यौन उत्पीड़न मामले में 24 फरवरी को अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी

### भारत के पास...

सात नये समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर राज्यसभा में अपनी ओर से वक्तव्य देते हुए कहा था कि तीन सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है तथा इस युद्ध ने विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। मोदी ने सोमवार को लोकसभा में कहा था कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया और एकजुटता का भाव प्रदर्शित किया। बैठक का मक़सद सभी राजनीतिक दलों को स्थिति की जानकारी देना और एक साझा रणनीति पर चर्चा करना था। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वैश्विक हालात और पश्चिम एशिया के संकट पर विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि जिस तरह से पश्चिम एशिया में संकट बढ़ रहा है उसे देखते हुए सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केवल तृणमूल कांग्रेस ने भाग नहीं लिया। श्री रिजिजू ने कहा कि खुद उन्होंने दो बार अनुरोध किया, लेकिन तृणमूल कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि वे कहीं और यात्रा पर जा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से तारिक अहमद और मुकुल वासनिक, जेडीयू से ललन सिंह और संजय झा बैठक में शामिल हुए। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार ने बैठक में भ्रम की स्थिति का सरकार ने स्पष्ट रूप से स्पष्टीकरण कर दिया। इसका परिणाम रहा कि बैठक के अंत में विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसी कठिन और चुनौतीपूर्ण स्थिति में हम सभी को एकजुट रहना होगा। बैठक में क्या माहौल था इस पर श्री रिजिजू ने कहा ''मेरा मानना है कि सरकार द्वारा आज इस सर्वदलीय बैठक में दी गई विस्तृत जानकारी और प्रश्नों के उत्तर के बाद मेरा विश्वास है कि पूरा विपक्ष संकट के समय एकजुट होकर खड़ा रहेगा। एक तरह से, मैंने सभी विपक्षी दलों में एकजुटता की भावना भी देखी। मुझे लगता है कि विपक्षी दल ने बैठक के अंत में यह कहकर परिपक्वता दिखाई है कि किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में वे सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के साथ खड़े रहेंगे। कई सदस्य होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से गैस और पेट्रोलियम आपूर्ति के विवरण जानना चाहते थे लेकिन विपक्षी सदस्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से संतुष्ट थे।'' गौरतलब है कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर बयान देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भारतीय संसद को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।

### भारत में ईंधन का...

अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। बीपीसीएल ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। बीपीसीएल पूरी तरह संचालन में है और निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और भारत इन ईंधनों का शुद्ध निर्यातक है। कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। कंपनी ने बताया कि उसकी सभी रिफाइनरी, डिपो और पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराकर ईंधन की अनावश्यक खरीद न करें। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी कहा कि देश की सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर चल रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देशभर में सभी खुदरा ईंधन आउटलेट सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी देखी गई, जिससे पेट्रोल पंपों पर असामान्य भीड़ हुई। सरकार ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और आश्वस्त किया है कि देशभर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।''

### सरकार ने आव्रजन...

योजना को 1800 करोड़ रुपये की लागत से अगले पांच वर्ष 2031 तक जारी रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मंजूरी आगामी एक अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक के लिए दी गयी है और इसके लिए 1800 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

आईवीएफआरटी प्लेटफॉर्म देश में आव्रजन, वीजा जारी करने और विदेशियों के पंजीकरण से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने का काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और एकीकृत सेवा वितरण ढांचे के भीतर आव्रजन और वीजा सेवाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन करना है। इसका लक्ष्य वैध यात्रियों को सुविधा प्रदान करना और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। इस परियोजना को वर्ष 2010 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 1011 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के साथ सितंबर 2014 तक की अवधि के लिए मंजूरी दी थी। वर्ष 2015 में परियोजना का बजट संशोधित कर 638.90 करोड़ रुपये किया गया और कार्यान्वयन अवधि को 31 मार्च 2017 तक बढ़ाया गया, तथा बाद में बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव के इसे 31 मार्च 2021 तक बढ़ाया गया। संशोधित कुल प्रावधान 638.90 करोड़ रुपये की तुलना में 613.28 करोड़ रुपये का व्यय किया गया। वर्ष 2021 से तक पाँच वर्षों की अवधि के लिए परियोजना के विस्तार को मंत्रिमंडल द्वारा 1365 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के साथ स्वीकृति दी गई। यह योजना मौजूदा योजना के दायरे और क्षमता का विस्तार और सुदृढ़ीकरण करेगी जिसमें न केवल मौजूदा संरचना का पुनर्गठन शामिल है, बल्कि उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी समाधान भी शामिल किए गए हैं। वैश्विक यात्रा की बदलती मांगों को पूरा करने और उभरती राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए इस परियोजना का आधुनिकीकरण आवश्यक है। हाल ही में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025 के लागू होने तथा उसके नियमों और आदेशों के बाद, आव्रजन नियंत्रण और विदेशी प्रबंधन (जिसमें अवैध प्रवासन शामिल है) के क्षेत्र में उभरती आवश्यकताओं और भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए इस प्रणाली को सुदृढ़ और आधुनिक बनाना अनिवार्य हो गया है। इस परियोजना की निरंतरता केवल एक तकनीकी उन्नयन नहीं है, बल्कि विश्वस्तरीय आव्रजन और वीजा प्रणाली के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता को बढ़ावा देने की भारत सरकार की दृष्टि के अनुरूप एक रणनीतिक परिवर्तन है। अगले चरण में तीन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिसमें उभरती तकनीकी नवाचार, मूलभूत अवसंरचना का रूपांतरण और तकनीक एवं सेवा का अनुकूलन शामिल है। यह योजना उभरती तकनीकों को अपनाकर, जिनमें मोबाइल आधारित सेवाएं और स्व-सेवा कियोस्क शामिल हैं, निर्बाध और सुरक्षित यात्री आवागमन सुनिश्चित करते हुए आव्रजन और वीजा पारिस्थितिकी तंत्र का आधुनिकीकरण करेगी। यह देशभर में इमिग्रेशन पोस्ट,एफआरआरओ और डेटा केंद्रों में मूलभूत अवसंरचना का उन्नयन और विस्तार करेगी, जिससे एक सुदृढ़ और विस्तार योग्य प्रणाली विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त, यह एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म, मूल अनुप्रयोग संरचना का पुनर्गठन, तथा नेटवर्क और तैनाती ढांचे को मजबूत करके तकनीक और सेवा वितरण का अनुकूलन करेगी, जिससे दक्षता और उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार होगा तथा वैध यात्रियों को सुविधा मिलेगी और राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ होगी। यह सेवा निरंतरता बनाए रखने और भविष्य में भारत में अधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नवीन तकनीकी समाधान अपनाने में सहायक होगा। इससे पर्यटन, चिकित्सा और व्यापार क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। आईवीएफआरटी प्रणाली के कारण व्यवसाय में सुगमता, सुविधा और सुरक्षा आश्वासन के चलते बड़े आर्थिक लाभ संभव हुए हैं। पर्यटन, व्यापार, वाणिज्य, सेवा उद्योग विशेषकर विमानन और आतिथ्य उद्योग को इस प्रणाली से व्यापक लाभ हुआ है।

# सीसीपीए ने होटलों और रेस्टोरेंट में एलपीजी शुल्क लगाने से जुड़ी अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए जारी की एडवाइजरी

## रेस्तरां की ओर से गलत चार्ज वसूलने पर सख्त, एलपीजी चार्ज जोड़ने पर सीसीपीए की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने होटलों एवं रेस्तरां में ल्लएलपीजी शुल्कङ्क एवं इसी तरह के अन्य शुल्क लगाने संबंधी अनुचित व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इस प्रथा को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार करार दिया गया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि सीपीए ने उपभोक्ता बिलों में ''एलपीजी शुल्क'', ''गैस सरचार्ज'' और ''ईंधन लागत वसूली'' जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले होटलों और रेस्तरांओं का कड़ा संज्ञान लिया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने इस प्रथा को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत एक अनुचित व्यापार व्यवहार करार दिया है।

मंत्रालय ने कहा कि सीसीपीए ने यह देखते हुए कि सेवा शुल्क पर मौजूदा दिशा-निर्देशों से बचने के लिए ऐसे शुल्क डिफ़ॉल्ट रूप से लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 10 के तहत एक नई एडवाइजरी जारी किया है, जिसमें निर्देश दिया गया है कि ऐसा कोई भी शुल्क स्वचालित रूप से नहीं वसूला जाएगा, और चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। कोई भी होटल या रेस्तरां बिल में ''एलपीजी शुल्क'', ''गैस शुल्क'' या इसी तरह के शुल्क डिफ़ॉल्ट रूप से या स्वचालित रूप से नहीं वसूलेगा। मेनू में प्रदर्शित कीमत ही अंतिम कीमत होगी, जिसमें केवल लागू कर अलग से जोड़े जा सकते हैं। उपभोक्ताओं को गुमराह नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें किसी ऐसे अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाएगा जो स्वैच्छिक प्रकृति का नहीं है।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण का यह परामर्श आगे दोहराता है कि ऐसे किसी भी शुल्क को, चाहे उसका नाम कुछ भी हो, सेवा शुल्क या अतिरिक्त शुल्क की प्रकृति का माना जाएगा। इन्हें डिफ़ॉल्ट रूप से वसूलना 04 जुलाई, 2022 के सीसीपीए दिशा-निर्देशों का उल्लंघन माना जाएगा, जिसके लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। सीसीपीए ने उपभोक्ताओं से कहा कि होटल या रेस्तरां से बिल से शुल्क हटाने का अनुरोध कर सकते हैं। 1915 पर कॉल करके या एनसीएच मोबाइल ऐप के माध्यम से राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ई-जाग्रति पोर्टल के माध्यम से संबंधित उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा जिला कलेक्टर को या सीधे सीसीपीए को शिकायत सौंप सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सीसीपीए देश भर में ऐसी प्रथाओं की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

होटलों और रेस्तरां द्वारा अनुचित या अनधिकृत शुल्क लगाने सहित किसी भी उल्लंघन से उचित तरीके से निपटा जाएगा, और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए अधिनियम के प्रावधानों के तहत सीसीपीए द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। (यह परामर्श केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है)।

# 'शीश महल' जनता के साथ विश्वासघात, मंत्री प्रवेश ने सदन में पेश किया खर्चों का प्रिंटिंग पेपर रोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के दौरान बुधवार को कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए तथाकथित ल्लशीश महलङ्क के निर्माण को लेकर पिछली आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार पर जनता के साथ विश्वासघात का आरोप लगाया। उन्होंने सदन में याद दिलाया कि शुरुआत में सादगी का वादा किया गया था..न सरकारी बंगला, न गाड़ी, न सुरक्षा, लेकिन सत्ता में आने के सिर्फ 20 दिनों के भीतर फ्लैगस्टाफ रोड का बंगला आवंटित कर लिया गया। 20 दिन के भीतर ही दिल्ली की जनता को गुमराह किया गया। सादगी का वादा, विलासिता में बदल गया। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कोविड काल के दौरान जनता की पीड़ा और इस निर्माण के बीच स्पष्ट अंतर बताया। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में लोग ऑक्सीजन के लिए भटक रहे थे, अस्पतालों के चक्कर लगा रहे थे, तब मुख्यमंत्री की महल की एक ही फाइल अति आवश्यक' थी। उन्होंने बताया कि 11 वर्षों में पानी, सीवर, प्रदूषण या कोविड से जुड़ी किसी भी फाइल को यह प्राथमिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि न ऑक्सीजन के लिए, न आईसीयू के लिए, न जान बचाने के लिए– सिर्फ महल के लिए अति आवश्यक' लिखा गया। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कोविड के लिए 787.91 करोड़ रुपये दिए गए, लेकिन उसका पूरा उपयोग नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जान बचाने के लिए मिला पैसा पूरा खर्च नहीं हुआ, लेकिन एक बंगले की लागत 7 करोड़ से बढ़कर 58 करोड़ हो गई मंत्री प्रवेश साहिब ने आज सदन में एक लंबी प्रिंटिंग पेपर रोल सदन में दिखाई, जिसमें खर्चों की पूरी सूची थी, जैसे-जैसे वह रोल खुलती गई, वैसे-वैसे खर्चों का दायरा सामने आता गया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लिस्ट नहीं है, यह गलत प्राथमिकताओं का रिकॉर्ड है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहित राज ने गेट की परीक्षा में मारी बाजी,आल इंडिया में आया 130वां रैंक

पूर्वी चंपारण । महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी का छात्र रोहित राज ने गेट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए माता–पिता अपने गुरु सहित जिले का नाम रौशन किया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कम्प्यूटर साइंस से बैचलर कर रहे रोहित को आल इंडिया में 130वां रैंक मिला है। उनके इस सफलता पर उनके माता– पिता के अलावा मामा मोतिहारी नगर निगम के उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद , डॉ शत्रुघ्न कुमार , डा इशिप्ता, गीता कुमारी सहित परिजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वर से की है। मोतिहारी के जीवन पब्लिक स्कूल से अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है। इस सफलता के लिए उन्होंने अपने यूनिवर्सिटी के विभागीय एचओडी डा विकास पारिक का विशेष आभार व्यक्त किया है , जिनके सानिध्य में वर्षों कड़ी मेहनत करते हुए राहुल ने सफलता हासिल की है।

### पूम रेलवे के दीनदयाल से धनबाद जंक्शन तक 180 किमी प्रति घंटे की गति से सफलतापूर्वक किया गया स्पेशल ट्रेन का ट्रायल

डेहरी आन सोन। पूर्व मध्य रेल (पूमरे) द्वारा रेल परिचालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मिशन रफ्तार के तहत आज महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व में ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड के पं दीनदयाल उपाध्याय जं. से धनबाद जं. तक 180 किमी प्रति घंटे तक की गति के साथ स्पेशल ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न की गयी । यह पूर्व मध्य रेल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस स्पीड ट्रायल के सफलापूर्वक संपन्न होने के साथ ही पूर्व मध्य रेल की उपलब्धियों में एक और अध्याय जुड़ गया है। यह रेलवे की तकनीकी क्षमता को दर्शाता है, साथ ही यह भविष्य में तेज़ और सुरक्षित यात्रा का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।
पूर्व मध्य रेल यात्रियों के संरक्षित परिचालन हेतु कृतसंकल्प है । इसके तहत बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ फेंसिंग किया जा रहा है । इनमें प्रधानखंटा से धनबाद, नेसुबो गोमो, कोडरमा, गया,डेहरी आन सोन,सोननगर होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक 412 किलोमीटर रेलखंड में फेंसिंग का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ इस रेलखंड पर कवच की स्थापना का भी कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है।
इस दौरान पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. से गया तक पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना तथा गया से धनबाद तक धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कुंभ मेला 2027: पुलिस और अग्निशमन कर्मियों के लिए बनेंगी आधुनिक बैरकें

हरिद्वार । कुंभ मेला–2027 की ड्यूटी के दौरान तैनात सुरक्षा कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैरकों के निर्माण की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।
रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन में महिला पुलिसकर्मियों के लिए 100 बेड क्षमता की बैरक का निर्माण कराया जा रहा है। यह बैरक महिला कर्मियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की जा रही है। ऋषिकेश स्थित भद्रकाली पुलिस चौकी में भी पुलिसकर्मियों के लिए बैरक निर्माण का कार्य किया जा रहा है।
कुंभ मेला व्यवस्थाओं के तहत हरिद्वार में पुलिसकर्मियों के लिए 300 बेड क्षमता की एक बड़ी बैरक के निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इसके साथ ही अग्निशमन कर्मियों के लिए अलग से बैरकों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है, ताकि आपातकालीन सेवाओं में तैनात कर्मचारियों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें।
इसी क्रम में मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देश पर अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने संबंधित अधिकारियों की टीम के साथ बैरागी कैंप स्थित घोड़ा पुलिस लाइन तथा मायापुर स्थित फायर स्टेशन परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरकों के निर्माण के लिए उपलब्ध भूमि, पहुंच मार्ग, यातायात की सुगमता और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का गहन अध्ययन किया। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित स्थलों के संबंध में रिपोर्ट मेलाधिकारी को प्रस्तुत कर अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को भेजी जाएगी, ताकि निर्माण कार्य समय से पूरा कराया जा सके।
निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जे.आर. जोशी, अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कुमाऊं विश्वविद्यालय में शिक्षकों को पदोन्नति, कूटा ने दी बधाई

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय में कई शिक्षकों को पदोन्नति दी गई। डॉ. लज्जा भट्ट को संस्कृत में और डॉ. अशोक कुमार को पर्यटन अध्ययन विभाग में प्रोफ़ेसर बनाया गया है। वहीं डॉ. दीपा को भूगर्भ विज्ञान, डॉ. संतोष कुमार को शारीरिक शिक्षा, डॉ. पूनम बिष्ट को पत्रकारिता व डॉ. नीता आर्य को संस्कृत विषय में सह आचार्य पद पर पदोन्नति दी गई है। इसके अतिरिक्त डॉ. शशि पांडे को हिंदी विषय में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक के पद पर पदोन्नत किया गया है।
कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ–कूटा की ओर से अध्यक्ष डॉ. ललित तिवारी सहित डॉ. नीलू, डॉ. दीपक, डॉ. युगल जोशी, डॉ. कुबेर गिनती, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. शिवांगी, डॉ. अनिल बिष्ट तथा डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पदोन्नत शिक्षकों को बधाई दी है, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही कूटा ने स्थानीय भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा के उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने पर भी उन्हें बधाई दी है।

### चिलोली गांव में खुदाई के दौरान मिली प्राचीन मूर्तियां, पुरातत्व विभाग ने संभाला संरक्षण

पौड़ी गढ़वाल। जनपद के विकासखंड कल्जीखाल अंतर्गत किमोली–चिलोली गांव में एक पुराने जल स्रोत के सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान खुदाई में दो प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। प्राप्त मूर्तियों में एक भगवान गणेश की प्रतिमा है, जबकि दूसरी नाग से अलंकृत शिवलिंग की बताई जा रही है, जो धार्मिक व पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# जिला बार चुनाव की मतदान तिथि बदली, पहले दिन हुए 11 नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नैनीताल । जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के चुनाव की तिथि में परिवर्तन हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण चुनाव तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब जिला बार एसोसिएशन के लिये मतदान 1 अप्रैल को कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ हो गई है। पहले दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंदोला ने बताया कि अध्यक्ष पद पर हरिशंकर कंसल एवं अरुण बिष्ट एवं सचिव पद पर संजय सुयाल एवं अनिल बिष्ट ने दो-दो सेट में नामांकन किया।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर कमल चिलवाल एवं प्रमोद तिवाड़ी, संयुक्त सचिव पद पर नीरज गोस्वामी और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए प्रेमा आर्या, तारा आर्या, निर्मल कुमार तथा मोहम्मद बिलाल ने नामांकन पत्र जमा किए। उल्लेखनीय है कि विभिन्न पदों के लिए कुल 19 नामांकन फार्म खरीदे गये हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित की गई है।

इसके बाद 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी की प्रक्रिया तथा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 27 मार्च को प्रताप भैया सभागार में प्रातः 11 बजे से आम सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी प्रत्याशी अपने विचार, योजनाएं एवं प्राथमिकताएं अधिवक्ताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और संवाद का अवसर मिलेगा। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद बहुगुणा, शंकर चौहान, मुकेश कुमार एवं शिवांशु जोशी उपस्थित रहे।

### छेड़छाड़, बलात्कार के प्रयास व मारपीट में दो दोषियों को 3 वर्ष की कैद

हरिद्वार । सिडकुल थाना क्षेत्र के गांव में परचून की दुकान पर बैठी लड़की से छेड़छाड़, बलात्कार का प्रयास व मारपीट करने के मामले में एफटीएससी, अपर जिला जज चंद्रमणि राय ने दो आरोपी युवकों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आरोपी प्रदुम्न व अंकित को तीन तीन वर्ष के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 21 सितंबर 2023 को सिडकुल क्षेत्र के गांव में पीड़ित लड़की अपनी परचून की दुकान पर बैठी हुई थी। तभी वहां पर सामान लेने के बहाने पहुंचे आरोपी प्रदुम्न व अंकित ने लड़की से छेड़छाड़ के साथ बलात्कार करने की कोशिश की। तभी पीड़ित लड़की के विरोध व अपने परिजनों को बताने की बात कहने पर दोनों ने लड़की को चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पीड़ित के चिल्लाने पर हमलावर भाग गए थे। हमले में घायल लड़की को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ितों ने सिडकुल थाने में आरोपी प्रदुम्न व अंकित के खिलाफ जानलेवा हमला करने, छेड़छाड़ बालात्कार का प्रयास व विरोध करने पर मारपीट करने का केस दर्ज कराया था।

# नगर निगम का बजट मंथन: किराया बढ़ाने का फैसला टैक्स में 25 प्रतिशत छूट से जनता को राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी । नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 को लेकर अहम फैसले लिए गए हैं। नगर निगम सभागार में महापौर गजराज सिंह बिष्ट और नगर आयुक्त परितोष वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में बजट प्रस्तावों पर विचार करते हुए राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ करदाताओं को राहत देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में नगर निगम की आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगम के स्वामित्व वाली दुकानों के किराए में वृद्धि का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही विभिन्न नामांतरण प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं नव सम्मिलित क्षेत्रों के व्यवसायिक भवनों के लिए राहत भरा फैसला लेते हुए यह तय किया गया कि 31 मार्च 2026 से पहले संपत्ति कर जमा करने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा नगर निगम ने करदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक और बड़ा निर्णय लिया है। जिन भवन स्वामियों का 1 अप्रैल 2026 तक कोई बकाया नहीं होगा, उन्हें वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी 31 जुलाई 2026 तक भवन एवं स्वच्छता कर जमा करने पर 25 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम के इन फैसलों को एक ओर जहां राजस्व सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है, वहीं करदाताओं को दी गई छूट से आम जनता को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# मुख्यमंत्री धामी ने क्रिकेट खेलकर मंजुल सिंह मांजिला स्मृति अंतर क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून, । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में मंजुल सिंह मांजिला स्मृति अंतर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन उत्तरांचल प्रेस क्लब कर रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वयं मैदान पर उतरकर क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता तथा संघर्षशीलता जैसे गुणों का विकास होता है। राज्य सरकार प्रदेश में खेल सुविधाओं के विस्तार व खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

धामी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ल्लखेलो इंडियाङ्क और ल्लफिट इंडिया मूवमेंटङ्क जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन मिला है। इन पहलों से युवाओं को खेलों से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिल रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, विधायक उमेश शर्मा काऊ, निदेशक खेल डॉ. आशीष चौहान, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय सिंह राणा सहित क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# समृद्धि यात्रा: मुख्यमंत्री ने भोजपुर में 466 करोड़ की विकास योजनाओं का किया उद्घाटन–शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के तहत भोजपुर जिले को 466 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान 197 करोड़ रुपये की लागत से बनी 494 योजनाओं का उद्घाटन तथा 269 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 227 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री ने भोजपुर स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 100 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) के निर्माण कार्य (लागत 44.50 करोड़ रुपये) का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक भवन, अस्पताल भवन और चिकित्सक एवं कर्मचारी आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी जायजा लिया। उन्होंने जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं की गतिविधियों और उत्पादों की जानकारी ली तथा 29,112 स्वयं सहायता समूहों की जीविका दीदियों को 236 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इस मौके पर लाभुक महिलाओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे निरंतर आगे बढ़ें, सरकार हरसंभव सहयोग करती रहेगी। इस दौरान उन्होंने ''मुख्यमंत्री उद्यमी योजना'' के तहत 78 लाभुकों को 3 करोड़ 90 लाख रुपये का सांकेतिक चेक भी वितरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना, अंतर्जातीय विवाह योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों को भी सहायता प्रदान की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री आरा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति पहुंचे, जहां उन्होंने 57.85 करोड़ रुपये की लागत से किए गए जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं तथा कृषि उत्पादों की गुणवत्ता की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इसी परिसर में जीविका मार्ट सह प्रशिक्षण केंद्र भवन (लागत 29.99 लाख रुपये) का उद्घाटन किया और वहां की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे जीविका दीदियों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनके उत्पादों को उचित बाजार एवं मूल्य प्राप्त होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वादिका कैफ़े (लागत 20.75 लाख रुपये) का भी उद्घाटन किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### राज्यपाल ने श्री देव सुमन विवि के विकसित 'प्रज्ञान एआई चैटबॉट का किया लोकार्पण

देहरादून । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बुधवार को लोक भवन में श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के विकसित 'प्रज्ञानम्' एआई चैटबॉट का लोकार्पण किया। यह चैटबॉट विशेष रूप से वेद, उपनिषद, पुराण, प्राचीन भारतीय गणित, नाट्यशास्त्र, संगीत, आयुर्वेद, दर्शन एवं भारतीय विज्ञान जैसे विषयों पर आधारित विस्तृत डेटाबेस पर निर्मित है।

इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा वेद, पुराण उपनिषद और प्राचीन सभ्यता में निहित ज्ञान आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। 'प्रज्ञानम्' जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस अमूल्य ज्ञान को 21वीं सदी की आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह चैटबॉट न केवल जिज्ञासाओं का समाधान करेगा, बल्कि शोध आधारित और प्रमाणिक जानकारी देकर उपयोगकर्ताओं को भारतीय ज्ञान की गहराई से परिचित कराएगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063